# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 20 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 64 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित





नयी दिल्ली में धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम की शारीरिक शिक्षा एवं खेल अधिकारी डॉ. अनीता कुमारी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

# मानसून सत्र से पहले सियासी तकरार

## विपक्ष के वॉकआउट पर रिजिजू बोले- किसी के अधिकारों की अनदेखी नहीं कर सकते

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मानसून सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) को आमंत्रित करने के सरकार के फैसले का बचाव किया है। दरअसल तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने अलग होकर एनसीपीआई का गठन किया है। इन बागी सांसदों को बैठक में बुलाए जाने के विरोध में कई विपक्षी दलों ने सांकेतिक वॉकआउट किया था। हालांकि, अपना विरोध दर्ज कराने के बाद वे वापस बैठक में लौट आए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि सरकार ने पूरी तरह से संसदीय नियमों का पालन किया है। विपक्ष के विरोध पर सवाल



उठाते हुए उन्होंने कहा कि एनसीपीआई ने लोकसभा अध्यक्ष से मान्यता देने का अनुरोध किया है। आप इसे कैसे नजरअंदाज कर सकते हैं? सभी को आमंत्रित करना सरकार का कर्तव्य है। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र के लिए आठ बिल सूचीबद्ध किए गए हैं। इसके अलावा यदि कोई अन्य विधायी कार्य होता है, तो उसे संसदीय नियमों के अनुसार ही लिया जाएगा। रिजिजू ने सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में हर राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने बताया कि सरकार ने बैठक में विभिन्न दलों द्वारा रखे गए विचारों और सुझावों को गंभीरता से सुना है। विपक्ष के वॉकआउट पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि यह केवल एक सांकेतिक कदम था। उन्हें उम्मीद है कि सभी विपक्षी दल समझदारी से काम लेंगे और सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि संख्या बल के आधार पर चर्चा होती है, लेकिन किसी को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा एनसीपीआई बनाने वाले 20 बागी टीएमसी सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था को मंजूरी दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने यह वॉकआउट किया था। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सरकार के इस कदम पर तीखे सवाल उठाए। महुआ ने कहा कि स्पीकर ने अब तक इन बागी सांसदों के विलय को मंजूरी नहीं दी है और उनके खिलाफ अयोग्यता की याचिकाएं अभी भी लंबित हैं। उन्होंने तर्क दिया कि टेबल ऑफिस द्वारा दी गई सूची में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 28 बताई गई है। 91वें संशोधन के बाद किसी अलग गुट के लिए कोई जगह नहीं बचती। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्री ने इन 20 बागी सांसदों को किस आधार पर आमंत्रित किया? टीएमसी के वरिष्ठ नेता सौगत रॉय ने भी इस निमंत्रण पर कड़ी आपत्ति जताई।

# हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में स्टोर इंचार्ज की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ साइंस डेंटल कॉलेज ऑफ साइंस एंड हॉस्पिटल डेमोटांड में स्टोर में काम करने वाले विकास कुमार सिंह की हत्या कर दी गई। घटना 18 जुलाई की देर रात की बताई जाती है। बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत दरिहट थाना क्षेत्र के भस्वारा गांव का रहने वाला था। मृतक डेंटल कॉलेज में स्टोर इंचार्ज था। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। मृतक के रिश्तेदार ब्रजकुमार सिंह ने बताया कि विकास की हत्या रसोई में काम करने वाले गिरिडीह के पवन कुमार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेलवारा गांव के दशरथ यादव और अर्जुन नाम के व्यक्तियों ने की है। अस्पताल में काम करने वाले कर्मियों ने बताया कि मृतक सहित चारों लोगों ने एक साथ खाना पीना किया। चारों एक ही साथ रहते थे। रात में खाना खाने के बाद चारों एक कमरे में थे। सुबह में लोगों को जानकारी हुआ कि जिस कमरे में लोग सो रहे थे। उस कमरे में विकास कुमार का शव पड़ा हुआ था। साथ में खाना खाकर एक कमरे में रहनेवाला पवन और अर्जुन फरार है। इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है। हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है। पुलिस फिलहाल कुछ नहीं बता रही है। हॉस्पिटल के सेक्रेटी प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मृतक विकास कुमार सिंह संस्थान के स्टोरकीपर नहीं थे। वह कॉलेज परिसर में संचालित कैंटीन में स्टोरकीपर के रूप में कार्यरत थे। उक्त कैंटीन का संचालन पिछले एक वर्ष से एमएलसी प्राइवेट कंपनी के जिम्मे है। इसलिए मृतक का डेंटल कॉलेज के नियमित कर्मचारियों से कोई संबंध नहीं था। घटना की जांच पुलिस कर रही है और प्रबंधन जांच में पूरा सहयोग दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पर्शाघात से मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** तरहसी थाना अंतर्गत सेलारी गांव के सुखरो टोला में बीती रात खराब बिजली ठीक करने पोल पर चढ़े मिस्त्री की मौत हो गई। मिस्त्री का नाम सत्येंद्र महतो है। वह परसावा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार गांव में पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप थी। ट्रांसफर्मर में आई खराबी को दूर करने के लिए सत्येन्द्र को भेजा गया था। बताया जा रहा है कि काम शुरू करने से पहले शटडाउन लिया गया था लेकिन पोल पर चढ़कर मरम्मत के दौरान अचानक 11 हजार हाईटेंशन तार में करंट दौड़ गया जिससे उसकी बिजली पोल पर ही मौत हो गई।

### कार-बाइक की भिड़ंत, एक की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** बगोदर थाना क्षेत्र के अटका स्थित लच्छीबागी के समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पति-पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान लच्छीबागी निवासी ईश्वर मेहता और उनकी पत्नी इंद्री देवी के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों की तत्परता से दोनों घायलों को तुरंत बगोदर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल रेफर कर दिया।

### कौशल विकास केंद्र में कूक की गला रेतकर हत्या

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के भेलवाटांड में चल रहे मुख्यमंत्री कौशल विकास केंद्र में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गणेश कपरदार के रूप में हुई है, जो बंगाल के पुरलिया का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार युवक को मारी गोली, मौत

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बड़गड़ थाना क्षेत्र के सालो के जंगल में रविवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने मौके से तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा और मृतक की मोटरसाइकिल बरामद की है। मृत युवक की पहचान सिमडेगा जिले के दीपक कुजूर (35) के रूप में हुई है और युवक वर्तमान में रमकंडा थाना क्षेत्र के बरवा गांव स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। जानकारी के अनुसार दीपक अपनी मोटरसाइकिल से बड़गड़ से भंडरिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान ललमटिया मोड़ के पास अपराधियों ने उसे रोककर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए।

# कबाड़ी व्यवसायी की हत्या कर नदी में फेंका शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है जहां एक कबाड़ी व्यवसायी की हत्या कर शव को बड़े पत्थर से बांधकर कारो नदी में फेंक दिया गया। रविवार सुबह नदी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा निवासी 39 वर्षीय कुर्मान शेख के रूप में हुई है। वह गुवा बाजार और आसपास के इलाकों में घूम-घूमकर लोहे का कबाड़ खरीदने का काम करता था। पुलिस के अनुसार शव को जिस तरीके से पत्थर से बांधकर नदी में डाला गया उससे यह साफ है कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुर्मान शेख गुवा थाना क्षेत्र के हिरजीहाटिंग में अपने साथी अल्ताफ शेख के साथ किराये के मकान में रहता था। जानकारी के अनुसार उसका साथी अल्ताफ शनिवार दोपहर जनशताब्दी एक्सप्रेस से अपने घर मुर्शिदाबाद लौट गया था। कुर्मान को शनिवार रात करीब आठ बजे तक इलाके में देखा गया था जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। रविवार सुबह कारो नदी किनारे उसका शव बरामद हुआ। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि कुर्मान शेख की हत्या किसी भारी वस्तु या पत्थर से सिर पर वार कर की गई है। इसके बाद शव को पत्थर से बांधकर नदी में फेंक दिया गया ताकि पहचान छिपाई जा सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही मृतक के संपर्कों और हाल की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# इनामी माओवादी की निशानदेही पर एके-56 बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। हाल ही में गिरफ्तार 20 लाख रुपये के इनामी माओवादी रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू की निशानदेही पर पुलिस ने एक एके-56 स्वचालित राइफल, दो मैगजीन और 90 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस संबंध में लातेहार के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) संदीप कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी के बाद उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई जिसमें उसने कई नक्सली घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पूछताछ के दौरान मिली सूचनाओं के आधार पर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पहले भी रविंद्र गंझू की निशानदेही पर स्वचालित हथियार और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। ताजा अभियान



के दौरान पुलिस ने जंगल में छिपाकर रखी गई एक एके-56 राइफल, उसकी दो मैगजीन, 90 राउंड जिंदा कारतूस और एक काले रंग का पाउच बरामद किया। इस अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने किया। अभियान में बेतहर ओपी प्रभारी रितेश कुमार राव, बारेसाढ़ थाना प्रभारी शशि कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, रितेश तिग्गा, एसएटी-1, एसएटी-45, सीआरपीएफ तथा कोबरा 209 बटालियन के जवान शामिल रहे। लातेहार पुलिस ने इस बरामदगी को माओवादी संगठन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता बताया है। पुलिस का कहना है कि रविंद्र गंझू से पूछताछ में मिली जानकारियों के आधार पर आगे भी अभियान जारी रहेगा और क्षेत्र में माओवादी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने संताली फिल्म 'आंगेन' के राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर दी बधाई

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संताली फिल्म 'आंगेन' के निर्देशक रवि राज मुर्मू को राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर रविवार को बधाई दी। इस फिल्म ने 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में किसी निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म का पुरस्कार जीता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह पुरस्कार मिलना झारखंड से उभर रही 'असीम रचनात्मक प्रतिभा' को दर्शाता है और स्वदेशी कला, संस्कृति तथा सिनेमा के एक जीवंत केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती पहचान को और मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा द्धद मैं रवि राज मुर्मू को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता हूं। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतना न केवल उनके लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि झारखंड के लोगों और पूरे संताली भाषी समुदाय के लिए भी अत्यधिक गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'आंगेन' के जरिए राष्ट्रीय मंच पर संथाली भाषा, संस्कृति और किस्सागोई की समृद्ध परंपरा का प्रदर्शन किया है।

# श्रद्धालुओं को नहीं होनी चाहिए कोई परेशानी : डीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** सावन महीना शुरू होने से पहले उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को पहाड़ी मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां चल रहे विकास कार्यों और तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि सावन महीने में पहाड़ी मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन, पूजा-अर्चना जैसे अन्य सुविधाओं में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मंदिर तक जाने वाले सीढ़ी मार्ग, शौचालय निर्माण, पेवर ब्लॉक, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सभी निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि पहाड़ी मंदिर रांची वासियों की मुख्य आस्था का केन्द्र है। प्रत्येक सावन में




यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, रोशनी और भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं और दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सावन महीने के दौरान मंदिर परिसर में शीशे की किसी भी प्रकार की पूजन सामग्री का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। दुकानदार भी शीशे की बोतल या पात्र में पूजन सामग्री उपलब्ध नहीं कराएं ताकि किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से पहाड़ी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीओ कुमार रजत, सिटी एसपी पारस राणा, ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह, प्रशिक्षु आईएएस आस्था शरण, रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पहाड़ी मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे। मंदिर समिति की ओर से उपायुक्त और प्रशासनिक अधिकारियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान भी किया गया।

## जनगणना पदाधिकारियों के तबादले पर मार्च 2027 तक रोक

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में जनगणना 2027 के लिए नियुक्त जनगणना पदाधिकारियों के तबादले पर 31 मार्च 2027 तक के लिए रोक लगा दी गयी है। राज्य सरकार ने इससे संबंधित आदेश सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और उपायुक्तों को भेज दिया है। सरकार की ओर से भेजे गये आदेश में कहा गया है कि केंद्रीय गृह सचिव ने 31 मार्च 2027 तक जनगणना पदाधिकारियों के तबादले नहीं करने का आदेश दिया है। राज्य में भारत की जनगणना 2027 के लिए जनगणना पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इनका तबादला 31 मार्च 2027 तक नहीं करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जारी निर्देश के तहत राज्य की प्रशासनिक सीमाओं ( जिला, प्रखंड, पंचायत की सीमा) में भी 31 मार्च 2027 तक कोई बदलाव नहीं किया जायेगा। रोक का आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय और जनगणना निदेशालय के निर्देशों के तहत जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत लागू किया गया है।

# बैंक कर्मचारी को बिहार इओयू ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने कोडरमा में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने जिले के फुलवरिया बैंक ऑफ इंडिया शाखा के कर्मी अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी कर्मी पर वर्ष 2016 की नोटबंदी के दौरान कथित वित्तीय अनियमितता का आरोप है। ईओयू के अनुसार नोटबंदी के समय अरविंद कुमार गया शाखा में पदस्थ था। उसी दौरान उस पर अवैध वित्तीय लेन-देन में संलिप्त होने का आरोप है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई लंबे समय से चल रही जांच के बाद की गई है। जांच के दौरान कई संदिग्ध बैंकिंग लेन-देन सामने आए थे। आरोपी अरविंद कुमार बिहार के दानापुर स्थित पंचवटी नगर का निवासी है। मामले की शुरुआत गया निवासी राजेश कुमार की शिकायत से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके बैंक खाते का उपयोग उनकी जानकारी के बिना किया गया और इसके जरिए लाखों रुपए का लेन-देन किया गया। इस संबंध में गया के सिविल लाइन थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रारंभिक जांच में मामला गंभीर पाया गया जिसके बाद इसे आर्थिक अपराध इकाई को सौंप दिया गया। जांच के दौरान ईओयू ने बैंकिंग दस्तावेजों, खातों के विवरण और संदिग्ध ट्रांजैक्शन की गहन पड़ताल की। इसी क्रम में अरविंद कुमार की भूमिका संदिग्ध पाई गई।


# जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं : वित्त मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एक बार फिर अधिकारियों के कामकाज और व्यवहार पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संबंध में मंत्रिमंडल एवं समन्वय विभाग के अपर मुख्य सचिव और झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। मंत्री ने पत्र में कहा है कि कई अधिकारी जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों का समय पर जवाब नहीं देते। कई बार फोन कॉल भी रिसीव नहीं करते। कुछ अधिकारी मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते हैं। उनका कहना है कि ऐसे अधिकारियों के व्यवहार में अहंकार साफ दिखाई देता है। राधाकृष्ण किशोर ने याद दिलाया कि वर्ष 2021 में



मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए थे। सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों का समयबद्ध जवाब देने और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करने को कहा गया था। बावजूद शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में अधिकारियों द्वारा सरकारी निर्देशों की अनदेखी चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से जारी शिष्टाचार संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाए। पत्र में मंत्री ने चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा होती रही तो विधायिका और कार्यपालिका के बीच दूरी बढ़ेगी। इसका असर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़ेगा। राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि इस संबंध में 18 जनवरी 2021 और 28 जून 2021 को भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे। उन्होंने परिपत्र संग्रह पुस्तिका का भी उल्लेख किया है। बावजूद कई अधिकारी जनप्रतिनिधियों के पत्रों और सूचनाओं को गंभीरता से नहीं लेते। मंत्री ने पत्र में यह भी लिखा है कि मुख्य सचिव स्तर से निर्देश दिए जाने के बाद भी कई अधिकारी जनप्रतिनिधियों से फोन पर उचित तरीके से बात नहीं करते। गौरतलब है कि हाल ही में मंत्री ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद किया था। अपने पत्र के अंत में वित्त मंत्री ने कहा है कि यदि अधिकारियों का यही रवैया जारी रहा तो राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रणाली की जड़ें कमजोर हो सकती हैं।



C M Y K

# क्षेत्रीय कार्यकर्ता परीक्षा को जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम से किया मॉनिटरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि की निगरानी जिला नियंत्रण कक्ष कंट्रोल रूम से लगातार की जा रही है, ताकि किसी भी सूचना या शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव के निर्देश पर कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा गया है। सभी परीक्षा केंद्रों से नियमित रूप से सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है तथा परीक्षा के प्रत्येक चरण की सतत




मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या शिकायत मिलने पर संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और कदाचारमुक्त संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी केंद्राधीक्षकों, स्टेटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेटों, पुलिस पदाधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी और समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशासन ने भरोसा जताया कि सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के समन्वित प्रयास से परीक्षा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न कराई जाएगी।

## शहरी क्षेत्र के 185 मतदान केंद्रों पर बीएलओ तैनात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 अभियान के तहत गिरिडीह जिला प्रशासन ने शहरी क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंचाने और शत-प्रतिशत प्रपत्र संग्रह सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रामनिवास यादव के निर्देश पर गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के 185 मतदान केंद्रों पर बीएलओ गणना प्रपत्रों के साथ मौजूद हैं, ताकि जिन मतदाताओं ने अब तक फॉर्म नहीं भरा है, वे आसानी से प्रपत्र प्राप्त कर भरकर जमा कर सकें।अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं जिला प्रशासन टेंपो के माध्यम से माइकिंग कर अंतिम तिथि, आवश्यक दस्तावेज और प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दे रहा है।

# चैताडीह वाटर प्लांट खराब, कई इलाकों में पेयजल संकट : राजेश सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** चैताडीह वाटर प्लांट में तकनीकी खराबी आने से गिरिडीह शहर के कई इलाकों में अगले दो से तीन दिनों तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहने की आशंका है। इसे लेकर भाकपा-माले नेता राजेश सिन्हा ने नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल तकनीकी कमजोरी को दशार्ता है। उनका कहना था कि यदि समय रहते आधुनिक उपकरण और आवश्यक मोटर लगाए जाते तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता था सिन्हा ने कहा कि प्लांट की खराबी से चैताडीह, भंडारीडीह, कृष्णा नगर, पचंबा समेत दर्जनों इलाकों के लोग प्रभावित होंगे।




उठाते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया राजेश सिन्हा ने शनिवार को चैताडीह वाटर प्लांट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्लांट कर्मियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्लांट की खराबी की सूचना केवल सीमित स्तर पर दी गई, जबकि नगर निगम को व्यापक स्तर पर लोगों को पहले से सूचित करना चाहिए था।

उन्होंने यह भी कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य स्त्रोतों से जलापूर्ति की कोशिश की जानी चाहिए थी उन्होंने आरोप लगाया कि चैताडीह प्लांट से टंकियों तक पानी पहुंचने में करीब 15 घंटे लगते हैं, जो व्यवस्था की उन्होंने नगर विकास विभाग और नगर निगम से सभी वाटर प्लांटों एवं जल टंकियों की नियमित मरम्मत और सफाई कराने की मांग की उन्होंने नगर निगम के जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के प्रति गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है हालांकि, नगर निगम की ओर से इस मामले में विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। प्लांट की मरम्मत का कार्य जारी है और इसके पूरा होने के बाद ही जलापूर्ति सामान्य होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बरही के छह केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई जेएसएससी की परीक्षा

**बरही (नवबिहार टाइम्स संवाददाता )।** झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को बरही प्रखंड के छह परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। विभिन्न केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अधिकारियों ने लगातार निरीक्षण कर सुरक्षा एवं परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने बताया कि बरही के छह परीक्षा केंद्रों पर कुल 1,920 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें से 537 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1,383 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल उपस्थिति लगभग 28 प्रतिशत दर्ज की गई। प्रशासन की ओर से सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने तथा परीक्षा को निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने



के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार की सूचना नहीं मिली। केंद्रवार उपस्थिति के अनुसार डीएवी पब्लिक स्कूल में 336 में से 87, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में 216 में से 61, बॉयज मिडिल स्कूल में 288 में से 71, प्लस टू हाई स्कूल में 420 में से 153, इंटर कॉलेज में 264 में से 61 तथा रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में 396 में से 104 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया, जिससे परीक्षा व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी।

### बारिश में टूटा आशियाना, अब किराये का ठिकाना भी खतरे में

**बरही (नवबिहार टाइम्स संवाददाता )।** जमीन के एक छोटे भूभाग में रहने वाली प्रखंड के राजगढ़ बरसोत निवासी रेखा देवी आज भी स्थायी आवास के लिए संघर्ष कर रही हैं। उनके पुत्र अमर केसरी ने बताया कि परिवार को अब तक किसी सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। कई बार सर्वे किए जाने के बावजूद आवास उपलब्ध नहीं



हो सका है। पानी के कारण उसका आशियाना गिर गया । उसने यह भी बताया कि घर की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। वह दिहाड़ी मजदूर करने बाहर आए है । मां, पिता और छोटी बहन गांव में ही एक व्यक्ति के घर निःशुल्क रह रही हैं। अब मकान मालिक द्वारा घर खाली करने को कहा जा रहा है, जिससे परिवार के सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है।उसके पिता दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मामले को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जरूरतमंद परिवार को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वास्तविक पात्र परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ मिलना चाहिए। इस संबंध में स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी ने बताया कि रेखा देवी का नाम प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया था। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भी उनका नाम भेजा गया था। उन्होंने बताया कि आवास स्वीकृत हो चुका है, लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण भुगतान लंबित है। राशि प्राप्त होते ही लाभुक को भुगतान कर दिया जाएगा। मुखिया ने यह भी बताया कि मकान खाली कराने की जानकारी उन्हें नहीं है। यदि ऐसी स्थिति सामने आती है तो पंचायत स्तर पर आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा। इस सम्बन्ध में उन्हें जानकारी दी जानी चाहिए थी ।

### करंट की चपेट में आने से मौत, गांव में मातम

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता )।** बिजली दुरुस्त कराने के दौरान करंट के चपेट में आने से एक बिजली मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक मानव बल बोची पावर सबस्टेशन के 11 केबी के ताराबाड़ी फीडर में मानव बल के रूप में कार्यरत था। मृतक बिजली मिस्त्री सदर प्रखंड के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत किस्मत खवासपुर पंचायत के वार्ड संख्या 15 अंतर्गत मोमिन टोला पलासी निवासी मो. अजीम उर्फ फटकन के 42 वर्षीय पुत्र मो. रुस्तम अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इधर विभाग के कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार ने बताया की बिभाग के द्वारा नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन लि. कंपनी के अंतर्गत एजेंसी के तहत मृतक रुस्तम अंसारी कार्यरत था। बताया कि जिसे ईएसआई फंड से मृतक के परिजन को प्रावधान के मुताबिक मुआवजा दिलाने की बात कही।

### परमान नदी में दो युवतियां डूबीं, एक का शव बरामद, दूसरी की तलाश जारी

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता )।** जिले के जोकीहाट प्रखंड के महलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत भंसिया पंचायत के महाजाली गांव में परमान नदी में डूबने से दो युवतियों के लापता होने की घटना ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। हादसे के दूसरे दिन रविवार को भी प्रशासन, एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर दूसरी युवती की तलाश में लगातार अभियान चलाते रहे, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। एक ही गांव की दो बेटियों के साथ हुए इस दर्दनाक हादसे से महाजाली गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार शनिवार को महाजाली गांव की दो युवतियां नदी पार कर रही थीं। इसी दौरान नदी की तेज धारा और गहरे पानी की चपेट में आने से दोनों डूब गईं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू किया गया। प्रशासन को सूचना मिलने के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुंची। डूबी युवतियों में 15 वर्षीय नुजहत, पिता याकूब, का शव पनार नदी में बहकर अररिया थाना क्षेत्र के दियारी घाट के समीप मिला।

स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन की संयुक्त कोशिश से शव को नदी से बाहर

# बीएलओ के साथ समाजसेवियों ने मतदाताओं से भरवाए गणना प्रपत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) अभियान के तहत शनिवार को वार्ड संख्या 9 में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड पार्षद संगीता कुमारी एवं समाजसेवी रमेश सिन्हा ने बीएलओ के साथ मिलकर मतदाताओं को रक्फ़ गणना प्रपत्र भरवाने में सहयोग किया इस दौरान मतदाताओं को एसआईआर अभियान की जानकारी दी गई तथा पात्र मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेजों के साथ गणना प्रपत्र भरवाए गए। लोगों से अपील की



गई कि वे समय पर अपना प्रपत्र जमा कर मतदाता सूची में अपना नाम सही एवं अद्यतन सुनिश्चित करें वार्ड पार्षद संगीता कुमारी ने कहा कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार 18 एवं 20 जुलाई को विशेष शिविर महिला कॉलेज मै आयोजित किए गए हैं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। वहीं समाजसेवी रमेश सिन्हा ने भी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर एस आईआर अभियान को सफल बनाने की अपील की शिविर में बीएलओ सहित स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने के लिए सभी ने सहयोग किया।

# उभरती युवा गायिका सोनी चंद्रवंशी को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के झंडा मैदान में रविवार को उभरती युवा गायिका स्वर्गीय सोनी चंद्रवंशी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। संगीत जगत से जुड़े कलाकारों, गायकों, म्यूजिशियन और कला प्रेमियों ने एकत्र होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि सोनी चंद्रवंशी ने अपनी मधुर आवाज और प्रतिभा के दम पर कम समय में गिरिडीह सहित पूरे क्षेत्र में अलग पहचान बनाई थी। वह कला संगम की दो बार की विजेता रहीं और कई एल्बमों व स्टेज कार्यक्रमों में अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों का दिल जीता। उनकी प्रतिभा लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही थी और वे जिले का नाम रोशन कर रही थीं उपस्थित कलाकारों ने कहा कि सोनी चंद्रवंशी का असमय निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी मधुर आवाज, सरल स्वभाव और संगीत के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भले ही सोनी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके गीत और उनकी यादें हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी श्रद्धांजलि सभा में मोहन तुरी, संजय भारती, रवि राज, अक्षय राज, दीपराज राणा, गौतम सागर राणा, आरकेआर आर्यन, पंकज ऑर्गन, सुरेंद्र पैड, जावेद, सिंगर राम कुमार, अनिल अकेला, आशीष दास, छोटू पंडित, अंगद, टी-सीरीज कलाकार किशोर कुणाल मिश्रा, प्रदीप राजा, कुमोद, भरत तथा पत्रकार राजदीप आर्यन सहित बड़ी संख्या में कलाकार, संगीत प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमित कुमार गुप्ता बने अध्यक्ष, मनीष बर्नवाल ने संभाली सचिव की जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रोटरी क्लब गिरिडीह का 69वां पदस्थापना समारोह शनिवार को होटल संगम गार्डन में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह में रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए रोटेरियन अमित कुमार गुप्ता ने अध्यक्ष तथा रोटेरियन मनीष बर्नवाल ने सचिव पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग थीं, जबकि असिस्टेंट गवर्नर रवि चूड़ीवाला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में महापौर प्रमिला मेहरा एवं उपमहापौर सुमित कुमार भी शामिल हुए निवर्तमान अध्यक्ष पियूष मुसद्दी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा करते हुए उत्कृष्ट



सेवा कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि रोटरी के नए संदेश "क्रिएट लस्टिंग इम्पैक्ट " को आधार बनाकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण और युवा विकास के क्षेत्र में सेवा कार्यों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने रोटरी नेत्र चिकित्सालय, डायलिसिस सेंटर, फिजियोथेरेपी सेंटर, सहेली सेंटर, एम्बुलेंस एवं शव वाहन सेवा सहित क्लब की स्थायी परियोजनाओं को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया मुख्य अतिथि अनु नारंग ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी मानवता की सेवा का वैश्विक अभियान है और "सर्विस एबॉवे सेल्फ " की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही संगठन का उद्देश्य है। उन्होंने रोटरी गिरिडीह के सेवा कार्यों की सराहना की समारोह का संचालन संतोष अग्रवाल ने किया। विजय सिंह ने स्वागत भाषण दिया, जबकि प्रकाश सहाय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों तथा बड़ी संख्या में रोटरी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों की उपस्थिति रही।

# मुरहू में साप्ताहिक ध्मानाभ्यास का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा मुरहू में ऋषिकेश आश्रम के स्वामी गंगाधर जी महाराज के सानिध्य में सप्ताहिक ध्यान साधना शिविर का समापन रविवार को धूमधाम से किया गया। स्तुति, विनती के पश्चात स्वामी गंगाधर जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि मानव शरीर,यह संसार सब बंधन है और इसी बंधन में फंसकर मनुष्य दुःख पाता है। सत्संग में ध्यान साधना भक्ति के द्वारा मुक्ति का मार्ग बताया जाता है। आज हमारा जीवन बहुत तेज है.काम का तनाव, घर की चिंता. दिमाग कभी खाली नहीं होता।गुरु से भक्ति की युक्ति जानकर मन एकाग्रचित कर ध्यान करने से सारे विकार समाप्त हो जाते हैं। ध्यान कोई धर्म नहीं है, ये अध्यात्म मार्ग के साथ साथ विज्ञान है मन का, तलवार को धार देने के लिए हम उसे पत्थर पर घिसते हैं. वैसे ही मन को तेज और शांत करने के लिए ध्यानाभ्यास है। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि सत्संग स्वच्छ पानी है ध्यानाभ्यास साबून है,हम सत्संग और ध्यान से अपने मन के मैल को समाप्त कर सकते हैं, जिससे जीवन के दुःखों का अन्त हो जाता है।



लाहिरी बाबा, राम बाबा,अचल बाबा, मुरलीधर ब्रह्मचारी, दिगंबर बाबा, सोमनाथ ब्रह्मचारी आदि ने भी जीवन मे सत्संग और ध्यानाभ्यास को सब के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय सत्संगी, मूचीराय मुंडा,मंगल मुंडा,ध्रुवेंन्द्र भास्कर, सूरजमल प्रसाद,जूरन मुंडा, जगमोहन पुर्ति,देवमन पुर्ति, बीरु कुमार, डब्लू भगत, रामहरि साव, सुबोध मुखिया, सनिका मुंडा, संतोष गुप्ता, सुनील रजक, अमर सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नीट में 654 अंक लाकर कृष्णा ने बढ़ाया जिले का मान, राष्ट्रीय बेरोजगार मोर्चा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** नीट परीक्षा में 654 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल करने वाले छात्र कृष्णा को विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है। कृष्णा की इस उपलब्धि पर उनके पिता सुमास वर्मा को भी शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर राष्ट्रीय बेरोजगार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने कृष्णा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवा अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इसी प्रकार निरंतर परिश्रम किया जाए तो हर सपना साकार हो सकता है और



बच्चे समाज व देश की बेहतर सेवा कर सकते हैं।डॉ. वर्मा ने कहा कि वे हमेशा विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का प्रयास करते हैं, ताकि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकें। उन्होंने कृष्णा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी उन्होंने सभी अभिभावकों से भी बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और प्रोत्साहन देने की अपील की, ताकि वे अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकें।

# धार्मिक स्थल की गैर-मजरूआ जमीन पर अतिक्रमण का आरोप, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत उदनाबाद पंचायत के जम्बाद गांव में स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर एवं सार्वजनिक चैती दुर्गा मंडप की भूमि को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सार्वजनिक उपयोग की गैर-मजरूवा जमीन पर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है ग्रामीणों के अनुसार, प्राचीन हनुमान मंदिर में वर्षों से पूजा-अर्चना होती आ रही है।

वहीं करीब 50 वर्ष पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से सार्वजनिक चैती दुर्गा मंडप का निर्माण कराया गया था, जहां आज भी हर वर्ष चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से आयोजित की



जाती है।उदनाबाद पंचायत के समाजसेवी दिलीप उपाध्याय और भरत यादव ने आरोप लगाया कि राजेश मरीक और सीताराम मरीक ने



पहले गैर-मजरूवा जमीन पर मकान बनाया और अब सार्वजनिक स्थल पर पेड़-पौधे लगाकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बैठक भी बुलाई, लेकिन आरोप है कि संबंधित लोग बैठक छोड़कर चले गये इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त, एसडीओ, अंचल अधिकारी तथा मुफस्सिल थाना को लिखित आवेदन देकर सार्वजनिक गैर मजरूवा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने और धार्मिक स्थल की भूमि को ग्रामीणों के उपयोग के लिए सुरक्षित रखने की मांग की है हालांकि, इस मामले में जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, उनकी ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रशासन की जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## एक नजर

### कांग्रेस में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने अनुशासनहीनता के आरोप में नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री सह पूर्व प्रवक्ता एजाज अली मुन्ना को अनुशासनहीनता के आरोप में तथा पार्टी विरोधी गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए छह वर्षों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है। श्री झा ने कहा कि एजाज अली मुन्ना का कृत्य पार्टी के संविधान और अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है तथा मुन्ना के द्वारा लगातार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी , प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के निर्णय का खुलेआम मीडिया एवं सोशल मीडिया में विरोध कई महीनो से किया जा रहा है जबकि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की विरोधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाती है। श्री झा ने कहा कि कोई भी कांग्रेस का कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के मूल सिद्धांतों, अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादा के खिलाफ मीडिया एवं सोशल मीडिया में लगातार बयान बाजी और अवांछित एवं भ्रामक बयान देते हैं तो कांग्रेस पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी क्योंकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का संविधान पार्टी के संगठन कार्य प्रणाली और अनुशासन से संबंधित नियमों को निर्धारित करता है। श्री झा ने कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से यह भी अनुरोध किया है की सार्वजनिक मंचों पर संयमित भाषा संगठनात्मक मर्यादा बनाए रखने का प्रयास करें क्योंकि पार्टी अनुशासनहीनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। श्री झा ने संकेत दिया है कि आगे भी पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है और अनुशासनहीनता के मामलों में आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी ।

### सरस्वती विद्या निकेतन विद्यालय का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा**। मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने रविवार के दिन राज्य सरकार के सात निश्चय 3 योजना अंतर्गत सरस्वती विद्या निकेतन( आदर्श विद्यालय) राजकीयकृत विकास . 2 विद्यालय भोभी का वर्चुअल शुभारंभ किया गया।विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से तय सभी सुविधाएं नामांकित छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।विद्यालय में आधुनिक शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और समृद्ध पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है।इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार ने कहा कि सरस्वती विद्या निकेतन की शुरुआत से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह विद्यालय भविष्य में प्रखंड और आसपास के मेधावी छात्रों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। इस मौके पर डीसीएलआर रश्मि कुमारी,बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, बीसीओ राजीव रंजन तिवारी,सरपंच खुशबू कुमारी, लेखापाल आशीष कुमार, प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार, शिक्षक स्वेता कुमारी सहित सभी शिक्षक व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### किसानों की मांगों और आंदोलन की रणनीति पर होगी चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**बिहारशरीफ**। अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन 20 जुलाई को रहुई प्रखंड के धमसांग ग्राम पंचायत सरकार भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजकिशोर प्रसाद ने दी। जिला किसान सभा के उपाध्यक्ष सकलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि किसान वर्तमान में गंभीर संकट से गुजर रहे हैं और उनकी जमीन व फसलों पर खतरा मंडरा रहा है। महासचिव सतेंद्र कृष्ण ने बताया कि सम्मेलन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद की कानूनी गारंटी, यूरिया की कालाबाजारी रोकने, सरकारी दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, फसल बीमा लागू करने, बाजार समिति को सक्रिय करने, किसानों के कर्ज माफ करने तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को 5,000 मासिक पेंशन समेत विभिन्न मांगों पर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवकुमार यादव ने किसानों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

### रेड क्रॉस के साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर में 220 मरीजों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में कुल 220 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया, जबकि 40 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 40, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 55, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. शंभू कुमार ने 24 तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. दीनानाथ वर्मा और डॉ. इंद्रजीत कुमार ने संयुक्त रूप से 65 मरीजों का इलाज किया। वहीं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 25 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 25 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया।शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। सोसाइटी ने जानकारी दी कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन सुधीर कुमार, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित सहित कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों ने पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया।

### नीट का परीक्षा में सफल हो माता पिता का किया नाम रौशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के हाजीपुर गोला वार्ड-2 निवासी रामगोविंद प्रसाद गुप्ता के पुत्र आयुष कुमार ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिजनों एवं मोहल्ले के लोगों में खुशी का माहौल है। शुभचिंतकों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयुष ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद मैट्रिक की पढ़ाई गया जिले के बोधगया स्थित ज्ञान भारती स्कूल से पूरी की। उनके पिता ने बताया कि आयुष की बचपन से ही चिकित्सा क्षेत्र में गहरी रुचि रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर उन्होंने लगातार मेहनत और नियमित तैयारी की, जिसका परिणाम आज सफलता के रूप में सामने आया है। आयुष की माता ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहे हैं। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि आगे एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एक कुशल चिकित्सक बनना और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना उनका लक्ष्य है।

### एससी-एसटी में नामजद अभियुक्त गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। आंजन थाना क्षेत्र में समकालीन अभियान के तहत एससी-एसटी के नामजद अभियुक्त जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी धनंजय सिंह एससी-एसटी अधिनियम के तहत नामजद अभियुक्त था। पुलिस के नजर से वह फरार चल रहा था। सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी घर पर हैं। छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# आरएसएस की युवा संगोष्ठी में राष्ट्र निर्माण पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**धनबाद**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को धनबाद में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आईआईटी (आईएसएम) के जीजेएलटी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में 20 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 223 युवाओं ने हिस्सा लिया। विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े युवाओं के साथ राष्ट्र निर्माण, सामाजिक दायित्व और संघ के 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तृत संवाद हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। आईआईटी (आईएसएम) के उपनिदेशक प्रो। धीरज कुमार ने स्वागत संबोधन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद आयोजित संवाद सत्र में युवाओं ने राष्ट्र, समाज और समकालीन चुनौतियों से जुड़े विषयों पर अपने प्रश्न रखे, जिनका मंचासीन वक्ताओं ने विस्तार से उत्तर दिया। मुख्य वक्ता एवं बिहार-झारखंड क्षेत्र के सामाजिक सद्भाव संयोजक राकेश लाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने 'पंच परिवर्तन' के तहत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभाव भी आवश्यक हैं, तभी आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का सपना साकार हो सकेगा। संगोष्ठी के दौरान परिवार प्रबोधन, समय प्रबंधन, स्वरोजगार, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी जीवनशैली जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। युवाओं से अपने परिवार और आसपास के समाज से सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत करने, जल संरक्षण, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति युवा हैं और उनके व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

# छात्रों की गूंज अभियान के जरिए शिक्षा व्यवस्था के मुद्दों पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला


**नवबिहार टाइम्स संवाददता**



**रांची**। झारखंड कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। रविवार को रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और 'छात्रों की गूंज' अभियान के झारखंड संयोजक कुमार राजा ने अभियान की रूपरेखा और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। नेताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस राज्यभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी। प्रेस वार्ता में बताया गया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में 'छात्रों की गूंज' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों, पेपर लीक और छात्रों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना है। झारखंड में भी इस अभियान के तहत कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों और छात्र संगठनों के बीच लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। उनका कहना था कि छात्र वर्षों तक कठिन मेहनत और आर्थिक कठिनाइयों के बीच परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत और उम्मीदों पर पानी फेर देती हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होने से छात्रों का परीक्षा प्रणाली पर भरोसा कमजोर हुआ है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग दोहराई। पार्टी का कहना है कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सहित परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं की जिम्मेदारी स्पष्ट की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस ने यह भी कहा कि शिक्षा व्यवस्था को निजीकरण और वैचारिक हस्तक्षेप से मुक्त रखते हुए छात्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत झारखंड में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के संयोजक कुमार राजा ने बताया कि संविधान संवाद, स्टूडेंट मैराथन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को अभियान से जोड़ा जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-युवा भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा तथा अंतिम चरण में दिल्ली में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# सावन को लेकर पहाड़ी बाबा मंदिर में हाई अलर्ट, सुविधाओं और सुरक्षा पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रांची**। सावन माह की शुरुआत से पहले रांची के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रविवार को पहाड़ी बाबा मंदिर का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों और श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सावन के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को दर्शन, पूजा-अर्चना और अन्य सुविधाओं में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं और उनकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मंदिर तक जाने वाली सीढ़ियों, शौचालय निर्माण, सीढ़ियों पर बैठने की व्यवस्था, पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य पूरा करें। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि पहाड़ी बाबा मंदिर रांचीवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। सावन के महीने में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर और पहुंच मार्ग को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीढ़ी मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाए, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो तथा पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं हर समय उपलब्ध रहे। सावन महीने को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण फैसला लिया है। उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पूजा के लिए शीशे की किसी भी वस्तु का उपयोग न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सावन के दौरान पहाड़ी मंदिर परिसर में शीशे की बनी किसी भी प्रकार की पूजन सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही मंदिर के आसपास के दुकानदारों से भी अनुरोध किया गया है कि वे शीशे में पैक या शीशे से बनी पूजा सामग्री की बिक्री नहीं करें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

# श्रावणी मेला : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे की व्यापक तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**26 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलेंगी, 250-300 आरपीएफ जवान रहेंगे तैनात**

**देवघर**। विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी देशभर से लाखों श्रद्धालु देवघर पहुंचेंगे, जिनमें बड़ी संख्या रेल मार्ग का उपयोग करेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आसनसोल रेल मंडल ने 26 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की व्यवस्था की है। ये ट्रेनें देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं को देवघर और जसीडीह तक पहुंचाएंगी। वहीं, देवघर, जसीडीह और बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। स्टेशनों पर साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए सफाईकर्मियों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 250 से 300 जवान देवघर, जसीडीह, बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम रेलवे स्टेशनों पर तैनात रहेंगे। इनकी जिम्मेदारी भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों की सहायता सुनिश्चित करना होगी। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यदि किसी समय स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की संख्या क्षमता से अधिक हो जाती है, तो उनके ठहरने और विश्राम के लिए अस्थायी टेंट लगाए जाएंगे। इसके साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर पेयजल, प्रतीक्षालय, सहायता केंद्र और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी विशेष व्यवस्था की गई है। श्रावणी मेला के दौरान प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए देवघर पहुंचते हैं। ऐसे में रेलवे की तैयारियां सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# सुब्रतो कप: प्रतियोगिता के तीसरे दिन कोल्हान और संथाल प्रमंडल का दबदबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में खेलगांव स्थित विभिन्न मैदानों में आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन कोल्हान और संताल प्रमंडल की टीमों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। खिलाड़ियों ने पूरे दिन अनुशासित खेल, बेहतरीन तालमेल और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। मुकाबले खेलगांव प्रैक्टिस ग्राउंड, बीआईटी ग्राउंड-1, बीआईटी ग्राउंड-2 और जैप-1 डोरंडा मैदान में खेले गए। अंडर-17 बालिका वर्ग में कोल्हान प्रमंडल ने पलामू प्रमंडल को 10-0 के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। वहीं दूसरे मुकाबले में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल ने संथाल प्रमंडल को 1-0 से मात दी। अंडर-17 बालक वर्ग में संथाल प्रमंडल ने पलामू प्रमंडल को 3-0 से पराजित किया। दिन के दूसरे मुकाबले में कोल्हान प्रमंडल ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल को 6-1 से हराकर नॉकआउट चरण के लिए मजबूत दावेदारी पेश की।

अंडर-15 बालक वर्ग में संताल प्रमंडल ने पलामू प्रमंडल के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 12-0 की शानदार जीत दर्ज की। यह दिन की सबसे बड़ी जीत रही। खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों और टीम प्रबंधन का उत्साह बढ़ाया।

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के धीरसेन सोरेंग ने कहा कि सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है। प्रतियोगिता में सभी टीमों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया है। अब नॉकआउट मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा और अधिक रोमांचक होगी।

# आकांक्षा योजना के 17 विद्यार्थियों ने नीट-2026 में पाई सफलता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी राज्य स्तरीय आकांक्षा योजना ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित इस निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम के 17 विद्यार्थियों ने नीट-2026 परीक्षा में सफलता हासिल कर मेडिकल प्रवेश की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इससे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर, लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीद जगी है। वर्ष 2016-17 में शुरू की गई आकांक्षा योजना के तहत झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) से उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। इसी का परिणाम है कि योजना के विद्यार्थी लगातार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस वर्ष अंजलि महतो ने 99.79 परसेंटाइल और अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) 4029 हासिल कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हिमांशु राज ने 99.60 परसेंटाइल के साथ एआईआर 7669 प्राप्त की। इसके अलावा जीतू यादव, रोहन कुजूर, नितेश कुमार महतो, सेजल राज चंद्रा, काजल कुमारी, किरण कुमारी, खुशी कुमारी, खुशबू कुमारी, रीत कुमार ठाकुर, अमर मुर्मू, सूर्यकांत उरांव, सृष्टि कुमारी, विवेक कुमार मंडल, विनोद चिक बराइक और ममता कुमारी ने भी नीट-2026 में सफलता प्राप्त की। सरकार का कहना है कि जहां निजी कोचिंग संस्थानों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी पर लाखों रुपये खर्च होते हैं, वहीं आकांक्षा योजना के तहत विद्यार्थियों को संपूर्ण आवासीय सुविधा, भोजन और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी छात्रों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है।

# 11 महीने में फटा तिरंगा, आन, बान, शान पर आघात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । नगर परिषद क्षेत्र स्थित शहीद प्रमोद सिंह चौक पर आन बान शान से फहर रहा तिरंगा फट गया है। कई जगह से तिरंगा फटा हुआ है। महत्वपूर्ण है कि एनएच 120 के किनारे 60 फीट ऊंचा तिरंगा 15 अगस्त 2025 को स्थापित किया गया था। तब से यह आन बान शान से पहर रहा है। अभी 11 महीने हुए हैं लेकिन आंधी, तूफान और बरसात के कारण यह फट गया। पुराना हो गया। नियमतः फटे हुए तिरंगे को तुरंत बदल जाना चाहिए। इसे फहराते हुए नहीं छोड़ना चाहिए। यह आन, बान व शान के साथ राष्ट्रवाद की भावना पर आघात है। जिला परिषद के पूर्व सदस्य रहे राजीव कुमार बबलू ने इसकी जानकारी दी। कहा कि जब देखा कि फटा हुआ तिरंगा फहर रहा है तो बड़ा दुख हुआ। इस संबंध में इस संवाददाता ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश स्वास्थ्य से बातचीत की। उन्होंने कहा कि रविवार है, अन्यथा आज ही तिरंगा बदल दिया जाता। सोमवार को तिरंगा बदल दिया जाएगा। एक अतिरिक्त तिरंगा नगर परिषद में ऐसी ही स्थिति के लिए सुरक्षित रखा हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सोमवार को हर हाल में तिरंगा नया आन बान शान के साथ वहां फहरेगा। महत्वपूर्ण है कि जिस एनएच 120 के किनारे यह तिरंगा स्थापित है, वह सड़क काफी लंबी है। बिहार शरीफ से होकर यह सड़क डुमरांव तक जाती है। जबकि इस सड़क को क्रॉस करती है दाउदनगर बारुण रोड। इससे जो चौराहा निर्मित होता है वहीं पर शहीद प्रमोद सिंह की प्रतिमा लगी हुई है।

# जल जमाव की समस्या का प्रशासन ने किया समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में संभावित अधिक बारिश होने से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जल जमाव होने वाले स्थलों का भौतिक निरीक्षण आपदा प्रबंधन समिति टीम के द्वारा रविवार को किया गया। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य एवं कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार स्थलों का निरीक्षण व अवलोकन किया। शनिवार और रविवार को बारिश की पानी से जलजमाव हो गया जिससे न्यू एरिया में आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा समस्या का निराकरण किया गया। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि जल जमाव स्थल का जायजा लिया गया है। मदनपुर के न्यू एरिया में पहाड़ से बारिश का पानी गिरने से जलजमाव हो गया था जिसका समाधान किया गया है। मदनपुर में लगातार दो दिनों के बारिश से न्यु एरिया पड़ाव पर पहाड़ी पानी से जलजमाव के चलते घर में पानी घुसने पर ग्रामीण डा संत प्रसाद ने आपदा विभाग को सूचना दी। रविवार सुबह आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से जल-जमाव से नाला निकाल कर समस्या का समाधान किया। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं आपदा विभाग के अधिकारी के कार्य के प्रति आभार जताया। मौके पर ग्रामीण दीपनारायण यादव, महेश साव, पवन, विवेक, रितेश, राजन, सोनु कुमार, विनय यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# सलेमपुर नहर पुल पर घेराबंदी व प्रकाश व्यवस्था के अभाव से बढ़ा हादसों का खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के समीप मुख्य मार्ग पर स्थित नहर पुल पर घेराबंदी और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। पुल के समीप तीखा मोड़ होने के कारण दिन-रात वाहनों का आवागमन जोखिम भरा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार इस स्थान पर पहले भी कई वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर चुके हैं। हालांकि, ग्रामीणों की तत्परता से अब तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है। दुर्घटनाओं के बाद कई बार लोगों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम भी किया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। स्थानीय निवासी राजेंद्र पासवान ने बताया कि पुल का चौड़ीकरण, दोनों ओर मजबूत घेराबंदी (रेलिंग) तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराए बिना समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की, ताकि भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## एससी-एसटी कर्मचारी संघ चलाएगा सदस्यता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान चलाने तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व बैठक के प्रस्तावों की समीक्षा के बाद पूरे प्रखंड में सघन सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रखंड में पदस्थापित सभी एससी-एसटी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची तैयार कर उन्हें संघ की ओर से सम्मानित करने पर सहमति बनी। बैठक में सदस्यों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए आगामी बैठकों में सभी सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में संघ के सचिव अवधेश प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## फूड प्वाइजनिंग की आशंका से एक ही परिवार के चार लोग बीमार

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड के टाल गांव में कथित फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के चार सदस्य बीमार पड़ गए। सभी का इलाज दाउदनगर स्थित एक निजी अस्पताल में कराया गया, जहां उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य होने पर उन्हें घर भेज दिया गया। बीमारों में कामाख्या नारायण सिंह, उनकी पत्नी मानकुंवर देवी, पुत्रवधू एवं शिक्षिका रूपश्री कुमारी तथा पोती काव्या शामिल हैं। परिजनों का आरोप है कि आशीर्वाद कंपनी की दही से तैयार दहीबड़ा खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ गई। कामाख्या नारायण सिंह ने बताया कि वह इस मामले को उपभोक्ता फोरम में ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि संबंधित कंपनी की दही की आपूर्ति हसपुरा बाजार क्षेत्र के एक वितरक के माध्यम से स्थानीय दुकानों में की जाती है। हालांकि, फूड प्वाइजनिंग की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी।

## वारंटी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बलिगांव निवासी 59 वर्षीय श्रीराम पासवान को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय से श्रीराम पासवान के विरुद्ध वारंट जारी हुआ था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है और फरार वारंटियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## रामकुमार वर्मा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव बने

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संगठन विस्तार के तहत गोह विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रामकुमार वर्मा को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। नई जिम्मेदारी मिलने पर रामकुमार वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# 551 मॉडल स्कूलों का एक साथ सीएम ने किया लोकार्पण

## कार्यक्रम से एमपी, एमएलए व एमएलसी रहे गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बेगूसराय जिले में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम के जरिए सारण जिले के एकमा प्रखंड स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने राज्यभर के 551 मॉडल स्कूलों का एक साथ डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

एकमा नगर पंचायत स्थित अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

इसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक सारिका द्विवेदी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, नगर पंचायत की मुख्य पार्षद श्वेता रानी, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, सीओ रवि शेखर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, दीपक कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा तथा अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर स्थानीय स्तर पर विद्यालय का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मॉडल स्कूल के शुभारंभ से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं और बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था को नई



मजबूती मिलेगी।

समारोह में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, नगर पंचायत की मुख्य पार्षद श्वेता रानी, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, सीओ रवि शेखर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, दीपक कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, पीओ मनीष कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद भोला, विकास सिंह, राजेश कुमार सिंह, अविनाश कुमार सिंह 'टुन्ना', रंजन कुमार, राजेश कुमार, शिक्षिका मनोरमा कुमारी, सुरेश सिंह, प्रमोद शाही, बच्चू लाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह का एक महत्वपूर्ण पहलू जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति भी रही।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार ने पत्रांक-522, दिनांक 18 जुलाई 2026 के माध्यम से सांसद, विधायक और विधान पार्षद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण भेजा था। हालांकि आमंत्रित जनप्रतिनिधियों में से कोई भी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए। उनकी अनुपस्थिति समारोह के दौरान चर्चा का विषय बनी रही। हालांकि इसके पीछे संबंधित जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई आधिकारिक कारण सार्वजनिक नहीं किया गया।

# उच्च शिक्षा में बदलाव की तैयारी से विवि शिक्षकों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के मगध विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, संरक्षक प्रो नवल किशोर शर्मा, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, डॉ अरविंद कुमार, प्रो शशि भूषण प्रसाद, आदि ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा राज्य के उच्च शिक्षा में व्यापक बदलाव की तैयारी की सुगबुगाहट मिलते ही संपूर्ण राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षको में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है क्योंकि बिहार सरकार का यह प्रस्ताव बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की मुल भावना का सीधा उलंघन करता है, साथ ही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ( एनइपी ) की स्वायत्तता, बहुविषयक शिक्षा आदि का पूरी तरह उल्लंघन है।

नेताओं ने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर हमेशा से विश्वविद्यालय के ही अभिन्न अंग रहे हैं, परंतु इस नए नियम लाने से स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षकों के बीच का आवश्यक समन्वय पूरी तरह टूट जाएगा। नेताओं ने कहा कि इस अधिनियम को लाने से राजभवन एवं राज्य सरकार के बीच भी द्वंद और तनाव सूबे के उच्च शिक्षा के सेहत के लिए खराब होगा।

नेताओं ने कहा कि इस अधिनियम की बातें सामने आने पर राज्य के सभी विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेजो के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है तथा इस व्यवस्था को किसी हाल में बिहार में लाना राज्य के उच्च शिक्षा के लिए बेहतर नहीं होगा।

## डूबने से अधेड़ की मौत

नगरनौसा(नालंदा)। नगरनौसा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव स्थित बालू खंधा में रविवार के दिन पाइन में डूबने से अधेड़ की मौत हो गया।मृतक की पहचान गांव निवासी स्वर्गीय मदन जमादार के 50 वर्षीय पुत्र माली जमादार के रूप में किया गया।घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गांव के ही बालू खंधा में खेती कार्य को लेकर गया हुआ था

# सिल्क सिटी में कोरोना से हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सिल्क सिटी भागलपुर में एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने दस्तक दे दी है, जिससे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। शहर के तिलकामांझी क्षेत्र में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की कोरोना आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित बुजुर्ग तिलकामांझी थाना क्षेत्र के हटिया रोड के रहने वाले हैं। बीते कुछ दिनों से लगातार तबीयत खराब होने के कारण परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया था।

बीमार होने पर वे शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. हेमशंकर शर्मा के निजी क्लिनिक में भर्ती हुए थे। वहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें एहतियातन आरटी-पीसीआर जांच कराने की सलाह दी थी।

चिकित्सकों के अनुसार मरीज में

- बुजुर्ग की रिपोर्ट आई पॉजिटिव
- संक्रमण की वापसी से दहशत

संक्रमण की पुष्टि होने के बाद उन्हें एहतियातन होम आइसोलेशन में रहने की सख्त सलाह दी गई है। इसके साथ ही पीड़ित बुजुर्ग के संपर्क में आए परिवार के अन्य सदस्यों की भी स्वास्थ्य निगरानी की जा रही है। मरीज को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भागलपुर में भर्ती करा दिया गया है

इस नए मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से पैनिक न होने और सावधानी बरतने की अपील की है। डॉक्टरों ने सर्दी, खांसी या तेज बुखार जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने को कहा है।

भागलपुर में 65 वर्षीय बुजुर्ग की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद, स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। सिल्क सिटी में संक्रमण की यह वापसी एक गंभीर चेतावनी है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार, सर्दी, खांसी, बुखार या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण महसूस होते ही तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच कराएं।

लापरवाही न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए, बल्कि आपके पूरे परिवार और समुदाय के लिए खतरनाक हो सकती है। याद रखें, सावधानी और समय पर जांच ही इस महामारी से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है। जागरूक बनें, सुरक्षित रहें।

# मानदेय के अभाव में बीमारी से जूझ रही महिला होमगार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल में शनिवार को एक भावुक कर देने वाली घटना सामने आई। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला होमगार्ड फूलकुमारी, जो बोड़ाम थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं, करीब पांच महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण अस्पताल परिसर में फूट-फूटकर रोने लगीं। आर्थिक तंगी और गंभीर बीमारी से परेशान महिला ने अपने बकाया मानदेय का जल्द भुगतान कराने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि यदि समय पर मानदेय नहीं मिला तो उनकी स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि अगले सप्ताह भी बकाया मानदेय मिलने की संभावना नहीं है। यह सुनते ही वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गईं और अस्पताल परिसर में रोने लगीं। मौके पर मौजूद अस्पताल कर्मियों और अन्य होमगार्ड जवानों ने तुरंत उन्हें संभाला और पूछताछ केंद्र में बैठाकर काफी देर तक समझाया। इसके बाद उनकी स्थिति सामान्य हुई।

फूलकुमारी पिछले करीब छह महीनों से रीढ़ की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने एमजीएम अस्पताल सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन राहत नहीं मिलने पर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में उपचार शुरू कराया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह इलाज नहीं करा पा रही हैं। उन्होंने बताया कि पति से आर्थिक मदद की उम्मीद भी पूरी नहीं हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में होमगार्ड जवान अस्पताल पहुंचे और फूलकुमारी का हौसला बढ़ाया। सभी ने उन्हें धैर्य रखने और समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। अस्पताल परिसर में कुछ समय तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

# छापेमारी में अवैध कारतूस फैक्टरी का उद्भेदन

## 500 से अधिक निर्मित और अर्धनिर्मित कारतूस बरामद, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने हथियार तस्करी के संगठित नेटवर्क पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए चकिया अनुमंडल क्षेत्र में संचालित अवैध कारतूस निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान 500 से अधिक निर्मित और अर्धनिर्मित कारतूस, कारतूस बनाने की मशीनें, गन पाउडर, मेटल शीट, नाइट्रिक एसिड, रेड फॉस्फोरस, एसीटोन, चारकोल समेत बड़ी मात्रा में विस्फोटक और निर्माण सामग्री बरामद की है। मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने के लिए व्यापक जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, एसडीपीओ चकिया और एसडीपीओ पकड़ीदयाल के नेतृत्व में मेहसी, चकिया, मधुबन, गड़हिया और फेनहारा थाना पुलिस के साथ जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम ने कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अवैध कारतूस निर्माण में इस्तेमाल होने वाले अत्याधुनिक उपकरण और बड़ी मात्रा में रसायन बरामद किए गए।

मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह केवल कारतूस का निर्माण ही नहीं करता था, बल्कि तैयार कारतूसों की खरीद-बिक्री और सप्लाई का संगठित नेटवर्क भी संचालित कर रहा था। इस नेटवर्क से जुड़े कुछ अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में पूर्वी चंपारण जिले में एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ हुआ था। अब कारतूस निर्माण फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद यह साफ हो गया है कि जिले में हथियार तस्करों का संगठित नेटवर्क सक्रिय था। पुलिस लगातार इस नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

इस पूरे ऑपरेशन में मेहसी थानाध्यक्ष सानु गौरव और जिला आसूचना इकाई में तैनात एसआई कृष्ण मोहन की भूमिका को बेहद अहम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों की सक्रियता और सटीक सूचना के आधार पर इस बड़े नेटवर्क का खुलासा संभव हो सका।

पुलिस मुख्यालय ने इस सफल अभियान में शामिल टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके संभावित अंतरजिला एवं अंतरराज्यीय कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

# पुराने विवाद में फायरिंग, छह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना के मनेर थाना क्षेत्र के छिहत्तर गांव में रविवार सुबह पुरानी रंजिश एक बार फिर खूनी संघर्ष में बदल गई। दो पक्षों के बीच पहले जमकर मारपीट हुई, फिर फायरिंग शुरू हो गई। घटना में दो लोगों को गोली लगी, जबकि कुल छह लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को मनेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब एक महीने पहले गांव में एक युवती से कथित छेड़खानी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इस मामले में मनेर थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी। बताया जा रहा है कि उसी पुराने विवाद को लेकर रविवार सुबह दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया और लाठी-डंडों के साथ फायरिंग शुरू हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के दौरान आठ से दस राउंड गोलियां चलाई गईं।

घटना में रुदल राय, संदीप कुमार, रणजीत राय, हरेंद्र राय, राजकुमार राय और धर्मेंद्र राय घायल हुए हैं। इनमें संदीप कुमार और रुदल राय को गोली लगी है, जबकि अन्य चार लोग मारपीट में घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही सिटी एसपी (वेस्ट) संकेत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कराई। पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखे बरामद किए हैं। हालांकि, बरामद खोखों की संख्या को लेकर अलग-अलग जानकारियां सामने आ रही हैं।

मनेर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला पुराने विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। दोनों पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग हुई है। मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। गांव में एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने अब तक 11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# फरार पत्नीहंता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। सदर थाना पुलिस ने आरोपी को सीतामढ़ी जिले से दबोचा। आरोपी की पहचान सदर थाना क्षेत्र के नंदपुरी मोहल्ला निवासी राजेश कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2018 में राजेश कुमार यादव ने पत्नी पर अवैध संबंध होने के शक में उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। घटना के बाद से वह लगातार फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी और उसे जिला पुलिस की टॉप-10 फरार अपराधियों की सूची में भी शामिल किया गया था। विशेष टीम को सूचना मिली कि आरोपी सीतामढ़ी में छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# टला नाव हादसा, सभी यात्री सुरक्षित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** जिले में रविवार को एक बड़ा नाव हादसा टल गया। रुन्नीसैदपुर प्रखंड स्थित बागमती नदी के खड़का घाट पर 35 से 40 यात्रियों को लेकर नदी पार कर रही एक नाव बीच धारा में असंतुलित होकर पलट गई। नाव पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और घाट पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए नदी में छलांग लगा दी। तैरना जानने वाले कुछ यात्री खुद ही किनारे पहुंच गए, जबकि महिलाओं, बच्चों और तैरना न जानने वाले लोगों को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया।

खड़का घाट बागमती नदी के दोनों किनारों पर बसे दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। यहां स्थायी पुल नहीं होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, छात्र और छोटे व्यापारी नाव के सहारे आवाजाही करते हैं।

## प्रशासन की सुरक्षा और निगरानी पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पर्याप्त और सुरक्षित नावों की कमी के चलते कई नाविक अधिक कमाई के लालच में क्षमता से अधिक यात्रियों और सामान को नाव पर बैठा लेते हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना रहता है।

घटना के बाद स्थानीय प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खड़का घाट पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की शिकायत कई बार प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने मांग की है कि घाट पर बड़ी और सुरक्षित नावों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ओवरलोडिंग करने वाले नाविकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा सभी नावों पर लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# नहीं आयी गैस की गाड़ी ,खाली सिलेंडर लेकर घर लौटे ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रसूलपुर।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव में शुक्रवार को कृषि कार्य छोड़ करीब नौ घंटे तक उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेकर इंतजार किया पर गाड़ी नहीं आई।हार थक कर शाम साढ़े पांच उपभोक्ता सिलेंडर लेकर अपने अपने घर लौट गये।भारत गैस एजेंसी के उपभोक्ता राजाराम ,रामनाथ, हरे कृष्ण प्रसाद,हासिन मियां, करण प्रसाद, सोनू उपाध्याय आदि ने बताया कि तय दिन के अनुसार शुक्रवार वे सब नौ बजे सुबह ही गांव के खोंठ दुअरा आकर लाइन लगा कर खड़े हो गये।गैस गाड़ी की दिये नंबर पर बात करने पर गैस कर्मी मुसाफिर यादव ने बताया कि वो कुछ नहीं जानता है कि गैस जायेगा या नहीं।दोपहर में देर होते देख गैस एजेंसी के मालिक विनित सिंह से संपर्क करने पर बताया गया कि साढ़े चार बजे तक गैस की गाड़ी जाएगी।पर शाम साढ़े पांच -छः बजे तक जब गाड़ी नहीं आई तो उपभोक्ता खाली गैस सिलेंडर कांधे पर लेकर अपने अपने घर चले गये।इस संबंध में एजेंसी संचालक विनित ने बताया कि शनिवार की सुबह ही उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराया जा सकेगा।उधर ग्रामीणों ने बताया कि होम डिलीवरी का पैसा देने के बाद भी उनके घरों तक गैस नहीं पहुंचा पाता। मुहल्ले से निकल गांव के बीच सड़क पर जाकर गैस लेनी पड़ती है इसलिए सारा काम धंधा छोड़ गैस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

# श्रीराम जानकी के करोड़ों की जमीन की लूट

## अधिकारियों की चुप्पी से श्रद्धालुओं में रोष, फाइल पर जमी धूल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर से आए चंदा चोरी के आरोपों ने देशभर के श्रद्धालुओं को झकझोर कर रख दिया था। ठीक उसी तरह की मानसिकता के साथ अब बिहार के मुजफ्फरपुर में भी भगवान के साथ हुआ एक बड़ा छल सामने आया है। यहां श्रीराम जानकी समेत अन्य देवी देवताओं के नाम पर दर्ज करोड़ों की सरकारी जमीन को रक्षकों ने ही मिलकर बेच डाला।

मुशहरी अंचल की भीखनपुर पंचायत में स्थित श्रीराम जानकी एवं अन्य देवी-देवताओं की करीब 17 एकड़ बेशकीमती जमीन का यह पूरा सौदा भू-माफिया और सरकारी कारिंदों की मिलीभगत से अंजाम दिया गया। आस्था के केंद्र को लूटने का यह तरीका अंचल कार्यालय के भीतर बैठकर तैयार किया गया था।

राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित इस बेहद कीमती जमीन की खरीद-बिक्री का खेल साल 2007-08 से ही गुपचुप तरीके से चल रहा था। कई बार स्थानीय लोगों द्वारा आवाज उठाए जाने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पर पर्दा डाले रखा, जिससे सौदागरों के हौसले बुलंद रहे।

तकनीकी रूप से इस जमीन की सरकारी रसीद आज भी देवी-देवताओं के नाम पर ही कट रही है, इसलिए इसका दाखिल-खारिज किसी आम व्यक्ति के नाम होना असंभव था। यही वजह थी कि सालों तक अंचल कार्यालय में आने वाले दाखिल-खारिज के आवेदनों को लगातार खारिज किया जाता रहा।

साल 2019 में इस पूरे खेल ने तब नया मोड़ लिया जब मुशहरी अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी ने खुद इस बहती गंगा में हाथ धोने का फैसला किया। कर्मचारी ने भगवान के नाम दर्ज इस अकूत संपत्ति में से कुछ हिस्सा सीधे अपने सगे रिश्तेदारों के नाम रजिस्ट्री करवा लिया।

सरकारी रिकॉर्ड्स के मुताबिक, 1 जुलाई 2019 को कर्मचारी के एक रिश्तेदार के नाम 3.60 डिसमिल और फिर 19 नवंबर को दूसरे संबंधी के नाम 2 डिसमिल जमीन ट्रांसफर की गई। जैसे ही भगवान की जमीन पर कर्मचारी के अपनों का नाम चढ़ा, सरकारी सिस्टम की सुस्ती अचानक फुर्ती में बदल गई।

जिस जमीन की जमाबंदी और दाखिल-खारिज को 26 अप्रैल 2019 तक अंचल कार्यालय अवैध बताकर खारिज कर रहा था, उसे कर्मचारी के रिश्तेदारों के नाम होते ही तुरंत मंजूरी दे दी गई। 9 अगस्त 2019 को पहली बार भू-माफियाओं के पक्ष में दाखिल-खारिज की फाइल पास की गई।

इस पूरे घोटाले में मुशहरी के तत्कालीन अंचलाधिकारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। उन्होंने राजस्व कर्मचारी की उन सभी फाइलों और संस्तुतियों पर आंख मूंदकर मुहर लगा दी, जिन्हें अंचल कार्यालय पहले नियम विरुद्ध मानकर कई बार रिजेक्ट कर चुका था।

इस महालूट की शिकायत मिलने पर राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किए थे। मगर हैरानी की बात यह है कि रसूखदारों और भ्रष्ट अधिकारियों के गठजोड़ के कारण यह जांच रिपोर्ट पिछले कई सालों से ठंडे बस्ते में बंद पड़ी है।

## खेसारी लाल ने सरकार पर साधा निशाना

पटना। बांकीपुर विस उपचुनाव से पहले जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रशांत किशोर को भोजपुरी फिल्म अभिनेता और गायक खेसारी लाल यादव का खुला समर्थन मिल गया है। रविवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान खेसारी ने प्रशांत किशोर की जमकर तारीफ की और मतदाताओं से योग्यता के आधार पर मतदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि ॺमुझे प्रशांत भैया हमेशा से पसंद हैं।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**मुंगेर।** धरहरा थाना क्षेत्र के पचरूखी-दशरथपुर गांव में विवाहिता बरखा कुमारी की हुई संदेहास्पद मौत का मामला रविवार को नया मोड़ ले गया। मायके पक्ष ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित दहेज हत्या बताते हुए धरहरा थाना में चौकीदार पति समेत छह लोगों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लखीसराय जिले के पीरी बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर-लोसघानी निवासी बरखा के भाई अभय कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बरखा की शादी करीब पांच-छह वर्ष पहले पचरूखी-दशरथपुर निवासी रोनित कुमार उर्फ रूपेश कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष दहेज में गाड़ी और सोने के अतिरिक्त आभूषण की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे। शादी के समय भी मायके वालों ने सोने के जेवर, चेन, अंगूठी, नथ, टीका और नकद राशि दी थी। मुकदमा में आरोप लगाया गया है कि पति का किसी अन्य महिला से प्रेम-प्रसंग था।

# परिवारिक विवाद में दो की गयी जानें, तीसरा गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के चंडी थाने क्षेत्र विशुनपुर में एक ही परिवार के दो सदस्य ससुर दिलेंद्र तांती और पुतोह गौरी देवी ने आत्महत्या कर ली। वहीं, पुत्र रंजीत कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनका उपचार चंडी में एक निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। यहां से चिकित्सक ने रेफर कर दिया था। लेकिन स्वजन ने गरीबी का हवाला देकर किसी दूसरे अस्पताल में मरीज को ले जाने में असमर्थता जताई। सूचना पर हिलसा डीएसपी, चंडी अंचल पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार तथा प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार मौके पर पर्याप्त पुलिस बल एवं एम्बुलेंस के साथ पहुंच कर तुरंत सहायता पहुंचाई।पुलिस के अनुसा, 62 वर्षीय दिलेन्द्र तांती और उनके पुत्र रंजीत के बीच गौरी देवी को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी तनाव में रंजीत और उनकी पत्नी गौरी ने कुछ खा लिया जिससे उन दोनों का स्वास्थ्य बिगड़ गया। यह सुन रंजीत के पिता दिलेंद्र ने भी आत्महत्या कर ली। तीनों को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन दो की मृत्यु हो चुकी थी। रंजीत कुमार का उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया कि स्थिति बहुत गंभीर बनी हुई है और खतरे से बाहर नहीं है।ग्रामीणों ने बताया कि रंजीत दंपती ने दोपहर में ही आत्महत्या का प्रयास किया था। लेकिन पड़ोसियों की नजर गई और बचा लिया था। उसके बाद दोनों स्थानीय बाजार आए और कीटनाशी खरीद ली। घर पहुंचते ही दोनों की तबीयत बिगड़ गई।

## सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति जख्मी

**सुल्तानगंज।** थाना क्षेत्र के शिवनंदनपुर के समीप रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। मृतका की पहचान मुंगेर जिले के मिजार्पुर निवासी रोशनी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रोशनी अपने पति के साथ बाइक से असरगंज से मिजार्पुर लौट रही थीं। इसी दौरान शिवनंदनपुर के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोशनी कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पति को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क पर बांस लगाकर कई घंटों तक सड़क जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटवाया और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया।

# बांकीपुर में व्यापारियों का एनडीए को खुला समर्थन, ऐतिहासिक जीत का संकल्प

## व्यापारी समाज का भरोसा एनडीए के साथ, बांकीपुर में बनेगा ऐतिहासिक विजय का रिकॉर्ड : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना के न्यू डाकबंगला रोड स्थित बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन भवन में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के निमित्त आयोजित व्यवसायिक वर्ग एवं सम्मानित नागरिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बांकीपुर हमेशा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति का केंद्र रहा है। इस बार भी यहां की जनता एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर विकास की इस यात्रा को और मजबूत करेगी। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि व्यवसायिक वर्ग हमेशा स्थिर, पारदर्शी और विकासोन्मुखी सरकार का समर्थक रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार में व्यापार, निवेश और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। यही कारण है कि समाज का प्रत्येक वर्ग एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने उपस्थित व्यवसायियों एवं सम्मानित नागरिकों से आह्वान किया कि आगामी 30 जुलाई को 'कमल' के निशान पर मतदान कर एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को प्रचंड मतों एवं ऐतिहासिक बढ़त के साथ विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक विधानसभा सीट का नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और बिहार के उज्ज्वल भविष्य को और मजबूत करने का चुनाव है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में हैं। भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। यह एकजुटता विपक्ष के दुष्प्रचार पर भारी पड़ेगी और बांकीपुर में एनडीए की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक सह विधायक राणा रणधीर सिंह, विधायक अरुण मांझी, वरिष्ठ समाजसेवी कमल नोपानी तथा बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश बंसल सहित बड़ी संख्या में व्यवसायिक वर्ग एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विश्वास व्यक्त किया कि बांकीपुर की जागरूक जनता एक बार फिर विकास, विश्वास और सुशासन के पक्ष में अपना जनादेश देकर एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को ऐतिहासिक विजय दिलाएगी तथा विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी।

# बांकीपुर उपचुनाव : भाजपा ने अति पिछड़ा और ओबीसी समाज के साथ किया चुनावी मंथन, नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मांगा समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को चिड़ियाताड़ मंडल के कंकड़बाग स्थित चौहान मार्केट सभागार में भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ एवं ओबीसी मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में अति पिछड़ा एवं पिछड़ा समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी रही। उपस्थित लोगों ने एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार चौहान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में बांकीपुर की जनता ने नितिन नवीन को भारी मतों से विजयी बनाया था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए राज्यसभा सदस्य बनाया है जिससे बांकीपुर का सम्मान पूरे देश में बढ़ा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि इस सम्मान का जवाब भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर दें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अति पिछड़ा एवं पिछड़ा समाज के सम्मान और अधिकारों को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में अति पिछड़ा वर्ग को 20 प्रतिशत तथा महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर समाज को नई ताकत प्रदान की है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, बिजली और पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बैठक को संजय निषाद, मुकेश निषाद, मुकेश मंडल, संजय गुप्ता, संजय कुमार चंद्रवंशी, रिपु पटेल, मदन लाल, सविता देवी, विनीता देवी, रंजन कुमार, इंदल चंद्रवंशी, सुनील कुमार, सुरेश कुमार बुधिया एवं संतोष पटेल सहित कई नेताओं ने संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया।

# मिड डे मील में छिपकली की पूंछ मिलने के मामले में होगी सख्त कार्रवाई, मंत्री ने दिया निर्देश

## शिक्षा मंत्री ने डीएम को दिया जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मधेपुरा जिले के गम्हरिया स्थित एक विद्यालय में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) में छिपकली की पूंछ मिलने और कुछ बच्चों के बीमार होने की घटना को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गंभीरता से लिया है। रविवार को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने मधेपुरा के जिलाधिकारी से बात कर पूरे मामले की तत्काल जांच करा कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डीईओ, मिड डे मील के डीपीओ, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, रसोइया, साधनसेवी सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश जिलाधिकारी मधेपुरा को दिया है। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक से भी इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी विद्यालय में इस प्रकार की घटना दोबारा सामने आती है तो दोषी व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इवी वाहनों पर सब्सिडी के लिए आवेदन शुरू, परिवहन विभाग ने जारी किया लिंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ने पर्यावरण-अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन (संशोधन) नीति, 2026 को मंजूरी मिलने के बाद अब नए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले नागरिकों को सब्सिडी प्रदान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। परिवहन विभाग ने इसके लिए अपनी वेबसाइट पर एक विशेष लिंक जारी किया है जिसके माध्यम से पात्र लाभार्थी आसानी से आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह सब्सिडी केवल उन इलेक्ट्रिक वाहनों पर उपलब्ध होगी जिन्हें 15 मई 2026 या उसके बाद खरीदा गया है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक वाहन स्वामियों को विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपने जिले का नाम, वाहन का पंजीकरण संख्या (आरसी), इंजन नंबर, चेसिस नंबर, खरीद की तिथि, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाते का विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दर्ज करनी होगी। मुख्यमंत्री बिहार पर्यावरण-अनुकूल परिवहन रोजगार योजना के तहत दोपहिया, तीनपहिया (वाणिज्यिक) तथा चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना के तहत 8 वर्षों में 5413 युवाओं को मिला प्रशिक्षण

## वर्तमान में राज्य के 9 प्रमुख केंद्रों पर 370 प्रशिक्षणार्थियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत वर्ष 2018 से अब तक 5 हजार 413 युवाओं ने विभिन्न आधुनिक ट्रेड्स में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है। योजना का उद्देश्य ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और ईबीसी (अतिपिछड़ा वर्ग) के युवा-युवतियों को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर एप्लीकेशन, ब्यूटी कल्चर, फैशन डिजाइनिंग, मशीनरी ऑपरेशन, वेल्डिंग, ड्राइविंग समेत कई उद्योग-उन्मुखी ट्रेड्स शामिल हैं। वर्तमान में राज्य के 9 प्रमुख केंद्रों (भागलपुर, मुंगेर, गोपालगंज, पूर्णिया, रोहतास, कटिहार और दरभंगा) पर कुल 370 प्रशिक्षणार्थियों का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप का भी पूरा अवसर दिया जा रहा है जिससे वे प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सीधे रोजगार प्राप्त कर सकें। सरकार की इस पहल को युवाओं में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। योजना न केवल बेरोजगारी घटाने में मदद कर रही है, बल्कि समाज के पिछड़े तबके को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विभाग के अनुसार योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भविष्य में प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी साथ ही नए ट्रेड्स को भी जोड़ा जायेगा।

# हंगामा छोड़ सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएं राहुल व तेजस्वी : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने 20 जुलाई 2026 से शुरू हो रहे बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र तथा दिल्ली में शुरू हो रहे संसद के सत्र के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील की है। श्री पांडेय ने कहा कि संसद और राज्य की विधानसभाएं लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है जहां जनता की समस्याओं और प्रदेश व देश के विकास पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ने सदनों को केवल राजनीतिक नौटंकी, हंगामा और व्यवधान का केंद्र बना दिया है। श्री पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी राष्ट्रीय स्तर पर और तेजस्वी यादव द्वारा अक्सर बिहार में फैलाए जाने वाले नकारात्मकता विपक्ष के रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए श्री पांडेय ने कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ भ्रम, झूठ और नकारात्मकता की राजनीति कर रहे हैं। एक जिम्मेदार विपक्ष के नेता के रूप में देश के विकास में रचनात्मक सुझाव देने के बजाय उनका पूरा ध्यान केवल संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने और हर मुद्दे पर गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी करने पर केंद्रित रहता है। देश की जनता उनके इस रवैये को देख रही है।

# पेपर लीक, भर्ती घोटाले और बेरोजगारी के खिलाफ 'छात्रों की गूंज' का आयोजन

## छात्रों के भविष्य के लिए सांसद पप्पू यादव ने भरी हुंकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना के मुसल्लहपुर हाट में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने पेपर लीक, भर्ती घोटालों, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हुंकार भरा। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में है और छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती घोटालों और बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पेपर लीक मुक्त बनाने के लिए जवाबदेह व्यवस्था लागू की जाए तथा सभी प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्तियों का वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए, ताकि छात्रों को अनिश्चितता का सामना न करना पड़े। सांसद ने कहा कि सरकार को छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी और सहयोगी नेता छात्रों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग भी दोहराई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी, प्रेमचंद सिंह, राजीव मेहता, छात्र नेता मनीष यादव, पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष शांतनु शेखर, रौशन शर्मा, सौम्या श्रीवास्तव और आलोक आनंद सहित कई वक्ताओं ने भी छात्रों के मुद्दों पर अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया और छात्रों के हितों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया प्रो. यशवंतराव केलकर की जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार एवं प्रमुख संगठनकर्ता प्रो. यशवंतराव (बसंत राव) केलकर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रो. यशवंतराव (बसंत राव) केलकर जी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार, दूरदर्शी चिंतक, विलक्षण संगठनकर्ता और राष्ट्रनिष्ठ शिक्षाविद् थे। उन्होंने केवल एक संगठन का निर्माण नहीं किया, बल्कि ऐसे राष्ट्रभक्त, चरित्रवान और समाजोन्मुख युवाओं की पीढ़ी तैयार करने का कार्य किया जिन्होंने शिक्षा, समाज, प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, न्याय, साहित्य और राष्ट्र-निर्माण के विविध क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के अमर संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत को विद्यार्थी जीवन का मंत्र बनाया। उन्होंने विद्यार्थी परिषद को केवल छात्र-संगठन नहीं रहने दिया, बल्कि उसे राष्ट्र चेतना का व्यापक आंदोलन बनाया। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति में अनुशासन, आत्मीयता, वैचारिक स्पष्टता और सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया। वे मानते थे कि संगठन का वास्तविक बल पदों में नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के संस्कार, समर्पण और चरित्र में निहित होता है।

# शिवालिक विश्वविद्यालय ने किया निर्माण 2047 अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शिवालिक विश्वविद्यालय ने 'निर्माण 2047' (नेशनल इनिशिएटिव फॉर इनोवेशन, रेडीनेस, रिसर्च, मेंटरशिप एंड एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज) अभियान का शुभारंभ किया। होटल लेमन ट्री प्रीमियर, पटना में आयोजित प्रधानाचार्य सम्मेलन में इस पहल की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का आयोजन एनआईआईटी फाउंडेशन और पाटलिपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में बिहार के 150 से अधिक विद्यालयों के चेयरमैन, निदेशक और प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। शिवालिक विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन अजय कुमार ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के दौरान चरणबद्ध तरीके से 50 से अधिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 12 घंटे का पूर्णतः निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित होगा। प्रशिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, डिजिटल सुरक्षा, नवाचार, डिजाइन थिंकिंग और समस्या समाधान जैसे विषय शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा मॉड्यूल का संचालन एनआईआईटी फाउंडेशन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नवाचार मॉड्यूल का संचालन शिवालिक विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ करेंगे। प्रशिक्षण पूरा करने वाले विद्यार्थियों को संयुक्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के भ्रमण का अवसर भी मिलेगा।

# आशीर्वाद ने गुणात्मक परंपरा अभियान के जरिए विश्वकर्मा महाराणा समुदाय को दिया सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** पुरी रथ यात्रा से अपने लंबे जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए आशीर्वाद ने गुणात्मक परंपरा अभियान की शुरुआत की है। यह विशेष सांस्कृतिक पहल भगवान जगन्नाथ के पवित्र रथ का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की कारीगरी और सदियों पुरानी परंपरा को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। अभियान शिल्पकला की विरासत और आशीर्वाद के क्वालिटी की गारंटी के वादे को एक साथ जोड़ता है। ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित इस अनुभव में भगवान जगन्नाथ के रथ निर्माण की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया है। इसका मुख्य आकर्षण रथ के पहिये और पारंपरिक पत्थर की चक्की के बीच स्थापित प्रतीकात्मक संबंध है जो गुणवत्ता, आस्था और परंपरा का संदेश देता है। इस विशेष अनुभव का उद्घाटन ओड़िया अभिनेत्री एलिना सामंतराय की मौजूदगी में हुआ। वहीं आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, स्टेपल्स बिजनेस यूनिट के चीफ एग्जीक्यूटिव अनुज रुस्तगी ने कहा कि 'गुणात्मक परंपरा' के माध्यम से विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की उत्कृष्ट कारीगरी और गुणवत्ता के प्रति उनके समर्पण को सम्मान दिया गया है।

# डॉ. आनंद रंजन झा को मिला 'आइकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत' सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए बिजनेस इन बिहार द्वारा प्रतिष्ठित 'आइकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत 2026' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. आनंद रंजन झा पिछले कई वर्षों से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने हजारों युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सम्मान पर डॉ. झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में और अधिक जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी पूरी टीम, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा सभी शुभचिंतकों के विश्वास और सहयोग को दिया।

# 31 जुलाई तक राजस्व विभाग की सभी लंबित कार्यों को पूरा करने का सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सर्वेक्षण कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। सचिव श्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा, लखीसराय एवं शिवहर जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी अनुपम प्रकाश सहित विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान सचिव जय सिंह ने सभी संबंधित जिलों के बंदोबस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि 31 जुलाई तक सर्वेक्षण कार्य से जुड़े सभी लंबित चरणों एवं आवश्यक प्रक्रियाओं को हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए, ताकि 15 अगस्त तक सर्वेक्षण कार्य के समापन का लक्ष्य समयबद्ध ढंग से प्राप्त किया जा सके।

# हुनर को मिलेगी नई उड़ान : तकनीकी दक्षता के लिए जीविका दीदियों को मिलेगी खास ट्रेनिंग

## विशेषज्ञों की टीमें दे रहीं दीदी की रसोई, नर्सरी और सिलाई-कढ़ाई से लेकर तकनीकी दक्षता तक का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है। इसमें सबसे अहम भूमिका निभाने वाली जीविका दीदियों को उनके कार्य कौशल में अधिक दक्ष बनाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत के बलबूते अलग-अलग उत्पाद तैयार करने वाली दीदियों के हुनर को मजबूत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद मिलेगी। राज्य में सक्रिय करीब 13 लाख स्वयं सहायता समूहों से एक करोड़ 81 लाख से भी ज्यादा दीदियां जुड़ी हुई हैं। यानी प्रत्येक समूह से कम से कम 10-12 की संख्या में यह दीदियां जुड़कर जीविकोपार्जन से संबंधित अलग-अलग गतिविधियां संचालित कर रही है। इनमें मुख्य रूप से सिलाई-कढ़ाई, रसोई, लाइब्रेरी, नर्सरी आदि संचालन का पूरा कार्यभार इन दीदियों ने संभाल रखा है। ग्रामीण विकास के साथ दूसरे विभागों के आपसी सहयोग में आने वाले दिनों में राज्य के प्रत्येक ग्राम पंचायत में इन दीदियों को डेयरी संचालन की भी जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी की जा रही है। जीविका दीदियों के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद और उसकी उचित बाजार तक पहुंच सुनिश्चित कराने की मंशा से ग्रामीण विकास विभाग लगातार योजनाओं पर काम कर रहा है। हाल ही में विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीविका दीदियों को विशेष ट्रेनिंग दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इधर, जीविका के अधिकारियों का कहना है कि मंत्री और प्रधान सचिव से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में ही समूहों से जुड़ीं इन दीदियों के लिए अलग-अलग जिलों में विशेष ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इसमें इन दीदियों को सिलाई-कढ़ाई, पशुपालन के साथ ही दूसरे कई क्षेत्रों में कौशल विकास से संबंधित जानकारी विशेषज्ञों की टीम दे रही है।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना में 'टीम जोश' का पदस्थापन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना के 84वें पदस्थापन समारोह का भव्य आयोजन रविवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में रोटेरियन डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने वर्ष 2026-27 के लिए क्लब के अध्यक्ष तथा रोटेरियन डॉ. दयानिधि कुमार ने सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी 'टीम जोश 2026-27' का विधिवत पदस्थापन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. हेमंत कुमार, विशिष्ट अतिथि रुबन हॉस्पिटल्स के संस्थापक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग, आरआइ प्रेसिडेंट्स रिप्रेजेंटेटिव रोटेरियन ओलायिंका हकीम बाबातोला, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. वी. पी. सिंह, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों, वरिष्ठ रोटेरियनों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी में रोटेरियन डॉ. रवि कुमार सिन्हा (अध्यक्ष), रोटेरियन डॉ. दयानिधि कुमार (सचिव), रोटेरियन सरिता प्रसाद (कोषाध्यक्ष) रोटेरियन रश्मि कुमारी (इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट), रोटेरियन अरिजीत मित्रा (प्रेसिडेंट-इलेक्ट), रोटेरियन डॉ. अनामिका नंदन (उपाध्यक्ष), रोटेरियन सैकत सेन गुप्ता (संयुक्त सचिव), निदेशक पीपी रोटेरियन रमेश चन्द्र, पीपी रोटेरियन अनुज राज, रोटेरियन अनुप कुमार पालित, रोटेरियन हिमांशु रंजन, रोटेरियन कविता नाथ एवं रोटेरियन शैलेन्द्र कुमार तथा सार्जेंट-एट-आर्म्स रोटेरियन डॉ. आर. के. पोद्दार एवं रोटेरियन डॉ. शिप्रा भारती ने पदभार ग्रहण किया।

# संपादकीय

## सोनम वांगचुक, बिगड़ती सेहत- क्या सरकार की चुप्पी ही असली परीक्षा है?

सरकार को उनसे बातचीत करना और अनशन खत्म कराना जरूरी नहीं लग रहा है। सवाल है कि सरकार के ऐसे रुख को लोकतंत्र के आईने में किस नजरिए से देखा जाएगा। शनिवार को भी सोनम वांगचुक दवा लेने से इंकार कर दिया था। किसी भी लोकतंत्र में जनता की ओर से अगर सरकार के रुख या उसकी नीतियों पर सवाल उठाया जाता है, तो एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह स्वाभाविक स्थिति है। ऐसे में सरकार का दायित्व होता है कि वह उन सवालों पर विचार करे, हर संभव और संतुष्ट करने वाला उचित उत्तर दे। विडंबना यह है कि कई बार सरकार की ओर से जन-आंदोलनों को लेकर उदासीनता या फिर उपेक्षा का भाव दिखाया जाता है और इसी वजह से कोई समस्या सुलझने के बजाय और ज्यादा जटिल हो जाती है।नीट परीक्षा में गड़बड़ी के विरोध में जब युवाओं ने दिल्ली के जंतर मंतर पर आंदोलन शुरू किया, तभी सरकार को उनके साथ बातचीत करके कोई समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए थी। मगर सरकार की अनदेखी के बाद भी जिस तरह लोगों ने इस मसले पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को उठाना जारी रखा है, उससे साफ है कि वे फिलहाल इसे एक प्रतीकात्मक हल की तरह देख रहे हैं। हैरानी की बात है कि सरकार को आंदोलनकारियों के साथ संवाद स्थापित करके कोई रास्ता निकालना जरूरी नहीं लग रहा।हालांकि सरकारी उदासीनता के बावजूद प्रश्नपत्र लीक होने और परीक्षा रद्द होने के मुद्दे पर शुरू हुआ आंदोलन अभी जारी है और अब कई नेता भी वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। मगर इस बीच पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन के साथ जुड़ने और अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने के बाद जंतर मंतर पर युवाओं के आंदोलन को नई गति मिली है और वे अपनी मुख्य मांग पूरी करने पर जोर दे रहे हैं।मगर यह चिंता की बात है कि करीब तीन हफ्ते से लगातार अनशन पर रहने की वजह से जहां सोनम वांगचुक की सेहत में लगातार गिरावट आ रही है, वहीं सरकार को उनसे बातचीत करना और अनशन खत्म कराना जरूरी नहीं लग रहा है। सवाल है कि सरकार के ऐसे रुख को लोकतंत्र के आईने में किस नजरिए से देखा जाएगा। क्या यह सरकार के लिए एक शर्मिंदा करने वाली स्थिति नहीं होनी चाहिए कि दिल्ली उच्च न्यायालय को यह याद दिलाना पड़ रहा है कि अनशन पर बैठे एक आंदोलनकारी को लेकर सरकार का क्या दायित्व होना चाहिए?गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य पर हर रोज नजर रखें और जरूरत पड़ने पर उन्हें चिकित्सीय मदद मुहैया कराएं। अदालत ने एक अहम टिप्पणी की कि जिंदगी अनमोल है और उसे बचाने के लिए अधिकारियों को सारे चिकित्सीय प्रयास करने चाहिए।

# बारिश नहीं, कुप्रबंधन है असली गुनहगार- आखिर हर मानसून में क्यों डूब जाते हैं भारत के शहर?

(बलवंत राज मेहता)

जलवायु परिवर्तन ने कई चुनौतियों को और कठिन बना दिया है। अब वर्षा का स्वरूप बदल गया है। पहले जो पानी कई दिनों में गिरता था, वह अब कुछ घंटों में गिर जाता है। ऐसे में पचास-साठ वर्ष पुराने मानकों पर बनी सीवर व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है।

काले बादलों के बीच भारी बारिश के बाद पानी में डूबी शहरी सड़क, जलमग्न वाहन, पैदल चलते लोग और अवरुद्ध नाला–भारतीय शहरों में मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति को दर्शाता। वर्षा ऋतु को लेकर भारतीय मानस में अप्रतिम लगाव रहा है। यही वह समय है जब किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए काले मेघों के घुमड़ने का इंतजार करते हैं। बरसात में देरी हो जाए, तो फसलों पर असर पड़ने की संभावना होती है। बारिश की बूंदें पड़ते ही तृषित धरती भी शीतल होने लगती है और चारों ओर फिर से हरियाली छाने लगती है।

भारतीय परंपरा में चौमासे का खास महत्त्व है। सावन का नाम लेते ही लोकगीत, झूले लहलहाती फसलों के साथ जीवन का उल्लास आंखों के सामने तैरने लगता है। मगर विडंबना देखिए कि यही बारिश आज शहरों में भय का पर्याय बनती जा रही है। बादल बरसते हैं, तो महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक सड़कें नदियों में बदल जाती हैं। कहीं वाहन बह जाते हैं, कहीं अस्पतालों में पानी भर जाता है, तो कहीं हवाईअड्डे ठप पड़ जाते हैं। कई बार तो लोग अपने घरों में कैद होकर रह जाते हैं। यह दृश्य अब अपवाद नहीं, लगभग हर मानसून में यह विवशता दिखाई देती है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या भारत में सचमुच बारिश अधिक हो रही है या हमारी शहरी व्यवस्था सिकुड़ गई है? उत्तर दूसरा अधिक सटीक प्रतीत होता है। प्रकृति ने अपना स्वभाव पूरी तरह नहीं बदला। दरअसल, हमने अपने शहरों का चरित्र बदल दिया है। जिन तालाबों में पानी रुकना चाहिए था, वहां बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी गईं। जिन नालों से वर्षा का पानी निकलता था, वहां मकान बना दिए गए। जिन आर्द्रभूमियों को शहर का 'प्राकृतिक गुर्दा' कहा जाता है, उन्हें कंक्रीट से ढक दिया गया। अब पानी अपने पुराने रास्ते खोजता है, तो हम उसे 'आपदा' कह देते हैं।

हमारी नगर योजनाओं में वर्षों तक एक गंभीर भूल होती रही। शहरों को केवल आबादी बसाने की जगह समझा गया, जबकि पानी के प्रवाह का विज्ञान लगभग भुला दिया गया। सड़कें चौड़ी होती गईं, लेकिन नालियां संकरी होती चली गईं। तालाब और बावड़ियां लुप्त होती चली गईं। सीमेंट और डामर ने धरती की सांसें बंद कर दीं। पानी के जमीन में उतरने के रास्ते खत्म होते गए। परिणाम यह हुआ कि कुछ घंटों की बारिश पूरे शहर की गति रोक देती है।

यह भी सच है कि जलवायु परिवर्तन ने कई चुनौतियों को और कठिन बना दिया है। अब वर्षा का स्वरूप बदल गया है। पहले जो पानी कई दिनों में गिरता था, वह अब कुछ घंटों में गिर जाता है। ऐसे में पचास-साठ वर्ष पुराने मानकों पर बनी सीवर व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है। नाले उफनने लगते हैं। सड़कें नदी बनने लगती हैं। ऐसे में व्यवस्था से अपेक्षा करना स्वयं को धोखा देना है।

इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0), वर्षा जल संचयन, शहरी बाढ़ प्रबंधन और 'स्पंज सिटी' जैसी अवधारणाओं को आगे बढ़ाना एक सकारात्मक पहल है। यदि इन योजनाओं का ईमानदारी से क्रियान्वयन हुआ, तो भारतीय शहरों की तस्वीर बदल सकती है, लेकिन भारत का अनुभव यह भी कहता है कि किसी योजना की सफलता उसकी घोषणा में नहीं, उसके धरातल पर दिखाई देने वाले परिणामों में होती है।

'स्पंज सिटी' शब्द सुनने में आधुनिक लगता है, पर उसकी मूल अवधारणा भारतीय परंपरा से बहुत दूर नहीं है। हमारे गांवों में जोहड़ थे, बावड़ियां थीं, तालाब थे, खुले मैदान थे और खेतों की मेड़ें थीं। तब बरसात का पानी जमीन में समा जाता था। शहरों ने इन सबको विकास की राह में बाधा मान लिया। अब वही शहर करोड़ों रुपए खर्च करके कृत्रिम जलाशय और 'रेन गार्डन' बनाने की योजना बना रहे हैं। इसे विडंबना कहें या विकास की अधूरी समझ? समस्या केवल तकनीकी नहीं, प्रशासनिक भी है।

हर वर्ष मानसून आने से कुछ दिन पहले नालों की सफाई का अभियान शुरू होता है। कैमरों के सामने कचरा निकलता है, प्रेस विज्ञप्तियां जारी होती हैं। कुछ दिनों बाद पहली तेज बारिश सारी तैयारियों की पोल खोल देती है। यदि जल निकासी व्यवस्था बारह महीने की जिम्मेदारी न होकर केवल मानसून पूर्व औपचारिकता बनी रहेगी, तो स्थिति नहीं बदलेगी।

नगर निकायों की जवाबदेही तय किए बिना इस संकट का समाधान संभव नहीं है। किसी शहर में यदि हर वर्ष वही सड़कें डूबती हैं, वही अंडरपास जलमग्न होते हैं और वही इलाके जलभराव का शिकार होते हैं, तो इसे प्राकृतिक आपदा नहीं कहा जा सकता। यह प्रशासनिक विफलता है। दुर्भाग्य यह है कि हमारे यहां जिम्मेदारी तय करने की संस्कृति अभी भी कमजोर है। बारिश समाप्त होते ही फाइलें भी सूख जाती हैं और अगले मानसून तक सब कुछ भुला दिया जाता है।

समाज भी इस विफलता से पूरी तरह मुक्त नहीं है। नालियों में प्लास्टिक फेंकना, जल निकासी मार्गों पर अतिक्रमण करना, वर्षा जल संचयन की व्यवस्था न बनाना और सार्वजनिक स्थानों को कूड़ाघर में बदल देना भी जलभराव को आमंत्रित करता है। शहरों की देखरेख सरकार करती है, लेकिन नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है। सबका अपना दायित्व है।

मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, कोलकाता और गुवाहाटी जैसे शहर वर्षों से इस मौसम में बाढ़ की मार झेल रहे हैं। राजस्थान जैसे अपेक्षाकृत कम वर्षा वाले प्रदेश में भी जयपुर, जोधपुर और कोटा में कुछ घंटों की बारिश के बाद सड़कों का डूब जाना बताता है कि समस्या केवल बारिश की मात्रा नहीं, बल्कि शहरी नियोजन की गुणवत्ता है। दूसरी ओर इंदौर, सूरत और कुछ अन्य शहरों ने यह संकेत भी दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो सुधार असंभव नहीं है।

यह कहना जल्दबाजी होगी कि 2030 तक भारत पूरी तरह जलभराव मुक्त हो जाएगा। इतना बड़ा दावा तभी विश्वसनीय होगा, जब शहरों के मास्टर प्लान में प्राकृतिक जल निकासी को प्राथमिकता मिले, अवैध अतिक्रमण हटें, प्रत्येक नए भवन में वर्षा जल संचय अनिवार्य रूप से लागू हो, नालों का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्निर्माण हो और शहरी विकास का हर निर्णय जल विज्ञान को ध्यान में रख कर लिया जाए। केवल योजनाओं के नाम बदलने या नई समय-सीमा घोषित करने से शहर नहीं बदलते। दरअसल, जलभराव का संकट हमें विकास की एक बड़ी



भूल की याद दिलाता है। हमने शहरों को रहने योग्य बनाने के बजाय केवल फैलाने का प्रयास किया। भारत को यदि सचमुच विकसित राष्ट्र बनना है, तो उसे अपने शहरों को पानी से लड़ना नहीं, पानी के साथ जीना सिखाना होगा।

यह प्रश्न केवल जलभराव का नहीं, शासन की प्राथमिकताओं और विकास की दिशा का है। जिस देश ने सदियों पहले तालाबों, बावड़ियों, जोहड़ों और जलमार्गों की ऐसी परंपरा विकसित की थी, वही आज बारिश की कुछ घंटों की मार से पंगु हो जाता है। यह विडंबना किसी प्राकृतिक अभिशाप की नहीं, बल्कि नियोजन की भूलों की कहानी है। शहरों को स्मार्ट बनाने की होड़ में उन्हें संवेदनशील बनाना हम भूल गए। विकास तब तक अधूरा रहेगा, जब तक वह प्रकृति के साथ संवाद करना नहीं सीखता।

यदि अमृत 2.0, 'स्पंज सिटी' और वर्षा जल संचयन जैसी पहलें कागज से निकल कर ईमानदारी से जमीन पर उतरती हैं, तो आने वाले वर्षों में तस्वीर बदल सकती है, लेकिन यदि अतिक्रमण, लापरवाही और जवाबदेही का अभाव यों ही बना रहा, तो हर मानसून नई घोषणाएं करेगा और हर बरसात पुराने जख्म हरे करेगी। आखिर बारिश कब तक बेगुनाह होकर भी कठघरे में खड़ी रहेगी?

## जिस नदी को हमने गंदा किया, आज उसी से पानी मांग रहे हैं

सभ्यता में जिस पानी को हमारे प्राचीन पुराणों और शास्त्रों में साक्षात 'जीवन' का पर्यायवाची माना गया है, उसी के पवित्र गले में इंसानों ने अपनी चमचमाती फैक्टरियों की बदबूदार और काली नालियां बेझिझक डाल दीं।

जल का कोई अपना रंग नहीं होता। उसे जिस पात्र में डाला जाए, वह उसी का रूप धर लेता है, लेकिन इंसानी सभ्यता का चरित्र यह रहा है कि उसने नदी को पात्र में कम, अपनी महत्त्वाकांक्षाओं के सांचे में ज्यादा ढाला है। नदी जब पहाड़ों की गोद में एक अल्हड़, निश्छल और बेपरवाह बच्चे की तरह किलकारियां मारती हुई नीचे की तरफ भागती थी, तब इंसानों ने श्रद्धावश उसकी लहरों को देखकर तालियां बजाई और उसे 'शानदार नदी' का पावन खिताब दिया। वैदिक ऋचाओं के उस कालखंड को याद करें, तो ऋग्वेद के नदी सूक्त का वह मंत्र कानों में गूंज उठता है, जहां नदियों की स्तुति करते हुए उन्हें 'अम्बितमे नदीतमे देवितमे सरस्वति' कहा गया था, यानी जो माताओं में सर्वश्रेष्ठ है, नदियों में उत्तम है और देवियों में प्रधान है।

समय बदला और जब नदी ने थोड़ा ठहरना, थोड़ा संभलना और थोड़ा गंभीर होना सीखा, तो मैदानी इलाकों में आकर इन्हीं इंसानों ने उसके ऊपर 'गंभीर दरिया' की नई तख्ती लटका दी। मुसाफिरों और शायरों ने उसकी लहरों के इस ठहराव को देखकर शेर-ओ-शायरी की महफिलें सजानी शुरू कर दीं। किसी ने इब्न-ए-इंशार की तरह गुनगुनाया कि 'इस नदी पर कोई घाट नहीं, इस दरिया का कोई साहिल नहीं', तो किसी ने उसकी गहराई को इंसानी इश्क की इंतिहा बता दिया। मगर यह नामों का खेल दरअसल नदी के वजूद का सम्मान नहीं, बल्कि इंसान की अपनी सहूलियत का एक तराशा हुआ बहाना भर है।

जब वह मीलों का सफर तय करके थककर चूर हो गई और आखिर समंदर की अनंत गोद में जाकर चुपचाप गुम हो गई, तो लोगों ने उसके ऊपर 'विशाल समंदर' का एक बड़ा-सा बोर्ड टांग दिया और उसे एक नई पहचान दे दी। जीवनदायिनी नदियों को सिर्फ निरंतर बहते रहना था।

सभ्यता में जिस पानी को हमारे प्राचीन पुराणों और शास्त्रों में साक्षात 'जीवन' का पर्यायवाची माना गया है, उसी के पवित्र गले में इंसानों ने अपनी चमचमाती फैक्टरियों की बदबूदार और काली नालियां बेझिझक डाल दीं। जिन नदियों को जीवन का स्रोत माना गया, उनकी पूजा की गई, आज वही जल रासायनिक कचरे की वजह से अपना जीवन-तत्त्व खो रही है। अब नदियों की लहरों का रंग न तो आसमान जैसा नीला रह गया है और न ही वादियों जैसा हरा, बल्कि वह एक अजीबोगरीब गाढ़े कत्थई रंग के जहर में तब्दील हो गई दिखती है।आधुनिक शहर के संभ्रांत लोग रोजाना शाम को उसके इन प्रदूषित किनारों पर टहलने आते थे, अपने लाखों रुपए के कैमरों से उसकी लाचारी और बदहाली की खूबसूरत तस्वीरें खींचते थे, फिर सोशल मीडिया पर 'प्रकृति का प्रेमी' तथा 'जल बचाओ' का तमगा लगा कर वाहवाही लूटते थे। विडंबना यह कि वे उसी वक्त अपनी कारों में रखा प्लास्टिक का ढेर सारा कचरा और जहरीली बोतलें नदी में फेंक देते थे। वह नदी हर पल घुट रही थी, चीख रही थी, लेकिन उसकी करुण पुकार उनके लाउडस्पीकरों के शोर में घुट रही थी।

यहां तक कि रहीम का वह प्रसिद्ध दोहा भी अब एक मजाक लगने लगा था, जहां उन्होंने कहा था, 'रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।' इंसानों ने पानी रखने की चिंता तो छोड़ दी थी, अलबत्ता जो पानी बचा था, उसे भी पूरी तरह से बेजान और बेआबरू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

जो नदियां कभी मीलों चौड़ी हुआ करती थीं, अब महज एक पतली बदबूदार लकीर बनकर रह गई हैं। ठीक वैसे ही, जैसे किसी मरणासन्न और बेहद बीमार बूढ़े इंसान के हाथों पर नीली और सूखी हुई नसें उभर आती हैं। पूरे शहर में पानी का एक भयंकर और हाहाकारी अकाल पड़ गया था। विरोधाभास यह था कि जो लोग कल तक उसमें फैक्टरियों की गंदगी से लेकर मल-मूत्र बहाते थे, आज वही लोग प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी बाल्टियां और डिब्बे लेकर उसके सूखे हुए किनारों पर कतारें लगाकर खड़े दिखते हैं। उनके चेहरों पर कई बार प्यास से ज्यादा अपनी मौत का एक गहरा और खौफनाक मंजर साफ दिखता है।

इंसानी लालच ने नदियों के प्राकृतिक भूगोल को एक कृत्रिम इतिहास में तब्दील कर दिया है। वे तमाम भविष्यवाणियां और चेतावनियां आज सच साबित हो रही हैं, जहां प्रकृति के असंतुलन को विनाश का सूचक बताया गया था। जिस जल को 'अमृत' कहा गया, वह आज कंक्रीट की बलिवेदी पर अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। जब नदी के बहते हुए पानी का मूल्य केवल टर्बाइन और डालर के तराजू पर तौला जाने लगे, तो सभ्यता का मानसिक अकाल साफ दिखने लगता है।

यह कैसी प्रगति है, जहां विकास के बड़े-बड़े विज्ञापनों के पीछे एक जलस्रोत की मरणशील चीखें छिपी हुई हैं? यह जल का संकट नहीं है, बल्कि यह इंसानी संवेदनाओं के पूरी तरह से सूख जाने का वैश्विक प्रमाण है।

जब नदी का वजूद ही समाप्त हो जाता है, तो उसके साथ वे तमाम सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासतें भी मौन हो जाती हैं, जो सदियों से उसके किनारों पर फली-फूली थीं।

# घृणा, गरीबी और असमानता- क्या भारत का विकास हाशिये के आखिरी आदमी तक पहुंच पाया है

( संतोष पटेल )

> 'घृणा' एक ऐसा शक्तिशाली और विनाशकारी भाव है, जिसने मानव इतिहास के पृष्ठों को रक्त और राख से रंगा है। शेक्सपियर ने प्रेम और घृणा को व्यक्तित्व के दो ध्रुव बताया है। वास्तविकता यह है कि घृणा में जलने वाला व्यक्ति अपनी समस्त ऊर्जा उस व्यक्ति या व्यवस्था के प्रति समर्पित कर देता है, जिसे वह नापसंद करता है। यह एक ऐसी आत्मघाती प्रक्रिया है, जो पाने वाले का कम, लेकिन उसे पोषित करने वाले का सर्वस्व नष्ट कर देती है। तथागत बुद्ध ने 'धम्मपद' में इस शाश्वत सत्य को अत्यंत स्पष्टता से रेखांकित किया है—इस संसार में द्वेष कभी भी द्वेष से शांत नहीं होता, वह केवल अद्वेष, प्रेम और करुणा से ही शांत होता है।

मानव सभ्यता के इतिहास पर अगर हम निष्पक्ष दृष्टि डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि प्राकृतिक आपदाओं, महामारियों या हिंसक वन्यजीवों ने मानवता को उतना नुकसान नहीं पहुंचाया है, जितना स्वयं मनुष्य ने मनुष्य को पहुंचाया है। पशु जगत में हिंसा का आधार प्रायः जैविक है - भूख या आत्मरक्षा।

मगर मनुष्य ही एकमात्र ऐसी प्रजाति है, जो बिना किसी स्पष्ट उकसावे के, विचारधारा, धर्म, जाति या वर्चस्व के नाम पर संगठित हिंसा को अंजाम देती है। घृणा और असहिष्णुता का यह विषाक्त वातावरण एक ऐसी पीढ़ी को जन्म देता है, जो विरासत में ही द्वेष की घुट्टी लेकर पैदा होती है।

जब हम घृणा, गरीबी और शोषण के अंतर्संबंधों पर बात करते हैं, तो प्रगतिशील कवि और गीतकार साहिर लुधियानवी की कालजयी पंक्तियां मानस पटल पर उभर आती हैं। उन्होंने अपनी नज्म 'चकलें' में उस कड़वे सच को उकेरा था, जो आज भी हमारे आधुनिक समाज के चेहरे पर एक तमाचा है– 'संसार की हर एक बेशर्मी, गुरबत की गोद में पलती है/ चकले ही में आकर रुकती हैं, फाकों (भूख) में जो राहें निकलती हैं।'

'घृणा' एक ऐसा शक्तिशाली और विनाशकारी भाव है, जिसने मानव इतिहास के पृष्ठों को रक्त और राख से रंगा है। शेक्सपियर ने प्रेम और घृणा को व्यक्तित्व के दो ध्रुव बताया है। वास्तविकता यह है कि घृणा में जलने वाला व्यक्ति अपनी समस्त ऊर्जा उस व्यक्ति या व्यवस्था के प्रति समर्पित कर देता है, जिसे वह नापसंद करता है। यह एक ऐसी आत्मघाती प्रक्रिया है, जो पाने वाले का कम, लेकिन उसे पोषित करने वाले का सर्वस्व नष्ट कर देती है। तथागत बुद्ध ने 'धम्मपद' में इस शाश्वत सत्य को अत्यंत स्पष्टता से रेखांकित किया है–इस संसार में द्वेष कभी भी द्वेष से शांत नहीं होता, वह केवल अद्वेष, प्रेम और करुणा से ही शांत होता है।

दरअसल, अपराध और सामाजिक पतन का मूल कारण आमतौर पर व्यक्ति का जन्मजात चरित्र नहीं, बल्कि व्यवस्था द्वारा थोपी गई दरिद्रता, बेबसी और निरंतर अभाव होता है। जब एक समाज अपनी ही संतानों को भूख और हताशा के आगे घुटने टेकने पर मजबूर कर देता है, तो उस समाज में मानवीय मूल्यों का क्षरण होना स्वाभाविक है। साहिर का मार्मिक सवाल 'जिन्हें नाज है हिंद पर, वो कहां हैं' आज भी उन सत्ताधीशों, नीति-निर्माताओं और संभ्रांत वर्ग को झकझोरने के लिए पर्याप्त है, जो विकास की चकाचौंध और बड़े-बड़े आंकड़ों में तो चमकते हैं, लेकिन हाशिये पर खड़े उस अंतिम व्यक्ति की पीड़ा को देखने से कतराते हैं, जिसके श्रम से यह राष्ट्र खड़ा है।



अक्सर हम सामाजिक अपराधों और दंगों को केवल व्यक्तिगत नैतिक पतन या सांप्रदायिक कट्टरता के रूप में देखते हैं, जबकि इसका एक गहरा आर्थिक आधार भी है। शहरों में जिस प्रकार का विभाजन हुआ है, वह बढ़ती असमानता का जीवंत प्रमाण है। जब एक तरफ समृद्धि के उत्तुंग शिखर हों और दूसरी तरफ सुविधाओं से वंचित मलिन बस्तियां, तो वहां उपजे आक्रोश की पृष्ठभूमि को समझा जाना चाहिए। यह आक्रोश केवल गरीबी का परिणाम नहीं है, बल्कि संसाधनों के अनुचित वितरण, अवसर की असमानता और निरंतर शोषण का संचित परिणाम है।

गरीब वर्ग स्वभाव से कहीं अधिक सहिष्णु और कानून का पालन करने वाला होता है, लेकिन जब उसे यह अहसास होता है कि व्यवस्था, भ्रष्टाचार, अकर्मण्यता और पक्षपात के कारण उसके हकों को कुचला जा रहा है, तो उसके भीतर 'सापेक्षिक वंचना' का भाव जागृत होता है।

आज के भारत में एक साथ कई शताब्दियां जी रही हैं– कहीं बैलगाड़ी है, तो कहीं लेम्बोर्गिनी। उपभोक्तावादी संस्कृति ने अमीर और गरीब के बीच की गहरी खाई को और अधिक चौड़ा कर दिया है। अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, लेकिन यह विकास वंचित वर्गों के लिए समावेशी नहीं बन पाया है। जो लोग विकास की इस दौड़ में पीछे छूट गए हैं, उनका धैर्य अब जवाब दे रहा है।

यह नीति-निर्माताओं के लिए खतरे की घंटी है। यदि हम शहरी विकास के नाम पर केवल उन लोगों की सुविधा सुनिश्चित करेंगे, जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं, तो हम उन लाखों-करोड़ों लोगों की उपेक्षा कर रहे हैं, जिनके श्रम और पसीने पर यह पूरी शहरी सभ्यता और उसके आराम का ढांचा टिका है।

आजादी के अमृतकाल में भी हम केवल 'मुफ्त की योजनाओं' और लोक-लुभावन वादों के सहारे समाज को सांत्वना दे रहे हैं। सच्चाई यह है कि ये कृत्रिम और तात्कालिक उपचार अब नाकाफी हैं। राष्ट्र की वास्तविक वृद्धि तब होगी, जब युवाओं को उनके परिश्रम का उचित प्रतिफल मिलेगा, तंत्र में संवेदनशीलता होगी और विकास की मुख्यधारा में हर हाथ को काम मिलेगा। यह न केवल सामाजिक न्याय का तकाजा है, बल्कि बढ़ते हुए मध्य वर्ग के लिए भी आत्म-संरक्षण का प्रश्न है। अगर मध्य वर्ग हाशिये के समाज को साथ लेकर नहीं चलता, तो सामाजिक विखंडन और अराजकता का खतरा बना रहेगा।

आज हमें ऐसे दूरदर्शी विचारकों और नेतृत्व की आवश्यकता है, जो एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकें जो केवल सांख्यिकी में नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा में उन्नत हो। घृणा का उन्मूलन केवल उपदेशों या कठोर कानूनों से नहीं, बल्कि समानता और न्यायपूर्ण वितरण से होगा। जब एक मजदूर का बेटा यह महसूस करेगा कि राष्ट्र उसके सपने का भी उतना ही सम्मान करता है, जितना कि किसी बड़े कॉरपोरेट जगत के नायक का, तभी 'भारत' का विचार पूर्ण होगा।

समय आ गया है कि हम 'दलों' और 'दस्तावेजों' की राजनीति से ऊपर उठकर एक ऐसे समावेशी भारत का निर्माण करें, जहां किसी भी नागरिक को घृणा, भूख या अभाव की गोद में न पलना पड़े। सच्चा राष्ट्रवाद वही है, जो अपने सबसे कमजोर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान ला सके।

# राजकीयकृत राजेंद्र उच्च विद्यालय धनपाड़ा का मुख्यमंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक साथ बिहार के 38 जिले के 534 प्रखंड के 551 मॉडल स्कूल को ऑनलाइन उद्घाटन किए। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल प्लस टू राजकीयकृत राजेंद्र उच्च विद्यालय धनपाड़ा का भी ऑनलाइन उद्घाटन हुआ। इस मौके पर सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल प्लस टू राजकीयकृत राजेंद्र उच्च विद्यालय धनपाड़ा में प्रधानाध्यापक संजय कुमार झा, पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव,पूर्व मुखिया सह जदयू एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार उरांव,जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद,जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष बब्बन सिंह,पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार



गोस्वामी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। इनके बाद मॉडल स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह कुरेठा पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव के द्वारा लाल फीता काटकर किया गया। पंचायत के मुखिया श्री यादव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का शुक्रगुजार हूं जो की मेरे ही पंचायत के स्कूल को मॉडल स्कूल घोषित किया। इस विद्यालय से मैं 1986 में पढ़कर मैट्रिक किए थे। छात्र - छात्राएं विद्यालय से पढ़कर डीएम,एसपी आदि बनेंगे।वहीं प्रधानाध्यापक संजय कुमार झा ने कहा कि मॉडल स्कूल में नामांकन करने के लिए पहले सभी छात्र - छात्राओं को वर्ग आठ पास करना होगा उनके बाद ही उनका नामांकन मॉडल स्कूल में होगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार झा, शिक्षक सीता मिश्रा, जयप्रकाश भगत, ददन कुमार सिंह, विशाल कुमार झा, कमरेंद्र कुमार मंडल, कुमारी मंजू भगत, केसरी नंदन मौर्य, अमित कुमार सिंह, विवेक कुमार, सुजीत कुमार, गजाला तरन्नुम, चंद्रकांत चौहान, सबीहा कौसर, प्रिया कुमारी, अभिषेक कुमार, नितेश कुमार, विजय कुमार पाल, विशाल कुमार दास, चंदन कुमार, जितेश कुमार, मनीषा भारती, विकास मिश्रा, मोहम्मद सादिक हुसैन, मोहम्मद फारूक, हुमा मुर्तजा, मेहरूनिशा, मोहम्मद आजाद, केतन कुमार, नीलम देवी, अभिभावक जीवछ मंडल आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या निकेतन के स्थापना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना : विधायक

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय टिकैली में सरस्वती शिक्षा निकेतन आदर्श विद्यालय का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से विद्यालय का लोकार्पण किया। इसको लेकर विद्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश राय की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी, प्रमुख शुभम कुमार यादव,पूर्व प्रमुख सह पंसस सूरज साह सहित पंचायत राज प्रतिनिधि,शिक्षाविद, राजनीति व सामाजिक कार्यकर्ता, अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। विधायक ने अन्य प्रतिनिधियों के साथ विद्यालय के शिलापट का अनावरण तथा कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा का विकास राजग सरकार की प्राथमिक सूची में रही है।सभी पंचायतों में उच्च माध्यमिक की पढाई एवं प्रखंड में हीं डिग्री की पढाई शुरू होना, इसका जीता -जागता उदाहरण है।उन्होंने कहा कि आज प्रखंड को मॉडल स्कूल भी मिल गया। मुख्यमंत्री ने इसका वर्चुअल लोकार्पण कर दिया है।विधायक श्री गोस्वामी ने मॉडल स्कूल की स्थापना को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

## पोठिया थाना के निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुमन शर्मा ने रखी मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** कटिहार के आरक्षी अधीक्षक परिचय कुमार ने शनिवार की शाम पोठिया थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डूमर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुमन शर्मा ने



उनसे मुलाकात कर समेली प्रखंड को थाना का दर्जा देने की वर्षों पुरानी मांग को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने समेली की भौगोलिक स्थिति, बढ़ती आबादी और कानून-व्यवस्था की आवश्यकताओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं से एसपी को अवगत कराया। सुमन शर्मा ने बताया कि समेली प्रखंड भौगोलिक रूप से कुसेर्ला, पोठिया और फलका थाना क्षेत्रों में विभाजित है। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकी दर्ज कराने, पुलिस सहायता प्राप्त करने और अन्य कानूनी कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1993 में समेली प्रखंड का गठन हुआ, लेकिन तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इसे आज तक थाना का दर्जा नहीं मिल सका है। उन्होंने एसपी को बताया कि पोठिया ओपी की स्थापना वर्ष 1918 में हुई थी। बाद में इसे थाना का दर्जा तो दे दिया गया, लेकिन आज तक थाना भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि बिहार के वर्तमान पुलिस महानिदेशक विनय कुमार जब कटिहार के एसपी थे, तब उनके कार्यकाल में पोठिया ओपी परिसर में आगंतुक कक्ष का निर्माण कराया गया था। सुमन शर्मा ने कहा कि समेली थाना की मांग कोई नई नहीं है। इस संबंध में पूर्णिया के पूर्व आईजी सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष वर्षों से मांग उठाई जाती रही है। लेकिन हर बार यह मामला फाइलों तक ही सीमित रह गया। उन्होंने आरोप लगाया कि समेली थाना निर्माण से जुड़ी फाइलें बार-बार दबा दी जाती हैं, जिससे क्षेत्रवासियों की उम्मीदें अधूरी रह जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि समेली प्रखंड से राष्ट्रीय राजमार्ग-31,राज्य राजमार्ग-77 ,राज्य राजमार्ग-65 सहित प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजनाओं के महत्वपूर्ण मार्ग गुजरते हैं। लगातार बढ़ते आवागमन, व्यावसायिक गतिविधियों और जनसंख्या को देखते हुए यहां अलग थाना की स्थापना समय की आवश्यकता बन चुकी है। आरक्षी अधीक्षक परिचय कुमार ने सुमन शर्मा द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, एसआई धर्मेंद्र कुमार, एसआई सूरज कुमार, एसआई डोली कुमारी सहित बिहार पुलिस के अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### लहरू स्मारक विद्यालय में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनिहारी प्रखंड के लहरू स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, नवाबगंज में शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक रंजन सिन्हा एवं शिक्षकों ने अतिथियों का बुके और पुष्पमाला देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर की



गई।वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 551 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालयों का उद्घाटन एवं विभिन्न विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा कि "शिक्षा किसी भी समाज और राज्य के विकास की सबसे मजबूत नींव है। राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालयों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि मनिहारी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य सहित आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह जदयू नेता मंजय साह, प्रधानाध्यापक दीपक रंजन सिन्हा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### नीट परीक्षा में सफल होने पर खुशी का माहौल

**फलका/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के मोरसंडा पंचायत में मोरसंडा गांव निवासी निवासी मो. नजर हामी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में सफलता परचम लहराकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें फूल-



माला पहनाकर, बुके भेंट कर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। मो. नजर हामी, सीएसपी संचालक एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष मो. रजा उर्फ टीटू एवं शिक्षिका तोहफा अदबी के पुत्र हैं। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार मंडल ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने मोड्ड नजर हामी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं सम्मान समारोह में लखन देव ठाकुर, राजेश मरांडी, जयप्रकाश पासवान, राजू चौधरी भाजपा कार्यकर्ता निरंजन निसाद उप मुखिया सहित कई जनप्रतिनिधि समाजसेवी और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मो. नजर हामी के सफल चिकित्सक बनने और समाज की सेवा करने की कामना की।

### धूमधाम से मनायी गयी पद्म भूषण डॉ. बलाई चंद्र मुखर्जी उर्फ बोनोफूल जी की जयंती

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय नेशनल पब्लिक स्कूल मनिहारी के प्रांगण में मनिहारी की धरती के लाल पद्म भूषण डॉ० बलाई चंद्र मुखर्जी बोनोफूल जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ स्कूल के ट्रस्टी शिक्षाविद डॉ० ओम प्रकाश पाण्डेय के संयोजकत्व में मनाई गई इस अवसर पर बोनोफूल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया गया` इस अवसर पर डॉ० पाण्डेय ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि बांग्ला साहित्य की महान विभूति बोनोफूल जी जिनकी कीर्ति पताका देश और विदेश में फहरा रही है उनके जन्मभूमि में हमारा जन्म हुआ। बंगलादेश के ढाका



विश्वविद्यालय सहित अपने देश का कोई भी बिश्वविद्यालय ऐसा नहीं है। जहां बांगला की पढाई होती हो और वहां बोनोफूल की रचना पाठ्यक्रम में सामिल न हो। उनकी रचनाओं पर अनेक फिल्मों का निर्माण हुआ जिसमें से एक हाटेबाजारे है जिस नाम पर इनकी जन्मशती पर सियालदह एक्सप्रेस का नामकरण हाटे बाजारे एक्सप्रेस किया गया। इस अवसर पर राज कुमार यादव, बीरेंद्र कुंवर, दिनेश कुमार राय, राज कुमार ततमा, श्रवण कुमार मिर्धा, हरिहर पासवान, जैकी मिर्धा आदि उपस्थित रहे।

### दूसरे ही प्रयास में पास की नीट परीक्षा

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दो साल की कड़ी मेहनत एवं मात्र 19 साल के उम्र में दोहरे प्रयास में ही नीट परीक्षा पास कर मुस्कान ने अपने गांव हफलागंज एवं कटिहार जिले का नाम रोशन कर दिया हैं । नीट की परीक्षा में मुस्कान ने 6139 वां रैंक लाकर जहां सबको चौंका दिया वहीं कम उम्र और कम समय में ऐसी सफलता



हासिल कर अन्य परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं । कटिहार सदर प्रखंड के हफलागंज निवासी पूर्व वार्ड सदस्य अनंत कुमार मंडल एवं अंजना देवी की पुत्री मुस्कान कुमारी गरीबी के बीच ऑनलाइन पढ़ाई करने के साथ-साथ रोज आठ से दस घंटे तक सेल्फ स्टडी करती थी। मुस्कान तीन भाई बहनों में सबसे छोटी हैं । अपनी इस सफलता पर उन्होंने कहा कि उनके और उनके पिता का बचपन से ही सपना था कि वे डॉक्टर बने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए वे बचपन से ही तन मन से पढ़ाई में जुट गई थी 2022 में मैट्रिक की परीक्षा में जब 94.6 फीसदी मार्क्स मिला तो उनका हौसला और बढ़ता गया और 2024 में इंटर की परीक्षा में 90.2 प्रतिशत अंक लाने के बाद 2025 में पहली बार नीट की परीक्षा में बैठी। मगर अच्छा रैंक नहीं रहने से अच्छे कॉलेज में नामांकन लेना संभव नहीं था।

## कटिहार न्यायालय में लगी विशेष अदालत, मामलों का हुआ निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** जिला व्यवहार न्यायालय मे पहली बार आयोजित स्पेशल लोक अदालत का सफल आयोजन जिला जज रणवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष लोक अदालत में 41 लाख 84 हजार 800 रुपये की समझौता राशि पर 9 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया । इस विशेष लोक अदालत के लिए दो बेंचों का गठन किया गया था। एक बेंच का नेतृत्व एसीजेएम कुलदीप कुमार श्रीवास्तव तथा दूसरी बेंच का नेतृत्व न्यायिक दंडाधिकारी आशीष कुमार द्वारा किया गया। दोनों न्यायिक अधिकारियों के प्रयास से पक्षकारों



के बीच आपसी सहमति के आधार पर लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। डीएलएसए सचिव कमलेश सिंह देबू ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में केवल धारा 138 चेक बाउंस से संबंधित मामलों को रखा गया था। जो काफी सफल रही । उन्होंने कहा कि औलोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल मुकदमों का निपटारा ही नहीं होता, बल्कि इससे आपसी रिश्तों में आई दूरियां भी समाप्त होती हैं। चूंकि चेक बाउंस के अधिकांश मामलों में दोनों पक्ष पहले से परिचित होते हैं। इसलिए समझौते के बाद उनके बीच पुराने संबंध भी पुनः स्थापित हो जाते हैं। इससे न्यायालय का समय बचने के साथ-साथ पक्षकारों को भी लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। वही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को किया जाएगा। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## 24 लीटर विदेशी एवं 78 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** डंडखोरा थाना पुलिस को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। अलग अलग जगह से 24 लीटर विदेशी तथा 78 लीटर देशी शराब के साथ तीन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार अपराह्न में पुलिस ने कबैया गांव के एक घर में छापेमारी कर में 70 लीटर देशी शराब के साथ रमन कुमार साह को गिरफ्तार किया तो वहीं लगभग हजार लीटर जाबांज नष्ट कर दिया। जबकि उसी रात गुप्त सूचना के सत्यापन को लेकर निकली पुलिस ने एक शराब तस्कर को मोटरसाइकिल और 24 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर की पहचान लालबाबू उर्फ मिर्जा अली बलुवा बैरगाछी, थाना- हसनगंज के रुप में हुई है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह की गश्ती में निकली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति तल्लु मुर्मू, पिता लखन मुर्मू, सकिन-सौरिया संथाली के घर के पास 08 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है। हलांकि अभियुक्त घटनास्थल से फरार होने में सफल रहा है। थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि सभी मामलों को लेकर थाना में कांड दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बिना टिकट यात्रियों के विरुद्ध दो दिवसीय अभियान में 219 धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** कटिहार रेल मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ रेलवे प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दो दिवसीय सघन टिकट जांच अभियान चलाया। रेल में सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव के संयुक्त नेतृत्व में चले इस विशेष दो दिवसीय अभियान के दौरान कटिहार स्टेशन, कटिहारझ्र किशनगंज तथा कटिहार झ्र मनिहारी रेलखंड पर अलग-अलग टीमों ने दर्जनों मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में सघन चेकिंग की गई। इस दो दिवसीय अभियान के दौरान रेल प्रशासन द्वारा कुल 219 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते





पकड़कर रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया है जहां रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव द्वारा सभी को आर्थिक दंड की सजा दी गई। जिस दौरान कुल 1,89,655 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। जुमार्ना अदा करने के बाद पकड़े गए सभी लोगों को मुक्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार इस चेकिंग के दौरान साप्ताहिक अरुणाचल एक्सप्रेस से ही 33 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए। लगातार चल रही इस तरह की कार्रवाई से बिना टिकट यात्रा कर रेलवे राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों में हड़कंप मच गया है। इससे पहले भी रेलवे मजिस्ट्रेट श्री गौरव के नेतृत्व में राजधानी एक्सप्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाकर कैंप कोर्ट के तहत लाखों रुपये का जुमार्ना वसूला जा चुका है। सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि बिना टिकट यात्रा करना एक दंडनीय अपराध है जिसके लिए उन्हें रेलवे एक्ट के तहत जेल भी जाना पर सकता है। इसलिए वे हमेशा उचित टिकट लेकर ही अपनी सुखद यात्रा को सुनिश्चित करें। रेल में यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान रेलवे कोर्ट के पेशकार कुलदीप सिन्हा, नवीन कुमार, प्रिंस, आदित्य, शशि सहित आरपीएफ एवं जीआरपी के सुरक्षा बलों के साथ वाणिज्य विभाग के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त व अंचलाधिकारी के नेतृत्व में चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार एवं अंचलाधिकारी सोनू कुमार भगत की उपस्थिति में केबी झा कॉलेज से भगवान चौक तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाकर यातायात को सुगम बनाने तथा आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं करने की

### केबी झा कॉलेज से भगवान चौक तक हटाया गया अस्थायी अतिक्रमण



सख्त चेतावनी दी और नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम के सहायक अभियंता विवेक कुमार, कनीय अभियंता अजय सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी नूर अली सहित नगर निगम के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ,सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पीएचसी में साप्ताहिक बैठक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदाबाद में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयकुमार की अध्यक्षता में एएनएम एवं आशा फैसिलिटेटरों की साप्ताहिक बैठक हुई।बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही 11 से 31 जुलाई तक चल रहे परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान स्थायी एवं अस्थायी परिवार नियोजन साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।किशोर-किशोरियों के नियमित टीकाकरण



को भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में काउंसलर अमित कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## मुनि प्रशांत कुमार एवं मुनि कुमुद कुमार का कटिहार जैन भवन में स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि प्रशांत कुमार, मुनि कुमुद कुमारजी का कटिहार जैन भवन में अत्यन्त उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए मुनि प्रशांत कुमारजी ने कहा- जीवन में मंगल का बड़ा महत्व होता है। जीवन में मंगल आचरण करने से जीवन मंगलमय बनता है। अपनी - अपनी क्षमता अनुसार संतो से कुछ ज्ञान ग्रहण करें और धार्मिक पुरुषार्थ करें तभी यह चातुर्मास आप सभी के लिए लाभदायी बन सकेगा। धर्म के प्रति श्रद्धा उत्साह होना अपने आप में शुभ है। जहां त्याग की भावना होती है वहां विकास के रास्ते खुल जाते है। चातुर्मास में अपने स्वार्थ का त्याग करके संयम की भावना बढ़ाएं। अपनी सुविधाओं को छोड़कर अध्यात्म के साथ जुड़ना ही चातुर्मास की निष्पति







है।आपस मे सभी मिलकर सौहार्द के साथ रहें जिससे समाज का विकास हो। साधु का द्वार सभी के लिए खुला है। चारित्रात्मा सभी को कल्याणकारी बोध देते हैं लेने वाला अपनी - अपनी योग्यता से उसे ग्रहण करता है।अपने विचारों को खुला रखकर सम्यग ज्ञान को ग्रहण करना चाहिए। यह चातुर्मास मानव जाति का है।सभी लोग इसका लाभ लें।श्रद्धा भक्ति , समर्पण से भवित ये कटिहार क्षेत्र में चातुर्मास करने आए। यह जागृति आगे से आगे बढ़ती रहें। इस चातुर्मास में भक्तामर, पैसठिया छंद का विशेष रूप से पाठ करना है । मुनि ज्ञानेन्द्र कुमार जी का आत्मीय भाव हमेशा मिला है। लम्बे समय तक उनके साथ रहने का अवसर मिला है। मुनि रमेश कुमार जी का सौहार्द भाव मिलता रहा है।मुनि कुमुद कुमार जी ने कहा - संतो का आगमन सोई चेतना को जगाने वाला होता है।चातुर्मास केवल बड़े - बड़े आयोजनो से ही सफल नहीं होता ।संतों के चातुर्मास में तो तप - त्याग आदि आध्यात्मिक साधना चलनी चाहिए इसी से जीवन की सार्थकता फलीत होती है। ज्ञान, दर्शन, चरित्र और तप की आराधना चलती रहें। मासखमण, अट्ठाई, तेले की साधना करें। चातुर्मास आत्मकल्याण में निमित्त बने अपने आचरण, व्यवहार, विचारों में परिवर्तन लाएं। तप, त्याग, संवर, सामायिक, पौषध, ध्यान, जप कुछ न कुछ प्रयोग अवश्य करें। पच्चीस बोल, भक्तामर, श्रावक सम्बोध, प्रतिक्रमण इत्यादि को सीखने का मनोभाव रखें। हनुमान नाहटा ने बताया - कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला मण्डल के मंगलाचरण से हुआ। सभा अध्यक्ष विमल बैंगानी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। बिहार झारखंड प्रभारी राजेश पटावरी, मुनिश्री ज्ञानेन्द्र कुमारजी का मंगल संदेश का वाचन विकास घोड़ावत ने किया। तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष मनीष नाहटा, महिला मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा पटावरी, गुवाहाटी से समागत दिलीप दुगड़, धूलाबाडी युवक परिषद मंत्री राहुल बैंगाणी, अभातेयुप पूर्व महामंत्री अमित नाहटा, विराटनगर महिला मंडल अध्यक्ष मीनल नौलखा, दलखोला महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती वंदना बैद, भिक्षु सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष राजकरण दफ्तरी, टाटानगर से अशोक बोथरा, चैनरुप दुगड़, तेरापंथ युवक परिषद कटिहार, तेरापंथ महिला मंडल कटिहार, ज्ञानशाला ने मुनिगण के प्रति अभिनन्दन स्वागत में भावपूर्ण वक्तव्य एवं गीतों एवं नाटक की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का कुशल संयोजन नेपाल बिहार अध्यक्ष विरेंद्र संचेती ने किया। आभार सभा मंत्री राजकुमार पुगलिया ने किया।

# दिल्ली रोमांटिक डेट और प्रॉपर्टी खरीदने के मामले में दुनिया का सबसे सस्ता बड़ा शहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली रोमांटिक डेट और प्रॉपर्टी खरीदने के मामले में दुनिया का सबसे सस्ता बड़ा शहर है। लेकिन, यहां के लोगों की सैलरी भी सबसे कम है। रहने की लागत और क्वालिटी ऑफ लाइफ पर नजर रखने वाली एक रिपोर्ट से इसका पता चलता है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि



दिल्ली में दुनिया का सबसे सस्ता ब्रॉडबैंड इंटरनेट मिलता है। इसका मासिक कनेक्शन खर्च 7.3 डॉलर (लगभग 703 रुपये) है। यह 69 शहरों के सैंपल में सबसे कम है। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तुलना में शहर के केंद्र में प्रॉपर्टी की कीमतें कम हैं। इनकी औसत कीमत 2,465 डॉलर प्रति वर्ग मीटर (लगभग 2,37,000 रुपये) है। दिल्ली दुनिया भर में 65वें स्थान पर है। इसके अलावा, रिपोर्ट में दिल्ली को 2026 में 69 शहरों में से 66वां स्थान दिया गया है, जहां मासिक नेट सैलरी 538 डॉलर (लगभग 51,800 रुपये) है। यह न्यूयॉर्क के स्तर का 10 फीसदी है। दिल्ली में मासिक वेतन के पुराने आंकड़े इस प्रकार थे- 2012 में 633 डॉलर, 2016 में 653 डॉलर, 2019 में 556 डॉलर, 2025 में 607 डॉलर और 2026 में 538 डॉलर। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी तुलना में ज्यूरिख मासिक नेट वेतन 8,363 डॉलर (लगभग 8,05,200 रुपये) के साथ वेतन रैंकिंग में सबसे ऊपर रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दशक में डॉलर के हिसाब से दिल्ली में वेतन में 17.7 फीसदी और 2019 के बाद से 3.3 फीसदी की गिरावट आई है। ड्यूश बैंक के रिसर्च इंस्टीट्यूट के जिम रीड और गैलिना पॉज्दन्याकोवा की ओर से तैयार और 13 जुलाई को प्रकाशित यह रिपोर्ट मुख्य रूप से क्राउडसोर्स्ड डेटा पर आधारित है। इसे बैंक की रिसर्च टीम ने क्रॉस-चेक और साफ किया था।

### सस्ती डेट का खर्च

ड्यूश बैंक की 'मैपिंग द वर्ल्ड्स प्राइसेस 2026' रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में एक 'सस्ती डेट' का खर्च 103 डॉलर (करीब 9,920 रुपये) है। वहीं, इंडेक्स में सबसे महंगे शहर जिनेवा में यह खर्च 475 डॉलर (लगभग 45,750 रुपये) है। यह रिपोर्ट कीमतों, सैलरी और क्वालिटी ऑफ लाइफ के आधार पर शहरों की तुलना करती है। रिपोर्ट की क्वालिटी ऑफ लाइफ रैंकिंग में दिल्ली टॉप 50 शहरों में शामिल नहीं थी। इस रैंकिंग में क्रय शक्ति, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रहने की लागत, घर की किफायती कीमत, आने-जाने का समय, प्रदूषण और जलवायु जैसे फैक्टरों पर विचार किया जाता है। 'सस्ती डेट' इंडेक्स में वाइन की एक बोतल, जींस की एक जोड़ी, एक ड्रेस, दो कॉफी, दो लोगों के लिए खाना, सिनेमा के दो टिकट, दो वन-वे ट्रांसपोर्ट टिकट और 5 किमी की टैक्सी सवारी का खर्च शामिल है। अन्य बड़े शहरों की तुलना में रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले दशक में डॉलर के हिसाब से दिल्ली में प्रॉपर्टी की कीमतों में 9.8 फीसदी की गिरावट आई है।

**10000 के सिप को बदला 9 लाख में**

# प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड के 5 साल पूरे

## 30 जून, 2026 तक 8.47 लाख रुपये में बदल गया

**मुंबई, एजेंसी।** प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड का पांच साल का सफर पूरा हो गया है। यूं तो बीते पांच साल के दौरान पूंजी बाजार का सफर रोलर कोस्टर वाला रहा है। लेकिन, बाजार की अलग-अलग परिस्थितियों में भी इसका प्रदर्शन उत्साहजनक रहा हे। इसके शुरुआत के समय जिन्होंने 10,000 रुपये की मासिक खुलवाई होगी, वह 30 जून, 2026 तक 8.47 लाख रुपये में बदल गया है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड का निवेश लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में होता है। एक तरह से कहें तो यह ओपन-एंडेड डायनामिक इक्विटी स्कीम है। इसकी शुरुआत 17 जुलाई 2021 को हुई थी। यह स्कीम 'ग्रोथ से वैल्यू बनती है' के सिद्धांत पर आधारित निवेश नीति का पालन करती है। इसका मकसद 'प्योर बॉटम-अप स्टॉक-पिकिंग अप्रोच' के जरिए तेजी से बढ़ने की क्षमता वाले मौकों में निवेश करना है। पिछले पांच सालों में




एक मजबूत इन्वेस्टमेंट प्रोसेस और लगातार ऊंचे एक्टिव शेयर की वजह से इस स्कीम का नेट एसेट्स वैल्यू लगभग दोगुना हो गया है। इस स्कीम को एक हाई-कनविक्शन पोर्टफोलियो बनाए रखने की कोशिश के साथ मैनेज किया जाता है, जिसमें एक्टिव शेयर यानी बेंचमार्क से अंतर 60 प्रतिशत से ज्यादा होता है और यह बेंचमार्क-एग्नोस्टिक होती है। इसका मकसद ऐसे पोर्टफोलियो को बनाना है जिसमें शामिल कंपनियां गिरावट के समय व्यापक बाजार की तुलना में तेजी से और बेहतर तरीके से रिकवर कर सकें। उदाहरण के लिए व्यापक बाज़ार में गिरावट की तुलना में स्कीम की एनएवी को रिकवर होने में कम समय लगा। पोर्टफोलियो का मार्केट-कैप मिक्स समय के साथ इसके बॉटम-अप स्टॉक सिलेक्शन प्रोसेस के स्वाभाविक नतीजे के तौर पर विकसित हुआ है। सफर फ़ायदेमंद होने के साथ चुनौतीपूर्ण भी रहा है। इस दौरान, हम अपनी मुख्य निवेश सोच पर अडिग रहे हैं। इसमें बॉटम-अप रिसर्च के जरिए अच्छे बिजनेस की पहचान करना, मजबूत मैनेजमेंट टीमों का साथ देना और लंबे समय के नजरिए से निवेश करना शामिल है। पिछले पांच साल का सफर फ़ायदेमंद होने के साथ चुनौतीपूर्ण भी रहा है।

### कैसा रहा प्रदर्शन

इस फंड में उस समय खुलवाया गया 10 हजार रुपये महीने का सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान आज 8.47 लाख रुपये का कोर्पस बना दिया। मतलब कि पांच साल का 13.83 प्रतिशत रहा। इस दौरान कुल निवेश 6 लाख रुपये था। इसी अवधि में, बेंचमार्क 500 का XIRR 10.43 प्रतिशत होता। जिन्होंने इसमें एक बार ही 10 लाख रुपये का निवेश किया होगा, उसकी रकम आज 19.61 लाख रुपये में बदल गया। मतलब कि (चक्रवृद्धि रिटर्न) 14.55 प्रतिशत। इसके मुकाबले, यदि वही निवेश इसके बेंचमार्क 500 में किया होता, तो 17.4 लाख रुपये में बढ़ता, जिसका 11.88 प्रतिशत होता। इसमें बॉटम-अप रिसर्च के जरिए अच्छे बिजनेस की पहचान करना, मजबूत मैनेजमेंट टीमों का साथ देना और लंबे समय के नजरिए से निवेश करना शामिल है।

# अब कहानियों से समझ आएगी इंश्योरेंस की एबीसीडी, लॉन्च हुई कॉमिक बुक सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीमा सबके लिए' के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ऐसा करते हुए इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीएआई के चेयरमैन अजय सेठ ने उपभोक्ताओं के मध्य जीवन बीमा की अवधारणाओं को आसान बनाने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उपभोक्ता जागरूकता कॉमिक बुक सीरीज का अनावरण किया। जीवन बीमा क्षेत्र के प्रमुख लीडर्स ने एक मंच पर आकर जीवन बीमा को सारे देशवासियों और परिवारों के लिए अधिक आसान, सरल और प्रासंगिक बनाने की दिशा में अपने साझा संकल्प को मजबूत किया।

यह शिक्षाप्रद कॉमिक बुक सिरीज जीवन बीमा की समझ को सरल और लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। यह इस तथ्य पर आधारित है कि संभावित खरीदारों के साथ वे लोग भी, जो जीवन बीमा लेने से बचते हैं, अक्सर इसे कठिन मानते हैं। इस पहल का उद्देश्य एमडब्ल्यूपी (मैरिड वुमंस प्रॉपर्टी एक्ट), वेवर ऑफ प्रीमियम और गंभीर बीमारी राइडर जैसी प्रमुख अवधारणाओं को




सरलता से समझाना है।

**इंश्योरेंस के कॉन्सेप्ट को बनाया गया है आसान:** इन कॉन्सेप्ट को तकनीकी भाषा के बजाय रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी कहानियों के जरिये प्रस्तुत किया गया है। सीखने के माध्यम के रूप में कॉमिक्स का चयन इस बात का संकेत है कि अब कहानी-आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। यह विभिन्न आयु वर्गों और भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों से सहज रूप से जुड़ती है। यह सिरीज युवा जीवन बीमा सलाहकार सुप्रिया की यात्रा पर आधारित है। इसके माध्यम से वास्तविक जीवन की परिस्थितियों को 'स्टोरी मेमोरीज' के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे लोगों को यह समझने में मदद मिलती है कि पहले लिए गए वित्तीय निर्णय भविष्य की आर्थिक सुरक्षा को किस प्रकार प्रभावित करते हैं। यह प्रयास 'बीमा सबके लिए' यानी (इंश्योरेंस फॉर ऑल) के व्यापक लक्ष्य की दिशा में एक सार्थक कदम है। यह केवल उत्पाद की जानकारी तक सीमित न रहकर उपभोक्ताओं को समझदारी के साथ निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

उन्होंने कहा, 'इस यात्रा में जीवन बीमा की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह लोगों और परिवारों को वित्तीय आत्मविश्वास प्रदान करता है, उनकी आकांक्षाओं को समर्थन देता है और सुरक्षित परिवारों की मजबूत नींव तैयार करता है। आईआरडीएआई के अध्यक्ष की ओर से जारी की गई यह उपभोक्ता जागरूकता कॉमिक बुक सीरीज इस मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुरक्षा के महत्व को एक अभिनव और सहज तरीके से उपभोक्ताओं तक पहुंचाती है। पूरे इकोसिस्टम के सामूहिक प्रयासों के जरिये भारत को वित्तीय रूप से अधिक सक्षम बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं ताकि प्रत्येक व्यक्ति और परिवार अपनी आकांक्षाओं की सुरक्षा कर सके।

### क्या है इस पहल का मकसद

राष्ट्रीय बीमा जागरूकता दिवस के अवसर पर शुरू की गई यह पहल आईआरडीएआई और जीवन बीमा उद्योग की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सूचित निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना, जीवन सुरक्षा सॉल्यूशन की समझ को गहरा करना और भारतीय परिवारों में वित्तीय तैयारी की भावना को मजबूत करना है। कॉमिक बुक सीरीज का अनावरण करते हुए आईएसी-लाइफ के अध्यक्ष कमलेश राव ने कहा, 'भारत की ग्रोथ स्टोरी उसके लोगों की उम्मीदों, प्रगति और दृढ़ता से आकार ले रही है। जैसे-जैसे देश अधिक समावेशी और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, परिवारों की वित्तीय तैयारी को मजबूत करना दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती का एक महत्वपूर्ण आधार बनेगा। 'बीमा सबके लिए' का विजन एक परिवर्तनकारी यात्रा है। बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय परिवार की वित्तीय योजना का अभिन्न हिस्सा सुरक्षा को बनाना है।'

# ऐसी जगह अटके रहने से ज्यादा दर्दनाक कुछ नहीं है जहां आप फिट नहीं बैठते: एन.आर. नारायण मूर्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भारत की टेक्नोलॉजी क्रांति की बात होती है तो एन.आर. नारायण मूर्ति का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। अपनी ईमानदारी वाली लीडरशिप और समझदारी के लिए पहचाने जाने वाले मूर्ति का लंबे समय से यह मानना रहा है कि सफलता सिर्फ टैलेंट से नहीं, बल्कि चरित्र और मजबूती से मिलती है।

मूर्ति ने 1981 में छह साथियों और कम निवेश के साथ इन्फोसिस की शुरुआत की थी। उनकी लीडरशिप में कंपनी भारत की सबसे सम्मानित ग्लोबल ढ्ढञ्ज फर्मों में से एक बन गई। कॉर्पोरेट ट्रांसपेरेंसी, एथिकल गवर्नेंस और कर्मचारियों की हिस्सेदारी को बढ़ावा देने के लिए भी उन्हें काफी सराहना मिली। फोर्ब्स के अनुसार, 18 जुलाई 2026 तक नारायण मूर्ति की रियल टाइम नेटवर्थ 3.6 अरब डॉलर थी।

नारायण मूर्ति के विचारों से दुनियाभर में करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा मिली है। आइए, आज सुबह की शुरुआत नारायण मूर्ति के कुछ विचारों के साथ करते हैं:



1. विकास दर्दनाक होता है। बदलाव दर्दनाक होता है। लेकिन, ऐसी जगह अटके रहने से ज्यादा दर्दनाक कुछ नहीं है जहां आप फिट नहीं बैठते।
2. अगर इंग्लैंड एक विश्व शक्ति बना, तो इसकी वजह औद्योगिक क्रांति थी।
3. मुझे हमेशा से गणित पसंद रहा है। यह किसी भी विचार को व्यक्त करने का सबसे सटीक और संक्षिप्त तरीका है।
4. मेरा मानना है कि सभी यूनिवर्सिटीज को कम से कम राजनीति और पॉलिसी लागू करने से जुड़े कोर्स जरूर चलाने चाहिए।
5. मुझे लगता है कि आखिरकार, आपको बिजनेस में आने वाली रुकावटों को कम करना होगा और आदर्श रूप से उन्हें शून्य तक लाना होगा ताकि ज्यादा से ज्यादा एंटरप्रेन्योर ज्यादा से ज्यादा नौकरियां पैदा कर सकें और लोगों की डिस्पोजेबल इनकम (खर्च करने योग्य आय) बढ़ सके।
6. एंटरप्रेन्योरशिप असल में भविष्य के फायदे के लिए अभी की संतुष्टि को टालने के बारे में है।
7. मुझे लगता है कि भारत के बाहर भी और भारत में भी मौके मौजूद हैं। असल में ज्यादातर भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियां जो बड़े प्रोजेक्ट्स कर रही हैं, उनमें से कुछ भारत में ही हैं।
8. इंजीनियर और डॉक्टर होने के नाते, हम सभी की यह बड़ी जिम्मेदारी है कि हम दुख झेल रही मानवता के चेहरों पर मुस्कान लाएं।
9. कोई भी ऐसा तरीका जिससे उपभोक्ताओं को फायदा हो, जिससे अनाज की बर्बादी न हो या जिससे सबसे गरीब लोगों की मदद हो, वह एक स्वागत योग्य कदम है।
10. हालांकि, हमारे पास हेल्थकेयर की पर्याप्त सुविधाएं हैं, लेकिन अक्सर ये गरीब और जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच पाती हैं। ऐसे में टेक्नोलॉजी ही सबसे अच्छा समाधान है।

# 38000 की नौकरी छोड़ खोली चाय की दुकान

**लोगों ने कहा- गलती कर रहे हो, आज हर महीने 1 लाख का मुनाफा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज के दौर में जहां लोग एक सुरक्षित नौकरी की तलाश में रहते हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपनी किस्मत खुद लिखने का हौसला रखते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अंकित पांडेय नाम के एक यूजर की पोस्ट जमकर वायरल हो रही है। इसमें उन्होंने बताया है कि उनके पड़ोसी ने 38000 रुपये महीने की नौकरी छोड़ एक सफल बिजनेस खड़ा कर दिया। इससे उन्हें सारे खर्चे निकालकर 1 लाख रुपये की कमाई हो रही है।

अंकित के मुताबिक, उनके पड़ोसी पहले टेलीपरफॉर्मेंस कंपनी में काम करते थे, जहां उन्हें हर महीने करीब 38,000 रुपये सैलरी मिलती थी। व्यस्त रूटीन की वजह से दोनों की आपस में ज्यादा बातचीत नहीं हो पाती थी। इसी साल मई के महीने में उनके पड़ोसी ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया। जब उन्होंने नौकरी छोड़ी, तो आसपास के लोगों और जानने वालों को लगा कि वह अपने पैर




पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं और बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं।

लोगों की परवाह न करते हुए, उन्होंने अपने फैसले पर भरोसा रखा। उन्होंने करीब 2 लाख रुपये का निवेश किया और एक ऑटो स्टैंड के पास बहुत ही खूबसूरत और वेल-डिजाइन चाय की दुकान खोल ली। दुकान को अच्छे से चलाने के लिए उन्होंने चाय बनाने और सर्व करने के लिए दो महिला कर्मचारियों को भी नौकरी पर रखा। वह नॉर्मल चाय का कप 10 रुपये में और प्रीमियम चाय का कम 20 रुपये में देते हैं। दुकान खुलते ही उनका यह आइडिया सुपरहिट हो गया। आज के समय में उनके स्टॉल पर हर दिन लगभग 400 कप चाय बिक जाती है। इससे उनकी रोज की कमाई करीब 6,000 रुपये हो जाती है, यानी महीने का टर्नओवर लगभग 1.8 लाख रुपये बैठता है।

# स्वामीनॉमिक्स: तेल के झटकों का दौर खत्म, अमेरिका की टैरिफ धमकी से भारत को नहीं घबराना चाहिए, 50 साल का इतिहास देता है जवाब

**नईदिल्ली, ऐंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही धीमी पड़ गई है। ब्रेंट क्रूड का दाम युद्धविराम के बाद 72.6 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 85 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गया है। इसके साथ ही अमेरिका के 60 सीनेटरों ने एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले भारत समेत पांच देशों पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव है।

कुछ ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि युद्धविराम को लेकर बेफिक्र होना गलत था। उनका कहना है कि भू-राजनीतिक जोखिम अब बाजार पर हावी हो गए हैं और आर्थिक संकट गहरा सकता है। उनका सुझाव है कि देशों को तेल के स्रोतों में विविधता लानी चाहिए, विदेशों में तेल क्षेत्रों का अधिग्रहण करना चाहिए, घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

**इतिहास कुछ और बताता है:** हालांकि इतिहास कुछ और कहानी बताता है। दुनिया इससे कहीं बड़े तेल संकट झेल चुकी है और मौजूदा स्थिति उसके मुकाबले बहुत छोटी है। हर तेल संकट की तुलना 1973-74 के अरब तेल प्रतिबंध से की जानी चाहिए। उस समय तेल की कीमत 2.7 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 10 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई थी। इससे दुनिया में



दोहरे अंक की महंगाई और मंदी आई थी।

उस समय अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने प्रोजेक्ट इंडिपेंडेंस शुरू किया। इस योजना के तहत सिंथेटिक ईंधन, शेल ऑयल, कोयला गैसीकरण, समुद्री तापीय ऊर्जा, पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा जैसी तकनीकों पर अरबों डॉलर खर्च किए गए ताकि अमेरिका को मध्य-पूर्व के तेल पर निर्भर न रहना पड़े। लेकिन यह योजना सफल नहीं हुई। 1980 में ईरान-इराक युद्ध के दौरान तेल 30 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने के बाद भी कोई वैकल्पिक तकनीक बड़े पैमाने पर सफल नहीं हो सकी। इसके बावजूद अमेरिका ने बाजार की ताकतों के सहारे अपनी आर्थिक प्रगति जारी रखी।

**भारत को लेना पड़ा कर्ज:** 1980 के ईरान-इराक युद्ध के दौरान तेल की कीमतें फिर बढ़ीं और भारत को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज लेना पड़ा। इसके बावजूद 1980 के दशक में भारत ने औसतन 5.3 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की, जो उस समय तक की सबसे तेज़ आर्थिक वृद्धि थी। 1990 में इराक द्वारा कुवैत पर हमला करने के बाद भी तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं, लेकिन यह बढ़ोतरी अस्थायी रही। इसके बाद 2003 से 2008 के बीच वैश्विक कमोडिटी बूम के दौरान तेल की कीमत 24 डॉलर से बढ़कर 144 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इसके बावजूद दुनिया मंदी में नहीं गई। बल्कि चीन की अगुवाई में वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी और भारत ने भी कुछ वर्षों में 10 प्रतिशत तक की आर्थिक वृद्धि दर्ज की।

इस साल भी ब्रेंट क्रूड युद्ध से पहले 78.2 डॉलर प्रति बैरल था और अप्रैल के अंत में बढ़कर 126.4 डॉलर तक पहुंच गया। इसके बावजूद कीमतें दोगुनी नहीं हुईं। बाजार ने इस संघर्ष की तुलना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ज्यादा महत्वपूर्ण माना।

### भारत भी खुद को सुरक्षित समझता था

जापान भी 1974 के तेल संकट के बाद बेहद चिंतित था। उसके पास न तो अपने तेल क्षेत्र थे और न ही विदेशों में तेल संपत्तियां। उसने नए तेल स्रोत खोजने और वैकल्पिक ऊर्जा पर निवेश करने की कोशिश की, लेकिन इसमें खास सफलता नहीं मिली। फिर भी 1990 तक बैंकिंग संकट आने से पहले जापान दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहा। भारत ने भी 1974 के बाद ईरान के रोस्तम और रक्ष तेल क्षेत्रों में हिस्सेदारी हासिल कर खुद को सुरक्षित समझा था। लेकिन जल्द ही ईरान ने इन तेल क्षेत्रों का राष्ट्रीयकरण कर दिया। ओपेक के कई अन्य देशों ने भी ऐसा ही किया। इससे विदेशों में तेल संपत्तियां खरीदने की रणनीति लगभग विफल साबित हुई।

# बेसिक पे 68940 रुपये! 3.83 फिटमेंट फैक्टर, 8वें पे कमीशन से होगा बड़ा बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जस्टिस रंजना देशाई की अध्यक्षता में 8वें पे कमीशन का गठन किया गया है। मौजदा समय में यह आयोग देश भर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर कर्मचारियों और पेंशनर्स संगठनों से बातचीत कर रहा है। स्टाफ साइड ने पे कमीशन से 3.83 फिटमेंट फैक्टर की डिमांड की है। अगर इस मांग को मान लिया गया तो कर्मचारियों का बेसिक पे 283 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इससे मौजूदा 18000 रुपये का बेसिक पे 68940 रुपये पहुंच सकता है। बता दें, आयोग की तरफ से अबतक कोई भी ऐलान फिटमेंट फैक्टर या बेसिक पे को लेकर नहीं किया गया है। 8वां वित्त आयोग जो भी फैसला करेगा उसका सीधा असर 50 केंद्रीय कर्मचारियों और 70 लाख पेंशनर्स पर पड़ेगा। 8वें वित्त आयोग के सामने कर्मचारी संगठनों ने 69000 रुपये कम से कम बेसिक पे रखने की मांग की है। इसके साथ ही पुरानी पेंशन की व्यवस्था को भी बहाल करने की डिमांड की गई है। सगंठनों ने अधिक एचआरए की भी मांग की है। फिटमेंट फैक्टर ही वह फॉर्मूला है जिसके गुणांक में सैलरी में इजाफा होगा। 7वें पे कमीशन के दौरान फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। अगर इस बार 3.83 फिटमेंट फैक्टर की मांग को मान लिया जाता है तो कर्मचारियों की सैलरी में मौजूदा बेसिक पे का इतने गुना ही इजाफा होगा। बता दें, 7वें वित्त आयोग के दौरान कम से कम बेसिक पे 7000 रुपये से बढ़कर 18000 रुपये हो गया था। 8वां पे कमीशन देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार मीटिंग कर रहा है। आयोग दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लखनऊ में मीटिंग कर चुका है। आयोग कर्मचारी संगठनों और पेंशनर्स से बातचीत कर रहा है।

# लाखों के गवन के आरोप में एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पोटका में भारत फाइनेंस कंपनी के 18 सदस्यों से धोखाधड़ी कर 6.10 लाख रुपये गबन करने के मामले में पोटका थाना पुलिस ने आरोपी एजेंट भावेश लोहरा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर कंपनी के ब्रांच मैनेजर अमित कुमार केसरी के बयान पर पोटका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला कंपनी की आंतरिक जांच के दौरान सामने आया। आरोपी भावेश लोहरा कंपनी में ऋण वितरण और ऋण वसूली का काम देखता था।

उसने अपनी स्थिति का फायदा उठाते हुए समूह के 18 सदस्यों को झांसा दिया और उनसे प्राप्त 6 लाख 10 हजार रुपये की राशि कंपनी के



खाते में जमा करने के बजाय खुद हड़प ली। वित्तीय हेराफेरी पकड़े जाने के बाद शाखा प्रबंधक ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया।

पोटका थाना पुलिस ने मामला दर्ज होते ही तत्परता दिखाई और आरोपी एजेंट को धर-दबोचा। गिरफ्तार भावेश लोहरा कांडरा थाना क्षेत्र का निवासी है।

वह पोटका स्थित भारत फाइनेंस कंपनी की शाखा में कार्यरत था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस गबन में किसी अन्य व्यक्ति की भी संलिप्तता है।


# बाइक सवार की गोली मारकर हत्या

## मौके से कारतूस और मृतक की बाइक बरामद □ घटना के पीछे लेन-देन की जतायी जा रही आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** बड़गड़ थाना क्षेत्र में रविवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। यह सनसनीखेज वारदात थाना क्षेत्र के सालो जंगल स्थित ललमटिया मोड़ के समीप सुबह करीब 10:30 बजे हुई। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने मौके से तीन कारतूस, दो खोखा और मृतक की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान दीपक कुजूर (35) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सिमडेगा जिले का निवासी था और वर्तमान में रामकंडा थाना क्षेत्र के बरवा गांव स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। जानकारी के अनुसार दीपक अपाची बाइक से बड़गड़ से भंडरिया की ओर जा रहा था।



इसी दौरान एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने उसका पीछा किया। ललमटिया मोड़ के पास अपराधियों ने उसे रोककर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल दीपक कुजूर को तत्काल इलाज के लिए भंडरिया अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों के सामने दीपक कुजूर अपनी जान की भीख मांग रहा था। वह बार-बार कह रहा था, ٰहम दे देंगे सर, मत मारिए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक अपराधी ने पहले दो राउंड हवा में फायरिंग की, उसके बाद दीपक की कनपटी पर गोली मार दी। दोनों अपराधी बिना चेहरा ढके मुख्य सड़क पर वारदात को अंजाम देकर आराम से फरार हो गए। प्रारंभिक तौर पर घटना के पीछे लेन-देन का विवाद होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

घटना की सूचना पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह भी घटनास्थल पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग 10:30 बजे सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सड़क किनारे गंभीर अवस्था में पड़ा है। राहगीरों ने गोली चलने की आवाज सुनने की जानकारी दी थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले का अनुसंधान जारी है और जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी का दावा किया गया है।

इधर, बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि घटनास्थल से मृतक की अपाचे मोटरसाइकिल के अलावा हत्या में प्रयुक्त तीन जिंदा कारतूस एवं दो खोखा बरामद किए गए हैं। पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चला रही है।

# शराब के साथ दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा।** डंडखोरा थाना पुलिस को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। अलग अलग जगह से 24 लीटर विदेशी तथा 78 लीटर देशी शराब के साथ तीन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार अपराह्न में पुलिस ने कबैया गांव के एक घर में छापेमारी कर में 70 लीटर देशी शराब के साथ रमन कुमार साह को गिरफ्तार किया तो वहीं लगभग हजार लीटर जाबांज नष्ट कर दिया।जबकि उसी रात गुप्त सूचना के सत्यापन को लेकर निकली पुलिस ने एक शराब तस्कर को मोटरसाइकिल और 24 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर की पहचान लालबाबू उर्फ मिर्जा अली बलुवा बैरगाछी, थाना-हसनगंज के रुप में हुई है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह की गश्ती में निकली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर



एक व्यक्ति तल्लु मुर्मू, पिता लखन मुर्मू,सकिन-सौरिया संथाली के घर के पास 08 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है।हलांकि अभियुक्त घटनास्थल से फरार होने में सफल रहा है। थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि सभी मामलों को लेकर थाना में कांड दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।फरार आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी है। क्षेत्र में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेगा। मौके पर एसआई अरबिंद कुमार, एएसआई राहुल कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहे।

# मूंग और अरहर के खेती की पैदावार में वृद्धि करने की योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के किसानों को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेज योजना के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मुफ्त मिनी किट का वितरण किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जिले में मूंग और अरहर की खेती को बढ़ावा देना और पैदावार में वृद्धि करना है।

योजना के तहत जिले के 38 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग की बुआई का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विभाग द्वारा किसानों के बीच कुल 952 किलोग्राम मूंग के बीज का निःशुल्क वितरण किया गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, मूंग की बुआई 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से की गई है।

मूंग के साथ-साथ अरहर की खेती

## दलहन के बीजों पर सरकार दे रही अनुदान

पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। जिले के पांच चयनित प्रखंडों में क्लस्टर बनाकर 260 हेक्टेयर क्षेत्र में अरहर लगाने का लक्ष्य पूरा किया गया है। इसके लिए किसानों के बीच कुल 52 क्विंटल अरहर के बीज का निःशुल्क वितरण हुआ है, जिसकी बुआई 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से की जा रही है।

कृषि विभाग के अनुसार, रमकंडा प्रखंड में 50 हेक्टेयर, श्रीबंशीधर नगर में 60 हेक्टेयर, भवनाथपुर में 50 हेक्टेयर, रंका में 50 हेक्टेयर और डंडई प्रखंड में 50 हेक्टेयर क्षेत्र को अरहर की खेती के लिए चयनित कर वहां क्लस्टर बनाए गए हैं। जिले को इस बार कुल 1060 क्विंटल अरहर के बीज का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसे 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत दो अलग-अलग योजनाओं के जरिए काम हो रहा है।

बीज विनिमय योजना के तहत कुल 100 क्विंटल बीज का आवंटन हुआ था। इसके एवज में 45.50 क्विंटल की डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) जमा की गई, जिसके बाद 41 क्विंटल बीज लैम्पस और पैक्स के माध्यम से प्राप्त कर लिया गया है।

आत्मनिर्भरता पल्सेज सीड एक्सचेंज योजना के तहत जिले को 960 क्विंटल बीज आवंटित किया गया था। इसमें से अब तक 233.80 क्विंटल बीज की खरीदारी की जा चुकी है, जिसमें से 178.80 क्विंटल बीज गढ़वा पहुंच चुका है और लैम्पस-पैक्स के जरिए किसानों के बीच इसका वितरण तेजी से किया जा रहा है।

# मिलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह में गरजे मंत्री

## कई ने ग्रहण की झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिरनी।** झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने वर्ष 2029 के विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 2029 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में झामुमो की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

गौरतलब है कि फिलहाल झारखंड में झामुमो गठबंधन की सरकार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को कांग्रेस, राजद और भाकपा (माले) का समर्थन प्राप्त है। राज्य में सरकार बनाने के लिए 41 विधायकों के बहुमत की आवश्यकता होती है, जबकि झामुमो के अपने 34 विधायक हैं।

गिरिडीह के झामुमो विधायक और मंत्री सोनू बिरनी प्रखंड के भरकट्टा मैदान में पार्टी के मिलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा नेता-नारायण पांडेय और मनोज सिंह समेत माले और कांग्रेस छोड़कर आए विभिन्न पंचायतों के 101 सक्रिय कार्यकर्ताओं और नेताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।

मंत्री ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि झामुमो आम जनता की पार्टी है और सरकार गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं के हित में लगातार काम कर रही है। मंईयां सम्मान सम्मान योजना, अबुआ आवास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से गांव-गांव तक बदलाव दिख रहा है। इसी से प्रभावित होकर अन्य दलों के लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं। आगामी लोकसभा व विधान सभा के चुनाव में कोडरमा लोकसभा से लेकर बगोदर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो का परचम लहरेगा।



साथ ही पूरे गिरिडीह जिला में छह विधानसभा में झामुमो का हरा झंडा ही लहरेगा। जो झारखंडी की बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा। वर्ष 2029 के चुनाव में झारखंड में बड़ा बदलाव होगा। झामुमो को पूर्ण बहुमत मिलेगा।झामुमो में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि झामुमो की नीतियों और मंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने संकल्प लिया कि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने में जुटेंगे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, महिला मोर्चा और युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी व संचालन सचिव कृष्णमुरारी प्रसाद ने किया । मौके पर जिला अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी , प्रणव वर्मा ,त्रिभुवन मंडल, शालिनी गुप्ता असगर अंसारी, रिजवी अंसारी आदि उपस्थित थे।

# झाड़ फूंक के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** ढोंगी तांत्रिकों की करतूत आए दिन सामने आती रहती है। कुछ ऐसा ही मामला सोनपुर थाना क्षेत्र से सामने आया है।

तंत्र साधना से बीमारी ठीक करने के बहाने बुलाकर तांत्रिक ने एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस तत्क्षण हरकत में आई है और तांत्रिक की तलाश में जुट गई है। यह घटना सोनपुर थाना क्षेत्र के गांव में गंडक किनारे घटी बताई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बच्ची बीमार थी। आरोपी तांत्रिक ने बच्ची के पिता को झांसा में लेते हुए दावा किया था कि उसकी बेटी की बीमारी को वह झाड़-फूंक से ठीक कर देगा।

इसके बाद उसने उसके पिता को अपनी पुत्री के साथ गंडक नदी के किनारे बुलाया। नदी किनारे पहुंचने के बाद तांत्रिक ने योजनाबद्ध तरीके

## तांत्रिक फरार

से बच्ची के पिता को अगरबत्ती लाने के बहाने वहां से दूर भेज दिया। पिता के जाते ही आरोपी ने मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पिता के लौटने पर बच्ची ने तांत्रिक की करतूत बताई। यह सुनकर पिता सन्न रह गए।

तब तक तांत्रिक फरार हो चुका था। इसके बाद सोनपुर पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

सोनपुर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि बच्ची के बयान पर मामला दर्ज करते हुए उसे चिकित्सीय जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया है कि घटना के बाद तांत्रिक मौके से भाग निकला है। उसकी तलाश जारी है। पीड़िता दरियापुर थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है।

# आज से पांच ट्रेनें रहेंगी रद्द



**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा रेल मंडल में आगामी 20 से 26जुलाई के बीच रेल लाइन को दुरुस्त करने के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। बुनियादी ढांचा और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से किए जा रहे इस कार्य के कारण रेलवे ने विभिन्न तिथियों में 5 ट्रेनों को पूरी तरह रद करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, 10 ट्रेनों के रूट में बदलाव करते हुए उन्हें आंशिक रूप से रद कर चलाया जाएगा। रेलवे के इस फैसले से झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के हजारों यात्रियों की यात्रा प्रभावित होने की आशंका है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की सही स्थिति की जांच करने की सलाह दी है।

# श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन बाल लीला का वर्णन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**निरसा।** निरसा प्रखंड के कंचनडीह में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन रविवार को भगवान श्रीराम की मनोहर बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक पूज्य राजन जी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं मधुर प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और जीवन-दर्शन का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि जीवन में कष्ट हों तो भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का श्रवण करें। अपना वर्तमान सुधारिए, भविष्य स्वयं सुधर जाएगा। हरि भजन ही जीवन के उद्धार का सबसे सरल और श्रेष्ठ मार्ग है।

कथा का आयोजन चिरकुंडा के वीरेन्द्र राय एवं उनके परिवार के तत्वावधान में हो रहा है। राजन जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक बालक में भगवान का अंश विद्यमान है। जब भी किसी बच्चे को खेलते हुए



देखें तो उसमें प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप का दर्शन करें। बच्चों के प्रति प्रेम, स्नेह और सम्मान का भाव ही सच्ची भक्ति है।

महाराज ने कहा कि हमारे हृदय में उत्साह है या नहीं, यह शब्दों से नहीं बल्कि हमारे व्यवहार से प्रकट होता है। श्रीराम की बाल लीलाओं का श्रवण मन को निर्मल, प्रसन्न और आनंदमय बना देता है। उनके प्रवचन के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया और श्रद्धालु प्रभु की लीलाओं का रसपान कर भावविभोर हो उठे।

श्रीराम कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कंचनडीह सहित आसपास के क्षेत्रों और दूर-दराज के स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

# संतों का हुआ भावपूर्ण स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि प्रशांत कुमार, मुनि कुमुद कुमारजी का कटिहार जैन भवन में अत्यन्त उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए मुनि प्रशांत कुमारजी ने कहा- जीवन में मंगल का बड़ा महत्व होता है। जीवन में मंगल आचरण करने से जीवन मंगलमय बनता है । अपनी - अपनी क्षमता अनुसार संतो से कुछ ज्ञान ग्रहण करें और धार्मिक पुरुषार्थ करें तभी यह चातुर्मास आप सभी के लिए लाभदायी बन सकेगा । धर्म के प्रति श्रद्धा उत्साह होना अपने आप में शुभ है । जहां त्याग की भावना होती है वहां विकास के रास्ते खुल जाते है।

चातुर्मास में अपने स्वार्थ का त्याग करके संयम की भावना बढ़ाएं। अपनी सुविधाओं को छोड़कर अध्यात्म के साथ जुड़ना ही चातुर्मास की निष्पति है।आपस मे सभी मिलकर सौहार्द के साथ रहें जिससे समाज का विकास हो।साधु का द्वार सभी के लिए खुला है। चारित्रात्मा सभी को कल्याणकारी बोध देते हैं लेने वाला अपनी - अपनी योग्यता से उसे ग्रहण करता है।अपने विचारों को खुला रखकर सम्यग ज्ञान को ग्रहण करना चाहिए। यह चातुर्मास मानव जाति का है। सभी लोग इसका लाभ लें।श्रद्धा भक्ति , समर्पण से भवित ये कटिहार क्षेत्र में चातुर्मास करने आए। यह जागृति आगे से आगे बढ़ती रहें। इस चातुर्मास में भक्तामर, पैसठिया छंद का विशेष रूप से पाठ करना है । मुनि ज्ञानेन्द्र कुमार जी का आत्मीय भाव हमेशा मिला है। लम्बे समय तक उनके साथ रहने का अवसर मिला है। मुनि रमेश कुमार जी का सौहार्द भाव मिलता रहा है।मुनि कुमुद कुमार जी ने कहा - संतो का आगमन सोई चेतना को जगाने वाला होता है।चातुर्मास केवल बड़े - बड़े आयोजनो से ही सफल नहीं होता ।संतों के चातुर्मास में तो तप - त्याग आदि आध्यात्मिक साधना चलनी चाहिए इसी से जीवन की सार्थकता फलीत होती है।ज्ञान,दर्शन,चरित्र और तप की आराधना चलती रहें।मासखमण ,अट्ठाई,तेले की साधना करें।

# तीन अतिरिक्त आईपीएस संभालेंगे श्रावणी मेला की कमान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देवघर श्रावणी मेला-2026 के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। इसके तहत देवघर, दुमका और रेल थाना क्षेत्र के लिए 69 डीएसपी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इनमें से देवघर मेला क्षेत्र में 46, दुमका मेला क्षेत्र में 13 और रेल क्षेत्र में 10 डीएसपी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

देवघर में तीन आइपीएस जैप पांच के कमांडेंट अंजनी अंजन, जैप चार के कमांडेंट ऋषव कुमार झा और जैप सात के कमांडेंट अविनाश कुमार। देवघर एसपी प्रवीण पुष्कर के साथ मिलकर मेला व्यवस्था की कमान संभालेंगे।

जारी आदेश के तहत अंजनी अंजन बाबा मंदिर में भीड़ नियंत्रण का जिम्मा संभालेंगे। वहीं श्रषव कुमार झा को यातायात प्रबंधन और नियंत्रण कक्ष की जिम्मेवारी दी गयी है। संपूर्ण कांवरिया रूट लाइन का जिम्मा अविनाश कुमार के हाथों में होगा।

देवघर एसपी प्रवीण पुष्कर के साथ मिलकर

## 1110 पुलिस सशस्त्र बल के अलावे 5365 पुलिस लाठी बल भी रहेंगे तैनात

तीनों आइपीएस अधिकारी पूरे मेला व्यवस्था का संचालन करेंगे। इसके अलावा 92 इंस्पेक्टर, एसआइ और एएसआइ मिलाकर कुल 758 पुलिस अधिकारियों को मेला डयूटी में लगाया गया है।

वहीं 1110 पुलिस सशस्त्र बल, 5365 पुलिस लाठी बल, 440 महिला लाठी बल व 958 अन्य पुलिस व सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहेंगे। इसके अलावा एसआइआरबी, आइआरबी, जैप आदि को मिलकर 958 पुलिस कर्मी मेला डयूटी में तैनात रहेंगे।

देवघर में श्रावणी मेला की डयूटी में देवघर में जिन डीएसपी की प्रतिनियुक्त की गयी है उनमें तरुण कुमार, मनोज कुमार, धीरेन्द्र नारायण बंका, राजा कुमार मित्रा, अशोक कुमार राम, राजेन्द्र कुमार दुबे, अनिल कुमार सिंह।

प्रवीण कुमार सिंह, तुलेश्वर प्रसाद कुशवाहा, सहदेव प्रसाद, प्रदीप उरांव, सुमित प्रसाद, सतीश कुमार, नवल किशोर प्रसाद, दयानंद आजाद, बैद्यनाथ प्रसाद, राम अनुप महतो, अजय कुमार केशरी, अरविंद कुमार बिंहा, विजय कुमार कुशवाहा। मनोज कुमार महतो, चंदन कुमार वत्स, पवन कुमार, अवध कुमार यादव, सुरेश प्रसाद, संदीप सुमन, आशुतोष कुमार सत्यम, संजय कुमार, राजेश कुमार, प्रकाश टोपो, अजय कुमार, नीरज कुमार सिंह, अतीन कुमार, प्रवीण कुमार, संदीप रंजन, बुधवार उरांव, नोवेल कुजूर, भोला प्रसाद सिंह, महेश प्रजापति, चंद्रशेखर आजाद, अशोक रविदास, राकेश नंदन मिंज, परमेश्वर लेयांगी, रंजीत कुमार लकड़ा, वरूण देवगम और प्रमोद कुमार मिश्रा शामिल हैं। श्यामनंद मंडल, इकुड डुंगडुंग, अजय करेट्टा, समीर कुमार सवैया, मनोज कुमार झा, शंभू प्रसाद गुप्ता, अनुज उरांव, वचनदेव कुजूर, भूपेन्द्र प्रसाद राउत, जयदीप लकड़ा, नवीन कुमार सिंह, विजय कुमार महतो औ प्रदीप पाल कच्छप।

अक्षय कुमार राम, अजय कुमार साहू, राजेश कुमार शिंह, सदु साव, संजय कुमार सिंह, विरेन्द्र टोपो, सुधीर प्रसाद, प्रदीप कुमार, राज कूपर और प्रमोद कुमार सिंह।

# जल्द साकार होगा कौलेश्वरी पर्वत रोपवे परियोजना का सपना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** लंबे समय से लंबित कौलेश्वरी पर्वत रोपवे परियोजना को लेकर एक बार फिर उम्मीद की किरण जगी है। उपायुक्त रवि आनंद की पहल पर संबंधित एजेंसी राइट्स को पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार करने के लिए पत्र लिखा गया है।

इससे पूर्व पर्यटन निदेशालय को आवश्यक भूमि से संबंधित प्रतिवेदन भेज दिया गया है। इसके साथ ही परियोजना को आगे बढ़ाने की प्रशासनिक प्रक्रिया तेज होने की संभावना बढ़ गई है। यदि सरकार से अंतिम स्वीकृति मिलती है, तो कौलेश्वरी धाम तक श्रद्धालुओं की यात्रा पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगी।

पर्यटन निदेशालय ने वर्ष 2024 में उपायुक्त को पत्र भेजकर कौलेश्वरी मंदिर में रोपवे निर्माण के लिए आवश्यक भूमि का चिन्हीकरण कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

निदेशालय ने अपने पत्र में बताया था कि सरकार ने परियोजना की व्यवहार्यता जांच एजेंसी राइट्स से कराई थी, जिसमें कौलेश्वरी रोपवे निर्माण को तकनीकी रूप से व्यवहार्य पाया गया है। फिजिबिलिटी स्टडी के अनुसार प्रस्तावित रोपवे की लंबाई लगभग 1200 मीटर होगी। इसके लिए करीब 13,075 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता बताई गई है।

इसके अलावा रोपवे स्टेशन, पार्किंग, शॉपिंग कियोस्क तथा अन्य पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए अतिरिक्त भूमि भी चिन्हित की जानी है। पर्यटन निदेशालय द्वारा पूर्व में कई बार भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था।

तत्कालीन उपायुक्त के निर्देश पर संबंधित अंचल कार्यालय द्वारा कौलेश्वरी पहाड़ क्षेत्र में भूमि का सीमांकन कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया गया था। जिसमें संबंधित खाता, प्लॉट, रकबा तथा भूमि की प्रकृति का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट पर्यटन निदेशालय को भेज दी गई थी। उपायुक्त रवि आनंद का प्रयास है कि लंबित इस परियोजना को अंजाम तक पहुंचा दिया जाए। कौलेश्वरी पर्वत झारखंड एवं बिहार की सीमा से जुड़े प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में शामिल है। यहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु माता कौलेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उसमें सात से आठ हजार विदेशी होते हैं।

हालांकि ऊंची पहाड़ी पर चढ़ाई होने के कारण बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और छोटे बच्चों के साथ आने वाले श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रोपवे बनने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि रोपवे परियोजना के धरातल पर उतरने से कौलेश्वरी धाम राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक पहचान बनाएगा।

# लातेहार पुलिस ने बरामद किया हथियारों का जखीरा

● रविंद्र गंझू की निशानदेही पर हासिल की सफलता



**लातेहार, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के लातेहार जिले से सुरक्षाबलों को उग्रवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. लातेहार पुलिस और सीआरपीएफ कोबरा 209 बटालियन ने एक संयुक्त छापामारी अभियान 'स्पेशल ओप्स क्रांति' (रस्त्रीं' डस्त्र२ ङश्ल्लङ्क) चलाकर भाकपा माओवादी संगठन के बेहद सक्रिय और कुख्यात रीजनल कमेटी सदस्य रविंद्र गंझू उर्फ मुकेश गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू को गिरफ्तार किया था. झारखंड सरकार ने इस दुर्दांत माओवादी पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है. गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसकी निशानदेही पर भारी मात्रा में आधुनिक हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं.

**30 सालों से संगठन में था सक्रिय**

लातेहार के एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इस पूरे ऑपरेशन का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि 43 वर्षीय रविंद्र गंझू (पिता- रामब्रत गंझू, निवासी- हेसला, बांझी टोला, चंदवा) पिछले करीब 30 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़कर सक्रिय था. वह सुरक्षा बलों के साथ हुए कई बड़े और घातक मुठभेड़ों में सीधे तौर पर शामिल रहा है. इस कुख्यात उग्रवादी का खौफ तीन जिलों में फैला हुआ था, जिसके खिलाफ अकेले लोहरदगा जिले में 87, लातेहार में 41 और गुमला जिले में 27 आपराधिक मामले दर्ज हैं.

'स्पेशल ओप्स क्रांति' के तहत रिमांड पर हुई हथियारों की बड़ी बरामदगी

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा थाना क्षेत्र के बांझी टोला गांव से इसे दबोचा गया था. कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने कई नक्सली कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. उसकी निशानदेही पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाकर अङ-56 राइफल, अङ-56 मैगजीन 02 पीस, जिंदा कारतूस 90 चक्र, पाउच 01 पीस (काले रंग का) हथियार बरामद किए हैं. इस सफल और बड़े छापामारी दल में एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता के साथ बेतर ओपी प्रभारी रितेश कुमार राव, बारेसाढ़ थाना प्रभारी शशि कुमार, अजीत कुमार, रितेश तिग्गा और कोबरा व जिला बल के कई जवान शामिल थे.

इस गिरफ्तारी को लातेहार और आस-पास के इलाकों में माओवादी संगठन के लिए एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है.

## जयताड़ा व अलीगंज में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास आज

**दुमका, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रानीश्वर प्रखंड के बिलकांदी पंचायत के जयताड़ा व दक्षिणिजोल पंचायत के अलीगंज में प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को किया जाएगा. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा नदियानंद मंडल ने बताया कि स्थानीय विधायक आलोक कुमार सोरेन के द्वारा दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जायेगा. डॉ मंडल ने बताया कि जयताड़ा में पूराना भवन जर्जर हो गया है. वहां नये भवन निर्माण कराया जायेगा. वहीं दक्षिणजोल पंचायत के धाधका गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन के अभाव में भाड़े के मकान में संचालित हो रहा था. धाधका में सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण उसे अलीगंज में कराया जायेगा. उल्लेखनीय रहे कि दोनों भवन निर्माण कार्य काफी बिलंब से शुरू किया जा रहा है. इसके पहले बिलकांदी पंचायत के जयताड़ा के बदले संवेदक के द्वारा हरिपुर पंचायत के जयताड़ा में नींव खोदा गया था. जिसका विरोध होने पर वहां भवन निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था.

# झारखंड की राजकीय मछली मांगूर के संरक्षण की बनेगी कार्ययोजना

**झारखंड, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार ने मांगूर को राजकीय मछली घोषित किया है. राजकीय मछली घोषित किये छह माह से ज्यादा समय हो गया है. अब इसके विकास और संवर्द्धन की योजना तैयार होगी. इसके लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार की मदद लेगी. राज्य सरकार के मत्स्य विभाग के अधिकारियों की बैठक 21 जुलाई को होगी. इसमें मत्स्य विभाग के अधिकारी झारखंड में मांगूर मछली के विकास में केंद्र से अपेक्षित सहयोग की रिपोर्ट पेश करेंगे. 2025 में राज्य सरकार ने इसे राजकीय मछली का दर्जा दिया है.

**केंद्र से सहयोग लेगी सरकार**

बारिश के मौसम में झारखंड के गांवों में एक समय ऐसा था, जब धान के खेतों में पानी भरते ही बच्चे और किसान हाथों से देसी मांगूर पकड़ लेते थे. खेत, आहर, पोखर और छोटी नदियां इस मछली से भरी रहती थीं. लेकिन आज वही देसी मांगूर गांवों से लगभग गायब हो चुकी है. ग्रामीण बताते हैं कि वर्षों से उन्होंने प्राकृतिक जलाशयों में मांगूर नहीं देखी. यही वजह है कि झारखंड सरकार ने इसे राज्य की राजकीय मछली घोषित कर संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, दुमका और संताल परगना यह ज्यादा पाया जाता है.

**संवेदनशील प्रजाति है मांगूर**

मत्स्य विशेषज्ञों के अनुसार देसी मांगूर एक संवेदनशील प्रजाति है, जिसे उथले, साफ और जैविक रूप से समृद्ध जलाशयों की जरूरत होती है. लेकिन पिछले दो दशकों में झारखंड के ग्रामीण परिदृश्य में बड़े बदलाव हुए हैं. सबसे बड़ा कारण आर्द्रभूमियों (वेटलैंड) का तेजी से कम होना है.

**पोषण और आजीविका दोनों के लिए महत्वपूर्ण**



देसी मांगूर केवल एक मछली नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पोषण सुरक्षा का भी हिस्सा रही है. इसमें प्रोटीन, आयरन और आवश्यक अमीनो एसिड की मात्रा अधिक होती है. चिकित्सक कई बार बीमारी से उबर रहे मरीजों को भी मांगूर का सेवन करने की सलाह देते हैं.

**क्या कहते हैं अधिकारी**

मत्स्य निदेशक अमरेंद्र कुमार कहते हैं मांगूर विलुप्त होने के कगार पर है. इसके संरक्षण की योजना बन रही है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से सहयोग लेने पर बात हो रही है. झारखंड में मांगूर का बेस लाइन सर्वे चल रहा है. यहां क्लस्टर बनाकर विकास करने की योजना है.

## संक्षिप्त समाचार

### डिगवाडीह में गणेश महोत्सव की भूमि पूजन को लेकर दो गुटों में मारपीट

**धनबाद, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला अंतर्गत डिगवाडीह में गणेश महोत्सव के लिए पुरानी पूजा कमिटी द्वारा पिछले दिनों किए गए भूमि पूजन का विरोध करते हुए विपक्षी गुट द्वारा रविवार को नई कमेटी गठन के लिए आम सभा और दोबारा भूमि पूजन बुलाया गया था. इसी दौरान दोनों गुटों के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई.



घटना की सूचना मिलते ही जोड़ापोखर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया. पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लिया है. घटना के बाद दोनों पक्षों के समर्थक थाना पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है. विवाद का कारण मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित राशि को लेकर है. एक पक्ष पुरानी कमिटी से हिसाब मांग रहा है. वहीं पुरानी कमिटी के सदस्यों का कहना है कि मंदिर निर्माण के लिए राशि मंदिर के नाम से बैंक में जमा है और उसी से पूजा मंदिर का निर्माण कार्य किया जाएगा. थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि जो भी घटना घटी है उसकी लिखित शिकायत दें. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### युवती की मांग में जबरन सिंदूर भरने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**धनबाद (गोविन्दपुर), नवबिहार संवाददाता।** युवती का अपहरण कर उसकी इच्छा के विरुद्ध मांग में सिंदूर भरने व बाद में उसे महिला थाना में छोड़कर फरार होने के मामले में गोविंदपुर पुलिस ने आरोपी मनोज रजवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गोविंदपुर इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने बताया कि मामले में गोविंदपुर थाना कांड संख्या 221/26 दर्ज की गयी है. इसमें बीएनएस की धारा 87 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है. कांड की जांच कर रहीं एसआइ संगीता रजवार ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. पीड़िता ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया कि 10 जुलाई को दिन के करीब 11 बजे भूली कोल डंप निवासी पूर्व परिचित मनोज रजवार ने फोन कर उसे घर से बाहर बुलाया. इसके बाद वह जबरन बाइक पर बैठाकर धनबाद ले गया. पीड़िता के अनुसार, आरोपी उसे एक मंदिर में ले गया और उसकी इच्छा के विरुद्ध मांग में सिंदूर भर दिया. इसके बाद उसे महिला थाना ले जाकर छोड़ दिया और वहां से फरार हो गया. पीड़िता तीन दिनों तक महिला थाना में रही. 12 जुलाई को महिला थाना प्रभारी ने उसके परिजनों को बुलाकर उसे सौंप दिया. इसी दिन परिवार वालों ने उसकी शादी टुंडी के गोसाईडीह केसका में तय की थी. घटना के बाद शादी टूट गई. पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

### जर्जर पानी टंकी का किया निरीक्षण

**धनबाद (पंचेत), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीसीसीएल सीवी एरिया के बाबूडंगाल कॉलोनी स्थित तीस साल पुराना जर्जर पानी टंकी का निरीक्षण दहीबाड़ी कोलियरी के प्रोजेक्ट ऑफिसर चिरंजीव मुखर्जी एवं मैनेजर अभिषेक ठाकुर ने किया. पानी टंकी काफी पुराना हो गया हैं. और सड़क किनारे होने के कारण कॉलोनीवासियों से बीसीसीएल प्रबंधन से मामले को अवगत कराया था. जर्जर टंकी टूट कर गिर रहा हैं. काफी भी दुर्घटना घट सकती हैं. मामले को देखते हुए बीसीसीएल प्रबंधन ने एक सिक्यॉरिटी गार्ड लगाया है.

### जिले में 6.24 लाख गणना प्रपत्रों का हुआ डिजिटाइजेशन

**गढ़वा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार गढ़वा जिला प्रशासन मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान चलाया जा रहा है. अभियान की प्रगति पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा स्वयं नजर बनाये हुए हैं. जिला प्रशासन का लक्ष्य 29 जुलाई 2026 तक सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर पांच अगस्त 2026 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सुनिश्चित करना है. अभियान के तहत जिले में कुल 8,62,092 गणना प्रपत्रों (100 प्रतिशत) का वितरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है. इसके अतिरिक्त 6,24,681 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन, 648 प्रपत्रों का ऑनलाइन सबमिशन और 6,24,031 प्रपत्रों का सफल सत्यापन बीएलओ द्वारा किया जा चुका है. विशेष श्रेणी के मतदाताओं के तहत अब तक जिले में एएसडीडीएफ के 2,773, डीएसइ के 11,680 और अनकलेक्टेबल फॉर्म्स के 9,683 इलेक्टर्स चिह्नित किये जा चुके हैं. विधानसभावार प्रगति के तहत 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में कुल 4,26,661 गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण पूरा हो चुका है. यहां 2,90,912 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन, 407 प्रपत्रों का ऑनलाइन सबमिशन तथा 2,90,503 प्रपत्रों का सफल सत्यापन किया गया है. वहीं, 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में भी 4,35,431 गणना प्रपत्रों का 100 प्रतिशत वितरण पूरा कर लिया गया है. इसके अलावा 3,33,769 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन, 241 प्रपत्रों का ऑनलाइन सबमिशन तथा 3,33,528 प्रपत्रों का सफल सत्यापन किया जा चुका है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि जब भी बीएलओ घर पहुंचें, उन्हें आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं और अपने विवरण का सत्यापन कराकर एक पारदर्शी व मजबूत लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें.

### जोधपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर कांडी के युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**कांडी (गढ़वा), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कांडी मुख्य बाजार निवासी कामेश्वर मेहता के 25 वर्षीय पुत्र चंदीप कुमार मेहता की राजस्थान में एक दर्दनाक रेल हादसे में मौत हो गयी. घटना सोमवार की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, चंदीप कुमार मेहता राजस्थान के जोधपुर में रहकर मजदूरी करता था. सोमवार को वह जोधपुर रेलवे स्टेशन के समीप से गुजर रहा था, इसी दौरान वह एक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया. ट्रेन से कट जाने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी. बताया जा रहा है कि चंदीप जल्द ही जोधपुर से अपने घर वापस आने वाला था, लेकिन उसके घर पहुंचने से पहले ही यह दुखद खबर परिजनों तक पहुंच गयी. जैसे ही इस घटना की सूचना सोमवार की देर रात कांडी स्थित उसके पैतृक आवास पर मिली, परिजनों में कोहराम मच गया. मृतक के माता-पिता व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव में भी इस घटना के बाद से शोक की लहर है.

# हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में स्टोर इंचार्ज की हत्या



● दो आरोपी फरार, तीसरा पुलिस के कब्जे में

**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ साइंस डेंटल कॉलेज ऑफ साइंस एंड हॉस्पिटल डेमोटांड में स्टोर में काम करने वाले विकास कुमार सिंह की हत्या कर दी गई. घटना 18 जुलाई की देर रात की बताई जाती है. वह बिहार रोहतास जिला अरिहत थाना क्षेत्र के भस्वारा गांव का रहने वाला था. मृतक डेंटल कॉलेज में स्टोर इंचार्ज था.

**रसोई कर्मियों पर हत्या का आरोप, दो आरोपी फरार**

घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है. रसोई में काम करनेवाले तीन लोगो पर हत्या का आरोप-मृतक के रिश्तेदार ब्रजकुमार सिंह ने बताया कि विकास की हत्या रसोई में काम करने वाले गिरिडीह के पवन कुमार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेलवारा गांव के दशरथ यादव और अर्जुन नाम के व्यक्तियों ने कर दी. इसमें अर्जुन और पवन कुमार फरार है.

मृतक समेत चारो एक साथ खाया पिया-अस्पताल में काम करने वाले कर्मियों ने बताया कि मृतक सहित चारों लोगों ने एक साथ खाना पीना किया. चारों एक ही साथ रहते थे. रात में खाना खाने के बाद चारों एक कमरे में में थे.

कमरे में मिला शव, दो साथी मौके से फरार सुबह में लोगों को जानकारी हुआ कि जिस कमरे में लोग सो रहे थे. उसे कमरे में विकास कुमार का शव पड़ा हुआ था. साथ ने खाना खाकर एक कमरे में रहनेवाला पवन और अर्जुन फरार है. इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है. हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है.

## सड़क पर हाइवा खड़ा रहने से दुर्घटना की आशंका



**चतरा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस लाइन-जीतनी सड़क पर डहुरी स्थित चंगेर बहेरवा टांड़ के पास सड़क किनारे प्रतिदिन छाई लदे कई हाइवा खड़े रहने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. इससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. हल्की बारिश के बाद सड़क पर गिरी छाई कीचड़ में बदल गयी है, जिससे फिसलन बढ़ गयी है. इस स्थल पर चतरा बाइपास सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है.

निर्माण के लिए कोडरमा से हाइवा के माध्यम से छाई लायी जा रही है. सड़क पर खड़े वाहनों से लगातार छाई और पानी गिरने के कारण मार्ग फिसलन भरा हो गया है. इससे बाइक और साइकिल सवारों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है.

## हजारीबाग के होटल में पुलिस की छापेमारी



●कई युवक-युवतियां हिरासत में लिए गए

**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के हजारीबाग शहर के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपूगढ़ा स्थित एक होटल से रविवार को युवक-युवतियों को हिरासत में लिया.

पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही होटल में मौजूद कुछ युवक-युवतियां मौके से भाग निकले. पुलिस ने होटल में मौजूद युवकों से पूछताछ शुरू कर दी है और उनके होटल में ठहरने तथा आने के उद्देश्य की जानकारी जुटाई जा रही है. छापेमारी के बाद पुलिस ने होटल को तत्काल बंद करा दिया. मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा हो रही है. कोर्रा थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने होटल में कार्रवाई की. पूछताछ के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है. उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल पुलिस होटल के संचालक से भी आवश्यक जानकारी जुटा रही है और मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है.

## श्रावणी मेला में दो सौ डॉक्टरों की होगी तैनाती

● हर पांच किमी पर लगेंगे शिविर



**देवघर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी मेला 2026 में श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए झारखंड सरकार द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है. झारखंड में प्रवेश करते ही लोगों को कांवरियों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और उपचार मिले, इसके लिए हर कांवरिया पथ में हर पांच किलोमीटर पर अस्थायी स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे. स्वास्थ्य विभाग ने 30 जुलाई से 28 अगस्त तक चलने वाले मेले के लिए जिलों से 200 से ज्यादा चिकित्सकों को अस्थाई रूप से पदस्थापित करने पर विचार कर रहा है. डॉक्टरों के 80-80 के बैच का दो शिफ्ट में देवघर में तैनाती की जायेगी.

**वासुकिनाथ में भी डॉक्टरों की होगी तैनाती**

दुमका के वासुकिनाथ में 20-20 चिकित्सकों का शिफ्ट होगा. वहीं, बड़ी संख्या में पैरामेडिकल स्टॉफ की प्रतिनियुक्ति की जायेगी. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) के नेतृत्व में एमपीडब्ल्यू स्टॉफ की भी प्रतिनियुक्ति के लिए निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा डॉ सिद्धार्थ सान्याल की ओर से फाइल आगे बढ़ायी गयी है. कांवरिया पथ पर विशेष स्वास्थ्य शिविर स्थापित किये गये हैं. इन शिविरों में 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जायेंगी.

**24 घंटे कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं को मिलेगी सेवा**

सभी डॉक्टर स्थानीय जिलों के उपायुक्त और सिविल सर्जन के निर्देश पर काम करेंगे, ताकि मुख्य राजमार्गो से इतर सुदूरवर्ती रूटों पर भी शिवभक्तों को मरहम-पट्टी के साथ ही आकस्मिक रूप से कांवरियों को 24 घंटे तत्काल इलाज मिल सके. देवघर जिला परिसदन सभागार कक्ष में श्रावणी मेला, 2026 के सफल आयोजन को लेकर 20 जुलाई यानि सोमवार को बैठक होगी. बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी भी शामिल होंगे. संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला ने उपायुक्त देवघर और संताल परगना के क्षेत्रीय उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र लिखा है.

# रांची में दो घंटे की बारिश में सड़कें बनीं तालाब

## घरों में घुसा पानी



रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार दोपहर हुई मूसलाधार बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी. करीब डेढ़ से दो घंटे की तेज बारिश के बाद शहर की कई प्रमुख सड़कें तालाब में तब्दील हो गयीं. कई इलाकों में दो से तीन फीट तक पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों को सड़क और गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया. जलजमाव के कारण कई वाहन बीच सड़क पर बंद हो गये और जगह-जगह लंबा जाम लग गया. काली टावर, लालपुर, जयपाल सिंह स्टेडियम, बकरी बाजार, सेवा सदन पथ और लाइन टैंक तालाब के पास सबसे अधिक परेशानी देखने को मिली. करीब एक घंटा तक यातायात प्रभावित रहा. बाद में पानी कम होने पर स्थिति सामान्य हो सकी.

**सेवा सदन पथ फिर बना तालाब**

बारिश के दौरान सेवा सदन पथ पूरी तरह जलमग्न हो गया. दूर-दूर तक सड़क पर सिर्फ पानी ही नजर आ रहा था. कई वाहनों के इंजन पानी में डूब गये और चालक बीच सड़क पर फंस गये. इस कारण करीब दो घंटे तक

**आठ साल से नहीं बदली हलधर प्रेस गली की तस्वीर**

हलधर प्रेस गली की तस्वीर पिछले आठ वर्षों में भी नहीं बदली है. हर बरसात में जलजमाव झेल रहे इस इलाके में एक बार फिर बारिश का पानी घरों में घुस गया. घरों में रखा सामान पानी में तैरने लगा. स्थानीय लोगों का कहना है कि सांसद, विधायक और नगर निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गयी, लेकिन आज तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है.

खोरहाटोली पुल के ऊपर से बह रहा था पानी

खोरहाटोली स्थित पुल भी बारिश के पानी में पूरी तरह डूब गया. पुल के ऊपर से तेज बहाव के साथ पानी गुजर रहा था, जिससे वाहन चालक पुल पार करने का साहस नहीं जुटा सके. ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पहले इसी पुल से हजारीबाग निवासी उमेश राणा पानी के तेज बहाव में बह गये थे. इसके बावजूद पुल की ऊंचाई बढ़ाने या स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई.

इन इलाकों में भी जलजमाव से बढ़ी परेशानी

रांची रेलवे स्टेशन के बाहर जलजमाव के कारण यातायात प्रभावित रहा. सड़क पर अस्थायी रूप से वन-वे व्यवस्था लागू करनी पड़ी.

स्टेशन स्थित ओवरब्रिज के नीचे नालियों का काला पानी सड़क पर फैल गया. वहीं, साइलेंसर में पानी घुसने से कई वाहन बंद हो गये. लोगों को धक्का देना पड़ा.

काली टावर के समीप सड़क पर करीब दो फीट पानी भर जाने से जाम लग गया. वहीं, वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

कचहरी रोड स्थित गणगौर गली में बारिश का पानी कई घरों और अपार्टमेंट के बेसमेंट तक पहुंच गया.

होटल लीलैक के सामने जाम नाली के कारण पानी **सड़क पर बहने लगा और आसपास के कई गैराज में घुस गया.**

मेन रोड स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर के अंदर बारिश का पानी घुस गया. इससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

पुंदाग स्थित तारा नगर पूरी तरह से जलमग्न हो गया. बारिश के कारण लोग यहां घरों में कैद हो गये. बांधगाड़ी दीपाटोली में निमार्णाधीन नाली बारिश के पानी में पूरी तरह से डूब गयी. लोग हाथ में डंडा लेकर यहां से पार हो रहे थे.

# सिविल सर्जन के औचक निरीक्षण में खुली मेराल सीएचसी की पोल



**गढ़वा नवबिहार संवाददाता**

मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति बदहाल है. विभाग के निर्देश के बावजूद यहां की ओपीडी में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं बैठते हैं, बल्कि पूरा जिम्मा आयुष चिकित्सकों के भरोसे चल रहा है. गौरतलब है कि मेराल में दो एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती है, जिनमें एक प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार और दूसरे डॉ दीपक सिन्हा हैं.

हालांकि, डॉ दीपक की ड्यूटी कभी-कभार सदर अस्पताल में लगा दी जाती है.अस्पताल की अव्यवस्था यहीं खत्म नहीं होती. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्लर्क के पद पर मनोज चंद्रवंशी की पदस्थापना की गई है. लेकिन आरोप है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र उनसे काम लेने के बजाय डंडई के एक एजुकेटर से क्लर्क का काम करवा रहे हैं. जिस एजुकेटर का मुख्य काम क्षेत्र में टीकाकरण अभियान को गति देना है, वह दफ्तर में बैठकर बाबूगीरी कर रहे हैं. इस वजह से इलाके में टीकाकरण का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है.

सिविल सर्जन के औचक निरीक्षण में खुली पोल मेराल स्वास्थ्य केंद्र की इस बदहाल व्यवस्था की पोल तब खुली, जब बुधवार को सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ केनेडी औचक निरीक्षण करने अचानक केंद्र पहुंचे. सिविल सर्जन के पहुंचते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया. निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गायब मिले, हालांकि सिविल सर्जन के आने की सूचना मिलने के बाद आनन फानन में पहुंचे. वहीं ओपीडी का संचालन आयुष चिकित्सक कर रहे थे.

मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ केनेडी ने कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने अल्टीमेटम दिया है कि यदि अस्पताल की व्यवस्था जल्द ही 'अप टू मार्क' (दुरुस्त) नहीं हुई, तो प्रभारी को पद से हटा दिया जाएगा. सिविल सर्जन ने कहा कि सरकार और विभाग के आदेशों का हर हाल में पालन होना चाहिए, इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

# गुमला में वज्रपात का कहर, खेत में काम कर रही महिला की वज्रपात से मौत



**गुमला, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थित सिसई थाना क्षेत्र के सेमरा पाकरटोली में वज्रपात (आकाशीय बिजली) की चपेट में आने से 56 वर्षीय महिला जयंती देवी की दर्दनाक मौत हो गयी.

घटना दोपहर लगभग तीन बजे की है. मिली जानकारी के अनुसार, जयंती देवी अपने खेत में धान की रोपनी करने गयी हुई थी. इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गयी, जिससे बचने के लिये वह पास में ही स्थित एक बांस के झुरमुट के नीचे जाकर खड़ी हो गयी. इसी बीच अचानक जोरदार वज्रपात हुआ, जिसकी सीधी चपेट में जयंती देवी आ गयी और गंभीर रूप से झुलस गयी.

वहां मौजूद अन्य ग्रामीण बुधवा खड़िया, जद्दू खड़िया और बजरंग बडाईक भी इस आकाशीय बिजली की चपेट में आये, लेकिन उन्हें सिर्फ हल्का झटका महसूस हुआ और वे बाल-बाल बच गये. घटना के तुरंत बाद परिजनों ने गंभीर रूप से घायल जयंती देवी को इलाज के लिए सिसई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. रविवार को पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया. पुलिस फिलहाल मामले की आगे की जांच कर रही है. वहीं परिजनों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है.

# मॉडल स्कूलों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं होंगी विकसित

## जमुई के दस प्लस टू उच्च विद्यालयों को मिला मॉडल स्कूल का दर्जा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** बिहार में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय से राज्य के 551 'सरस्वती विद्या निकेतन' (मॉडल स्कूल) का एक साथ उद्घाटन किया। जमुई समेत पूरे बिहार के सरकारी स्कूलों के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इसमें जमुई जिला का दस स्कूल शामिल है। बेगूसराय से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सभी चयनित विद्यालय कार्यक्रम से जुड़े और एतिहासिक दिन को यादगार बनाया। निर्धारित गाइडलाईंस के अनुरूप इन सभी पाठशालाओं का समुचित विकास किया जाएगा। यहां गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा मुहैया कराने की दिशा में कारगर पहल किए जायेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा राज्य के 551 सरस्वती विद्या निकेतन के एकीकृत उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण के लिए जमुई जिला प्रशासन ने +2 जनता उच्च विद्यालय सतायन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। एडीएम रविकांत सिन्हा ने अग्नि



शिलालेख का अनावरण कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जमुई जिला का 58 वर्ष पुराना +2 जनता उच्च विद्यालय सतायन समेत कुल दस पाठशाला अब सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) के रूप में नई पहचान हासिल करेगा। मॉडल स्कूल बनने के बाद यहां आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, डिजिटल संसाधनों और अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। शिक्षण अधिगम सामग्री, स्वच्छता, आईटी सुविधा आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। अंकित स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। एडीएम ने शिक्षकों, पदनहारों और अभिभावकों से निष्ठा के साथ राज्य के विकास में सहयोग करने का आग्रह किया। डीईओ धनंजय कुमार पासवान ने आगंतुकों का विनम्र भाव से अभिनंदन करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग का ध्येय नामित पाठशालाओं को राज्य के उत्कृष्ट सरकारी शिक्षण संस्थानों में शामिल करना है। जिले के प्रत्येक प्रखंड से एक-एक विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में चुना गया है। सरस्वती विद्या निकेतन बनने के बाद यहां विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल शिक्षण संसाधन, आधुनिक पुस्तकालय, अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी जैसी सुविधाएं

### इन स्कूलों को मिला सरस्वती विद्या निकेतन का दर्जा

जमुई जिला के 58 साल पुराने +2 जनता उच्च विद्यालय सतायन जमुई के अलावे +2 एमआर पुरी उच्च विद्यालय ताजपुर अलीगंज, +2 एसके उच्च विद्यालय सिकंदरा, +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेला लक्ष्मीपुर, +2 राजकीय उच्च विद्यालय लखलख बरहट, +2 एमसीभी उच्च विद्यालय गिद्धौर, राज्य संपोषित +2 एसएस उच्च विद्यालय सोनो, +2 एसके उच्च विद्यालय चकाई, +2 आरएसएस उच्च विद्यालय बड़ाबांध खैरा और +2 एमजीएस उच्च विद्यालय झाझा को भी ''सरस्वती विद्या निकेतन'' का दर्जा दिया गया है।

उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा विभाग चरणबद्ध तरीके से इन विद्यालयों को आधुनिक तकनीक और बेहतर आधारभूत संरचना से लैस करेगा। मॉडल स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत डिजिटल शिक्षण, प्रयोगशाला आधारित पढ़ाई और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षा विभाग का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर निजी स्कूलों की तुलना ज्यादा बेहतर बनाना है। शिक्षा विभाग ने सभी सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों की एक समान पहचान बनाने के लिए भवनों को विशेष रंग से तैयार कराया जा रहा है। पूरे बिहार में इन मॉडल स्कूलों की बाहरी पहचान एक जैसी होगी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी, डीपीओ उच्च शिक्षा नीतेश कुमार, बीईओ अमीत कुमार बीजेपी जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद केशरी, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष जीवन सिंह, बृजनंदन सिंह, चंदन सिंह, अजय पासवान, सेवानिवृत प्राचार्य अरुण देव राय, प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह, अमीत कुमार, लक्ष्मीकांत पाण्डेय आदि गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर इसे भव्यता प्रदान किया। राज्य उद्घोषक डॉ.निरंजन कुमार ने साहित्यिक अंदाज में समारोह का मंच संचालन कर प्रशंसा के पात्र बने।

# ताजपुर में मॉडल स्कूल का विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई/अलीगंज।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अलीगंज प्रखंड अंतर्गत एम.आर. पुरी उच्च विद्यालय, ताजपुर परिसर में सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल का शुभारंभ किया गया। विद्यालय का उद्घाटन स्थानीय विधायक प्रफुल कुमार मांझी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अग्रसर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा राजीव कुमार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक प्रफुल कुमार मांझी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि मॉडल स्कूल की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा तथा उनकी प्रतिभा को निखारने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अग्रसर कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा राजीव कुमार ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी शिक्षक पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए विधायक एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा राजीव कुमार, शिवराज नंदन सिंह, ऋतु सिंह, शिखा पल्लवी, ज्योति कुमारी, बसंत नारायण, रामकुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सिकंदरा में आदर्श विद्यालय का शुभारंभ

**जमुई /सिकंदरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड स्थित प्लस-टू श्रीकृष्ण विद्यालय अब 'सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय' के रूप में संचालित होगा। राज्य सरकार की पहल के तहत रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने ऑनलाइन इसका उद्घाटन किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रूपम कुमारी और विद्यालय प्रभारी विमल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्थानीय स्तर पर विद्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से विधायक को सम्मानित भी किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। आदर्श विद्यालय योजना से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल के साथ अनुशासन, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रप्रेम की शिक्षा मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने और लक्ष्य तय कर पढ़ाई करने की अपील की। विद्यालय प्रभारी विमल ने बताया कि यहां शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहेगी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए योग, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां, नैतिक शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने वाले कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। आधुनिक शिक्षण पद्धति के जरिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी विशेष जोर रहेगा।

# समाज सेवा के लिए एकजुट होकर काम करने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोशिएशन के बैनर तले रविवार को सिकंदरा प्रखंड के रामपुर में प्रखंड अध्यक्ष शंकर प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश संगठन सचिव बीरेंद्र कुमार शर्मा की ने भाग लिया। बही कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन सचिव बीरेंद्र कुमार शर्मा, मुंगेर प्रमंडल अध्यक्ष शेषनाथ शर्मा को फूल माला, बुके एवं अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर प्रदेश संगठन सचिव वीरेंद्र कुमार शर्मा ने बैठक को संबोधित करते




हुए कहा कि बाल मजदूरी, नारी शोषण, लोगों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार तथा शोषित एवं वंचित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।बही मुंगेर प्रमंडलीय अध्यक्ष शेषनाथ शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाकर और संगठन के माध्यम से पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कहा कि संगठन के नियमों का पालन, ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भाव के साथ सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को उनके अधिकार दिलाने का प्रयास किया जाएगा।बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए नवीन कुमार को जिला अध्यक्ष, महादेव सिमरिया के राजु पाण्डेय को सिकंदरा प्रखंड के सचिव, अशोक महतो को प्रखंड सचिव, जिम्मेदारी सौंपी गई।मौके पर बीरेंद्र महतो,नुनेश्वर महतो, गोरेलाल महतो,सोनु कुमार, अलीगंज प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, अलीगंज प्रखंड सचिव शंभुनाथ, कृष्णा पंडित समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रत्येक मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए की बैठक 22 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक सहभागी प्रक्रिया है इसमें प्रत्येक स्टेकहोल्डर के सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में मतदाताओं, बीएलए 2, बीएलओ, निर्वाचन से जुड़े हर स्तर पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहभागिता से तीव्र गति से कार्य की जा रही है। उन्हों बताया कि वर्तमान में इन्यूमेरशन फेज का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वर्तमान मतदाता सूची के प्रत्येक मतदाताओं तक इन्यूमेरशन फॉर्म भेजने एवं उनके भरे हुए एवं हस्ताक्षर किए हुए इन्यूमेरशन फॉर्म को संग्रहित कर डिजिटलाइज करने का कार्य किया जा रहा है। श्री रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची में एएसडीडीएफ सूची के अंतिम प्रकाशन हेतु सभी मतदान केंद्रों पर 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलए 2 के बैठक एवं चुनाव पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। वैसे मतदाता जो अपना फॉर्म भरकर एवं हस्ताक्षर कर अपने बीएलओ को जमा करेंगे केवल उनका ही नाम अगस्त को प्रकाशित होने वाले मतदाता सूचि के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में शामिल होगा। श्री के. रवि कुमार ने कहा कि इन्यूमेरशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को समय पर संपन्न करने के लिए विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। रविवार तक विशेष कैंप एवं बीएलओ द्वारा 65.64% कुल 1,73,70,620 मतदाताओं के इन्यूमेरशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य संपन्न कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा भरे हुए इन्यूमेरशन फॉर्म को वापस जमा होते ही उसे डिजिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि जल्द से जल्द अपने इन्यूमेरशन फॉर्म भरकर जमा कर दें जिससे उसे समय रहते डिजिटाइजेशन किया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अभी भी शहरी मतदाताओं के द्वारा इन्यूमेरशन फॉर्म भरकर जमा करने की गति धीमी है। इसे गति देने एवं अधिक से अधिक बच्चे हुए मतदाताओं को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की सहूलियत और शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 20 जुलाई 2026 को राज्य के सभी शहरी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से शहरी मतदाता आसानी से अपना इन्यूमेरशन फॉर्म जमा कर सकते हैं एवं बचे हुए मतदाता जिन्हें किसी कारण से अभी भी इन्यूमेरशन फॉर्म प्राप्त नहीं हुए है वे इसे विशेष कैम में जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# 78वें स्थापना दिवस पर रामदयालु सिंह महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** गोकुल की राह चले जमुना के तट पर एकल और समूह गान की प्रस्तुति ने सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलगीत से हुई, जिसमें खुशी, शिवानी, प्रणव और शाश्वत ने भाग लिया। गणेश वंदना में पियूष, कोमल, रिया, साक्षी, पलक व पायल ने भाग लिया। ऋतंभरा के द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य 'मोहे पनघट पर नंदलाल छेड़ गयो रे' सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। लोकगीतः 'आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया' में हाजरा, अंशु, अर्पिता, आयशा, मनीषा, शिवानी, खुशी, स्नेह, अंकिता, पलक ने मनमोहक प्रस्तुति से समां बांध दिया। अपूर्वा द्वारा 'रहे ना रहे हम' गीत की सुमधुर प्रस्तुति हुई। कृष्ण राधा समूह नृत्य में पीयूष, रितंभरा, सलोनी, कोमल, रिया, अपूर्वा, रिद्धि, साक्षी, पलक, पायल, अनिशा और अंजलि ने शानदार प्रस्तुति किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों सहित विरासत टीम के



डॉ आरती, डॉ प्रियंका दिक्षित, डॉ कृतिका वर्मा, डॉ स्नेह लता, डॉ सुमन लता, डॉ हसन रजा व कुमारी निधि को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। सभी विभागों के टॉपर, नेट व जेआरएफ में सफल छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

**पत्रिका व पुस्तक का लोकार्पण**

आरडीएस कॉलेज की ऐतिहासिक पत्रिका 'वर्तिका' और कृतिका वर्मा द्वारा स्नातक के छात्रों के लिए लिखित पुस्तक 'कंज्यूमर बिहेवियर' का लोकार्पण कुलपति, प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इससे लेखन, पठन-पाठन और बौद्धिक संवाद को बल मिला है। कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय ने स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि रामदयालु सिंह महाविद्यालय का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस संस्थान ने न केवल उत्तर बिहार बल्कि पूरे देश को राजनीति, समाज सेवा, विज्ञान और साहित्य के क्षेत्र में अद्वितीय विभूतियां दी है। महाविद्यालय के कर्मठ प्राचार्य, समर्पित प्राध्यापक गण, ऊर्जावान छात्र-छात्राएं और कर्मचारी गण महाविद्यालय की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षक ज्ञान के प्रदाता और मार्गदर्शक होते हैं, जबकि छात्र इस प्रणाली के केंद्र बिंदु हैं।अपार मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। पूर्व कुलपति डॉ रिपुसूदन श्रीवास्तव ने अपने छात्र जीवन से लेकर शिक्षक बनने तक के रोचक संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक और छात्र का रिश्ता बहुत ही पवित्र और प्यारा होता है। कॉलेज के शिक्षक छात्रों के उज्जवल भविष्य निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। आरडीएस कॉलेज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। यहां मिनर्वा क्लब जैसी संस्थाओं के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर काम किया है, जिससे एक मजबूत भावनात्मक रिश्ता स्थापित हुआ है। उन्होंने कालेज के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने आगत अतिथियों का अंगवस्त्र व कॉलेज पत्रिका देकर स्वागत किया। उन्होंने विगत वर्षों में कॉलेज के चहुंमुखी विकास का रोड मैप प्रस्तुत किया। कहा कि यहां के शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी पूरे लगन एवं तन्मयता से कॉलेज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कॉलेज के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य डॉ बीके आजाद ने भी अपने अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो बीके आजाद, प्रो भारती सिंहा, प्रो अरुण कुमार, प्रो विकास नारायण उपाध्याय, प्रो मंजू सिंहा, पूर्व कुलसचिव डॉ संजय कुमार, डॉ शरदेंदु शेखर, प्राचार्य डॉ कनु प्रिया, प्राचार्य डॉ संजय कुमार सुमन, डॉ प्रदीप चौधरी, पूर्व प्राचार्य डॉ संजय, पूर्व प्राचार्य डॉ सी एस राय, कॉलेज बर्सर डॉ राजीव कुमार, डॉ अर्पणा शर्मा, डॉ अमीता शर्मा, डॉ शिवेश कुमार, प्राचार्य डॉ के के के पासवान, परीक्षा नियंत्रक डॉ रामकुमार, डॉ एम एन रजवी, सिंडिकेट सदस्य डॉ सत्येंद्र प्रसाद, डॉ मंजरी आनंद, एनटीपीसी के सीएसआर एग्जीक्यूटिव नेहा गोरेती मिंज व योगेश कुमार सिंह, श्री निर्मल शर्मा आदि की उपस्थिति ने स्थापना दिवस समारोह को काफी सफल बनाया।

# एसआईआर : शुद्ध मतदाता सूची से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत रविवार को झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदीव्य कुमार ने स्वयं अपना गणना प्रपत्र एन्यूमेरशन फॉर्म भरकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त रामनिवास यादव को सौंपा। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से समय-सीमा के भीतर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को देने और अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस अभियान



में सहयोग करे, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रामनिवास यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में एसआईआर-2026 अभियान का प्रभावी एवं समयबद्ध संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुंचाने, उसे प्राप्त करने तथा मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जारी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय के भीतर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं जिला प्रशासन के अनुसार अभियान के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है ताकि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही और अद्यतन रूप से दर्ज किया जा सके।

# उपायुक्त ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर रविवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने एच.ई. हाई स्कूल, कार्मेल स्कूल, पचंबा हाई स्कूल, हनी होली विद्यालय सहित अन्य



परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का सत्यापन कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने परीक्षार्थियों से बातचीत कर परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और उन्हें शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा देने के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की प्रत्येक प्रक्रिया आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और सतर्कता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कदाचार की संभावना को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रामनिवास यादव ने कहा कि प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित, निष्पक्ष और तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा दिलाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों को आपसी समन्वय के साथ पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

# जैक 12वीं स्क्रूटनी व कंपार्टमेंट में देरी पर छात्र मोर्चा ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की इंटरमीडिएट (12वीं) स्क्रूटनी के परिणाम और कंपार्टमेंटल परीक्षा में हो रही देरी को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा झामुमो छात्र संगठन ने शनिवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदीव्य कुमार को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि राज्य के अधिकांश विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा कई संस्थानों में सीटें लगभग भर चुकी हैं। ऐसे में स्क्रूटनी और कंपार्टमेंट के छात्रों का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद होने का खतरा पैदा हो गया है मोर्चा ने मंत्री से मांग की कि जैक के साथ समन्वय स्थापित कर इंटरमीडिएट स्क्रूटनी का परिणाम और कंपार्टमेंटल परीक्षा की प्रक्रिया जल्द पूरी कराई जाए। साथ ही राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को निर्देश जारी किया जाए कि स्क्रूटनी और कंपार्टमेंट के विद्यार्थियों के लिए परिणाम जारी होने तक विशेष नामांकन व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी छात्र-छात्रा का भविष्य प्रभावित न हो प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि परिणाम में देरी के कारण हजारों विद्यार्थी उच्च शिक्षा में प्रवेश से वंचित होने की स्थिति में हैं। इस पर मंत्री सुदीव्य कुमार ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्क्रूटनी का परिणाम जल्द जारी कराने तथा कंपार्टमेंटल परीक्षा आयोजित कराने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग और जैक के बीच समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि किसी भी विद्यार्थी का नामांकन केवल परिणाम में देरी के कारण न रुके। झारखंड छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि संगठन किसी भी कीमत पर छात्रों का एक वर्ष बर्बाद नहीं होने देगा। उन्होंने छात्र हित में सकारात्मक आश्वासन देने के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। वहीं जिला सचिव विशाल झा ने कहा कि कंपार्टमेंट और स्क्रूटनी के कारण जिन छात्रों का नामांकन अटका है, उन्हें कॉलेजों में प्रवेश दिलाने के लिए संगठन लगातार प्रयास करेगा इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रोहित मंडल, रौनक मिश्रा, जिला संगठन मंत्री बिट्टू कुमार, जेबा नाज, अंकित कुमार, जिला सह सचिव डब्ल्यू यादव, राज पांडे, रोहित गुप्ता, खुशबू कुमारी, रंजन वर्मा, सागर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# एसआईआर अभियान पर डीईओ-सह-डीसी की पैनी नजर, विशेष शिविरों का किया निरीक्षण

## गणना प्रपत्रों के संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का लिया जानकारी, मतदाताओं से किया संवाद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को डीईओ-सह-डीसी अजय नाथ झा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशेष शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर गणना प्रपत्रों के संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान केंद्र संख्या 267 एवं 271 (दिल्ली पब्लिक स्कूल), 281 से 285 (केंद्रीय विद्यालय) तथा 299 से 301 (बोकारो महिला कॉलेज) का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ से गणना प्रपत्रों के संग्रहण, डिजिटाइजेशन की प्रगति तथा शिविर के संचालन की जानकारी प्राप्त की। डीईओ-सह-डीसी ने शिविर में उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर उन्हें गणना प्रपत्र सही एवं पूर्ण रूप से भरकर जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए सभी पात्र मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि प्राप्त गणना प्रपत्रों का समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करें तथा कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखें। साथ ही अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर अभियान को सफल बनाने की दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य करें। निरीक्षण के दौरान ईआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, एईआरओ सत्यबाला सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# भेलवा टांड में एक व्यक्ति की मुख्यमंत्री कौशल विकास केंद्र में हत्या

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के भेलवा टांड में चल रहे मुख्यमंत्री कौशल विकास केंद्र में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। वहीं अनुसंधान में आये अनुमंडल पुलिस पुलिस पदाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या की गुथी बहुत जल्द ही सुलझा ली जायेगी। बताया कि बोकारो से आये सक्योड डॉग की भी जांच में मदद ली गई। साथ ही फॉरेनसिक टीम की भी मदद ली जा रही है। घटना स्थल पर जो भी चीजे मिल रही उन सभी की जप्ति सूची बनाई जा रही ही है। वहीं बताया कि मृतक कौशल विकास केंद्र में कुक का काम करता था और पुरुलिया का रहने वाला है। जिसका नाम गणेश कपरदार उम्र लगभग 45वर्ष है। हत्या की सभी पहलुओं को जाँच की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई। कौशल विकास केंद्र में रह रहे कैम्प मैनेजर संजीत कुमार सिंह ने बताया कि गणेश कपरदार हमारे यहाँ दो साल से कुक का काम कर रहे थे वही जब लंच के लिये मेस में ब्रेक फास्ट देखने गये तो देखा की कुक बेड के नीचे गिरा हुआ है इसकी सुचना अपने पदाधिकारी को दिया साथ ही पेटरवार थाने के प्रभारी को दिया। वहीं थाने प्रभारी दल बाल के साथ आये और जाँच चल रहा है है। वहीं इस घटना क्रम में आई ई एल थाना प्रभारी, तेनुघाट ओपी प्रभारी, कसमार थाना प्रभारी सहित पेटरवार थाना प्रभारी जांच में लगे हुऐ है वहीं मृतक के परिजन समाचार लिखें जाने तक नहीं पहुंचे है। वहीं गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो भी घटना स्थल पर पहुंचे और एस डी पी ओ रविन्द्र कुमार सिंह से वार्ता कर हत्या की जांच कर जल्द उदभेद करने की बात कही और अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही।



# एक कॉल,हर समाधान: बोकारो विधानसभा क्षेत्र के लिए 24×7 हेल्पलाइन नंबर जारी

## एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) प्राप्त करने, भरने एवं जमा करने से संबंधित सहायता अब चौबीसों घंटे उपलब्ध

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता की सुविधा एवं सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 24×7 हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इन हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से मतदाता किसी भी समय एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) प्राप्त करने, उसे सही तरीके से भरने तथा उससे संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता को अब तक एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर अपना फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, फॉर्म भरने में आने वाली किसी भी कठिनाई के समाधान के लिए भी इन नंबरों पर सहायता उपलब्ध रहेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मताधिकार केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। इसलिए जहाँ कहीं भी हों, यदि आप 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं, तो अपना एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) अवश्य प्राप्त करें, उसे सही एवं पूर्ण रूप से भरकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित बीएलओ को जमा करें। आपका एक छोटा-सा प्रयास यह सुनिश्चित करेगा कि मतदाता सूची में आपका नाम सही एवं अद्यतन बना रहे और भविष्य में आप अपने लोकतांत्रिक अधिकार का निर्बाध रूप से प्रयोग कर सकें।

24×7 हेल्पलाइन नंबर : 1950
9264441992
8292666522
7033305034

जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपने परिवार, पड़ोस और परिचितों को भी इसके प्रति जागरूक करें। एक जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव होता है। आइए, सभी मिलकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाएं।

# माइन क्लोजर के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं आजीविका योजना को मिलेगा नया आयाम

## डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में सीडीएलपी गतिविधियों के अंतिम रूप को लेकर की गई समीक्षा बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में माइन क्लोजर के अंतर्गत कम्युनिटी डेवलपमेंट एंड लाइवलीहुड प्लान (सीडीएलपी) की गतिविधियों को अंतिम रूप देने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीसीएल एवं बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी तथा पर्यावरण एवं माइन क्लोजर से जुड़े नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में काथारा एवं ढोरी क्षेत्र द्वारा प्रस्तावित सीडीएलपी गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने कहा कि माइन क्लोजर के तहत तैयार की जाने वाली योजनाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय के लिए स्थायी एवं सम्मानजनक आजीविका के अवसर सृजित करना होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि गतिविधियों का चयन क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप किया जाए, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके और लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके।



### प्रस्तावित गतिविधियों के पुनर्मूल्यांकन एवं संशोधित कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश

उपायुक्त ने काथारा, ढोरी एवं बीएंडके क्षेत्रों को निर्देश दिया कि वे बैठक में प्राप्त सुझावों के अनुरूप प्रस्तावित गतिविधियों का पुनर्मूल्यांकन करें तथा संशोधित कार्ययोजना अगली बैठक से पूर्व समिति को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि इससे सभी सदस्य प्रस्तावों का पूर्व अध्ययन कर सकेंगे, आवश्यक सुझाव दे सकेंगे तथा अगली बैठक में योजनाओं को प्रभावी एवं समन्वित ढंग से अंतिम रूप दिया जा सकेगा। मौके पर डीएफओ नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, वन पदाधिकारी संदीप शींदे, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, सीएसआर नोडल श्री शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

# अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में लैप्रोस्कोपिक से गॉलब्लैडर स्टोन का सफल ऑपरेशन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडलीय अस्पताल, बेरमो में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई। अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. अनिता मुर्मू की अध्यक्षता में पिछरी ग्राम पंचायत निवासी 56 वर्षीय महिला का गॉलब्लैडर स्टोन का सफल दूरबीन विधि से पित्ताशय निकालने का ऑपरेशन किया गया। इस जटिल शल्यक्रिया का सफल संचालन सर्जन डॉ. निशांत ने किया। ऑपरेशन के दौरान डॉ. अनीता मुर्मू का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ, जबकि एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. जितेन्द्र कुमार ने सफलतापूर्वक निभाई। ऑपरेशन थिएटर में ओटी असिस्टेंट रंजीत एवं सुनीता सहित एसडीएच बेरमो की पूरी टीम ने समर्पण एवं कुशलता के साथ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा तथा मरीज की स्थिति स्थिर एवं संतोषजनक है। मरीज को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है और शीघ्र स्वस्थ होकर घर लौटने की संभावना है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने पूरी चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में आधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होने से अब क्षेत्र के मरीजों को गॉलब्लैडर स्टोन जैसी बीमारियों के इलाज के लिए दूरस्थ अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय, धन और अनावश्यक परेशानी की बचत होगी तथा लोगों को अपने जिले में ही गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. अनीता मुर्मू ने कहा कि एसडीएच बेरमो में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भविष्य में भी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का प्रयास जारी रहेगा।



**पीड़ित महिला को मिली नई जिंदगी**

# दिहाड़ी मजदूर की बेटी पूनम ने नीट में मारी बाजी

## 582 अंक और 99.1375 परसेंटाइल के साथ हासिल की सफलता



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद की भूदा बस्ती की रहने वाली दिहाड़ी मजदूर की बेटी पूनम कुमारी ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि मंजिल पाने का जुनून हो तो आर्थिक तंगी आड़े नहीं आ सकती। एसएसएलएनटी और सीएम उत्कृष्ट गर्ल्स विद्यालय की छात्रा रही पूनम ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार, स्कूल और पूरे धनबाद का नाम रोशन किया है। धनबाद की रहने वाली पूनम कुमारी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 582 अंक, 99.1375 परसेंटाइल और ऑल इंडिया रैंक 16,972 हासिल की है। पूनम के पिता धरमू गोराई दिहाड़ी मजदूर हैं, जबकि मां पीपू देवी गृहिणी हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के बावजूद पूनम ने ऑनलाइन कोचिंग और लगातार मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया। इससे पहले वह सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक लाकर धनबाद जिला टॉपर भी रह चुकी हैं। पूनम का सपना भविष्य में कार्डियोलॉजिस्ट बनकर जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। पूनम की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। पूनम के भाई अजीत गोराई ने कहा कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनकी बहन ने मेहनत और आत्मविश्वास से यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए केवल मजबूत इरादों की जरूरत होती है। पूनम की यह सफलता उन हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो अभावों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

# कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने बीएलओ को सौंपा भरा हुआ गणना प्रपत्र

## कहा, समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराए

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 अभियान के तहत आज 35-बेरमो विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ. अनूप सिंह ने अपना विधिवत भरा हुआ गणना प्रपत्र संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर को सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।



### समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराए -

विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ. अनूप सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक पात्र मतदाता को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करते हुए समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का विवरण सही एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराएं तथा बीएलओ को आवश्यक सहयोग दें। इससे निर्वाचन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और प्रभावी बनेगी।

# आरएसएस की युवा संगोष्ठी में राष्ट्र निर्माण का संदेश, युवाओं को 'पंच परिवर्तन' अपनाने का आह्वान

## संगोष्ठी में सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों पर हुआ मंथन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को धनबाद में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आईआईटी आईएसएम के जीजेएलटी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े 20 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 223 युवाओं ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और संघ के 'पंच परिवर्तन' अभियान को लेकर युवाओं के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आईआईटी आईएसएम के प्रोफेसर धीरज कुमार ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए युवाओं की सकारात्मक भागीदारी पर जोर दिया। इसके बाद युवाओं ने राष्ट्र निर्माण और पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर मंचासीन पदाधिकारियों से सीधे संवाद कर अपने सवाल रखे। मुख्य वक्ता एवं क्षेत्र सामाजिक सद्भाव संयोजक राकेश लाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है और इस शताब्दी वर्ष में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध, सामाजिक समरसता, स्वदेशी जीवनशैली और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच प्रमुख विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ संस्कार और देशभक्ति भी उतनी ही जरूरी है, तभी आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण संभव होगा। संगोष्ठी में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन, समय प्रबंधन और स्वरोजगार जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। युवाओं से अपने घर और मोहल्ले से सामाजिक बदलाव, स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधारोपण और प्लास्टिक मुक्त जीवन की शुरूआत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवा ही राष्ट्र की रीढ़ हैं और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित युवाओं का निर्माण करना है। ताकि विकसित भारत की परिकल्पना पूरी हो सके।



# बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर कर्मचारियों की आमसभा, सार्वजनिक बैंकिंग बचाने के लिए संघर्ष का आह्वान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 57वें बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर रविवार को स्थानीय मिलन हॉल में बैंक ऑफ इंडिया इम्पलाइज यूनियन, झारखंड स्टेट के बोकारो अंचल की एक दिवसीय आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एस.के. अदक ने की। इसमें बोकारो एवं गिरिडीह जिले की विभिन्न शाखाओं से बड़ी संख्या में बैंककर्मी, विशेषकर महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष एस.के. अदक, महासचिव दिनेश झा लल्लन, उप महासचिव उमेश कुमार दास, एस.एन. दास, संगठन सचिव राकेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सहायक सचिव साकेत कुमार शर्मा एवं राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण सहायक सचिव नुरेंद्र कुमार दास ने दिया, जबकि मंच संचालन संगठन सचिव राकेश मिश्रा ने किया। मुख्य वक्ता फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के अखिल भारतीय महासचिव एवं बैंक ऑफ इंडिया इम्पलाइज यूनियन, झारखंड स्टेट के महासचिव दिनेश झा लल्लन ने बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीयकरण से बैंकिंग सेवाएं आम लोगों तक पहुंचीं, रोजगार के अवसर बढ़े तथा कर्मचारियों को बेहतर सेवा शर्तें और सम्मानजनक वेतन मिला। उन्होंने कहा कि 1991 की नई आर्थिक नीति के बाद सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के प्रयास लगातार हो रहे हैं, जिनका कर्मचारी संगठनों ने लगातार विरोध किया है। उन्होंने कहा कि बैंकों में जमा धन जनता की पूंजी है और इसकी सुरक्षा सार्वजनिक व्यवस्था में ही संभव है। उन्होंने कर्मचारियों से संगठन के नेतृत्व में एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान करते हुए कहा, "ज्ञानार्जन के साथ एकताबद्ध संघर्ष ही अपने अधिकारों की रक्षा और हक हासिल करने का एकमात्र रास्ता है।" उन्होंने शाखा स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने पर जोर दिया। अध्यक्ष एस.के. अदक ने कहा कि बैंक राष्ट्रीयकरण कर्मचारियों और आम जनता के लंबे संघर्ष का परिणाम है। इसे सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभा को उमेश कुमार दास, एस.एन. दास, राकेश मिश्रा, नुरेंद्र कुमार दास एवं राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप कुमार, इंद्रजीत चौधरी, परमहंस कुमार, जगन्नाथ दास, प्रियंका कुमारी, कृष्ण तिवारी, शिव शंकर भगत, शुभम दोस्त, दीपक कुमार, विनय कुमार, अजय कुमार, निवारण मंडल सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार लाल ने किया।




# एसआईआर अभियान के तहत लगाए गए विशेष शिविरों का किया निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की दोपहर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने मध्य विद्यालय झारुडीह, मिल्लत हाई स्कूल स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआइआर-2026 के तहत गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य के प्रगति का अवलोकन किया तथा उपस्थित बीएलओ एवं संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए डिजिटाइजेशन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बूथ पर मौजूद मतदाताओं से संवाद कर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी भी ली। साथ में मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद तथा झरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे 20 जुलाई को भी अपने संबंधित मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष शिविर में अवश्य पहुंचें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com